आज का मौसम | 41.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 05.38 | सूर्यास्त 06.47

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष दशमी 06:07 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2083

रविवार, 26 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 23, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये



बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी - 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- देश के शेयर बाजार का सफर लम्बा और उपलब्धियां विश्वस्तरीय - 12



जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले - 13



कैच पकड़ने के प्रयास में लुंगी एनगिडी हुए चोटिल - 14

## पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा कर दिल्ली कैपिटल्स को हराया



- लोकेश राहुल का विस्फोटक शतक काम न आया

**नई दिल्ली।** लोकेश राहुल की नाबाद 152 रन की पारी के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल के बड़े स्कोर वाले टी20 मैच में शनिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ सात गेंद शेष रहते छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कैपिटल्स ने दो विकेट पर 264 रन बनाए, लेकिन टीम के लचर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पंजाब किंग्स ने सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह की 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 36 गेंदों में नाबाद 71 रन की पारी से 18 .5 ओवर में चार विकेट पर 265 रन बनाकर सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का नया रिकॉर्ड कायम कर अपना अजेय अभियान जारी रखा। मौजूदा सत्र में यह टीम की सात मैचों में छठी जीत है। (संबंधित खेल पेज पर)

# बंगाल में मां काली व दुर्गा की पूजा करने से कोई नहीं रोक सकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/नादिया

- बंगाल में गरजे सीएम योगी, कहा- 4 मई को टीएमसी के गुंडों को नहीं मिलेगी छिपने की जगह
- ममता दीदी की चिंता, हिंदू अधिक हुए तो सड़कों पर कैसे होगी इफ्तारी



पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के नबद्वीप विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी।

प. बंगाल दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दो-टूक कहा कि ममता दीदी ने इसीलिए सीएए का विरोध किया था, क्योंकि उन्हें चिंता है कि हिंदू ज्यादा हो गए तो सड़कों पर इफ्तारी कैसे होगी। उन्होंने राज्य में अराजकता, माफियाराज और भ्रष्टाचार के लिए टीएमसी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अब बदलाव चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के मतदान में हुई घटनाओं से स्पष्ट है कि टीएमसी लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास नहीं करती। आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और प्रत्याशियों पर हमले हुए, लेकिन आगामी चार मई को परिणाम आने के बाद टीएमसी के गुंडों को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। नदिया जिले के नबद्वीप विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भाजपा उम्मीदवार श्रुति शेखर गोस्वामी के समर्थन में आयोजित जनसभा को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 'डबल इंजन सरकार' की वकालत करते हुए कहा कि इससे विकास कार्यों को गति मिलेगी और बंगाल को टेरर, माफियाराज और करप्शन से मुक्ति मिलेगी। कहा कि बंगाल में ममता दीदी दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन और हिंदुओं का विरोध करती हैं। जयश्रीराम बोलने पर प्रतिबंध लगाती हैं। कहा कि मां काली और मां दुर्गा की पूजा को कोई नहीं रोक सकता और इसके खिलाफ जनआंदोलन खड़ा होगा।

### मुख्यमंत्री योगी बोले- टीएमसी ने बंगाल के सामने पहचान का संकट खड़ा किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बंगाल ने भारत को सब कुछ दिया, फिर भी उसके साथ खूब छल हुआ। बंगाल की धरा पर जन्मे संतों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, समाज सुधारकों, वैज्ञानिकों व अन्य विभूतियों का नाम लेकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने कहा कि एक समय नबद्वीप और बंगाल ने भारत को पहचान दी, लेकिन आज उस बंगाल के सामने स्वयं पहचान का संकट खड़ा हुआ है। बंगाल में लैंड, सैंड, कैटल माफिया हावी हैं। टीएमसी के गुंडे दिल्ली से भेजे गए पैसे हड़प जाते हैं, लेकिन अब बंगाल जाग गया है। यहां कटमनी, अराजकता का खेल समाप्त होगा।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सीएआरआई एशिया के पोल्ट्री हब की गौरवगाथा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

☞ www.amritvichar.com

# अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले लौटे ईरानी विदेश मंत्री, अधर में वार्ता

## अराघची ने पाकिस्तान को शर्तें सौंपी, अमेरिकी डेलिगेशन आज पहुंचेगा

- ईरान के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की

इस्लामाबाद, एजेंसी



ईरान के विदेश मंत्री का स्वागत करते पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार।

अमरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की संघर्षविराम वार्ता अधर में पड़ती नजर आ रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची शनिवार शाम इस्लामाबाद से अमेरिकी अधिकारियों से बिना मिले ही लौट गए। उन्होंने अपने दौरे के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। रवाना होते वक्त पाकिस्तानी अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर विदाई दी।

अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की शर्तें और अमेरिकी मांगों पर अपनी आपत्तियां भी सौंप दी हैं। इसी बीच अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर जल्द इस्लामाबाद पहुंचने वाले हैं। लेकिन अराघची उनसे मिले बिना ही रवाना हो गए। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत करने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघेई ने कहा कि ईरान अपनी बात पाकिस्तान के जरिए ही अमेरिका तक पहुंचाएगा।

इससे पूर्व ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को पाकिस्तान के शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात की और क्षेत्रीय स्थिति तथा अमेरिका के साथ शांति वार्ता को लेकर चर्चा की। इस सप्ताह हालांकि अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर की संभावना कम होती नजर आ रही है। शुक्रवार को इस्लामाबाद पहुंचे अराघची ने शनिवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की। वार्ता के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। ईरानी दूतावास द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो के अनुसार, बैठक में ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई और ईरान के राजदूत रजा अमीरी मोघदम भी उपस्थित थे। अधिकारी ने कहा, ऐसा लगता है कि अराघची ने पाकिस्तान को ईरान की 'कुछ चिंताओं' से अवगत कराया है, जिन्हें इस्लामाबाद अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के आगमन पर उनके साथ साझा करेगा। यदि अमेरिका इन चिंताओं को दूर करने और कुछ समझदारी दिखाने के लिए सहमत होता है, तो बाद में इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का दूसरा दौर होगा। इससे पहले दिन में, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बगाई ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई बैठक आयोजित करने की योजना नहीं है। ईरान का पक्ष पाकिस्तान को बता दिया जाएगा।

### नाकेबंदी जारी रही तो कड़ा जवाब देंगे : ईरान

**तेहरान।** ईरान की सेना ने अमेरिका को चेतावनी दी कि अगर ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी जारी रही, तो वह जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार और प्रतिबद्ध है। हजरत खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने कहा कि देश की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए ईरानी सशस्त्र बलों के पास अब पहले से कहीं अधिक शक्ति और तत्परता है।

## ब्रीफ न्यूज

### 16 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी का भंडाफोड़ दो फर्जी निदेशक पकड़े

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने म्यूल बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और आठ दिनों के भीतर 16 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन का पता लगाने के बाद दो फर्जी निदेशकों को गिरफ्तार किया है। म्यूल बैंक खाते ऐसे बैंक खाते होते हैं, जिन्हें दूसरों के नाम से खुलवाया जाता है और जिनका इस्तेमाल अवैध तरीके से अर्जित धन के लेनदेन के लिए किया जाता है। आरोपी सोनू और अमिंदर एक प्राइवेट कंपनी के फर्जी निदेशक के रूप में काम कर रहे थे।

# अमेरिका में एच-1बी वीजा पर लग सकती है 3 साल तक रोक

वाशिंगटन, एजेंसी




- अमेरिकी संसद में पेश किया गया विधेयक, भारतीयों की नौकरी पर खतरा
- वजह अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के एक समूह ने कांग्रेस (अमेरिकी संसद) में एच-1बी वीजा कार्यक्रम को तीन साल के लिए स्थगित करने संबंधी विधेयक पेश किया है। रिपब्लिकन सांसदों का तर्क है कि इस कार्यक्रम का दुरुपयोग करके अमेरिकी कामगारों की जगह कम दाम में विदेशी कर्मी लाए जा रहे हैं। एरिजोना से सांसद एली क्रेन ने ''एंड एच-1बी वीजा एब्यूज एक्ट ऑफ 2026'' पेश किया, जिसे सात अन्य रिपब्लिकन सांसदों ने भी समर्थन दिया है।

विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में सुधारों का प्रस्ताव है, जिसमें वार्षिक सीमा को 65,000 से घटाकर 25,000 करना, न्यूनतम वेतन 2,00,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष निर्धारित करना और एच-1बी वीजा धारकों को आश्रितों को अमेरिका लाने की अनुमति नहीं देना शामिल है। कांग्रेस सदस्य ब्रायन बैबिन, ब्रैंडन गिल, वेस्ली हंट, कीथ सेल्फ (सभी टेक्सास से), एंडी ओगल्स (टेनेसी से), पॉल गोसर (एरिजोना से) और टॉम मैक्लिंटॉक (कैलिफोर्निया से) ने विधेयक के मूल सह-प्रायोजक के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां विदेशी कर्मियों को नियुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर एच-1बी वीजा कार्यक्रम का उपयोग करती हैं। प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कर्मचारियों और चिकित्सकों सहित भारतीय पेशेवर, एच-1बी वीजा धारकों के सबसे बड़े समूहों में से एक हैं। इस विधेयक में एच-1बी कार्यक्रम में बदलाव प्रस्तावित हैं, जिनमें लॉटरी प्रणाली को वेतन-आधारित चयन प्रणाली से बदलना, नियोक्ताओं के लिए इस बात को प्रमाणित करना अनिवार्य किया गया है कि उन्हें कोई योग्य अमेरिकी कर्मचारी नहीं मिल पा रहा है और उन्होंने छंटनी नहीं की है, एच-1बी कर्मचारियों को एक से अधिक नौकरियां करने से रोकना और तृतीय-पक्ष भर्ती एजेंसियों द्वारा उन्हें रोजगार देने पर प्रतिबंध लगाना शामिल है।

### भारतीयों कामगारों पर पड़ेगा असर

अमेरिका में काम करने वाले विदेशी श्रमिकों में सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है। इस बिल के अनुसार, जो लोग पहले से वहां हैं, उन्हें अपनी वीजा कैटेगरी बदलनी होगी या देश छोड़ना होगा। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जो भारतीय 20 साल से ग्रीन कार्ड के इंतजार में हैं, उनके लिए यह बिल एक संवैधानिक संकट खड़ा कर सकता है। यह बिल न केवल वीजा रोकने की बात करता है, बल्कि पूरी प्रक्रिया को बदलने का प्रस्ताव देता है। अगर यह रोक लागू होती है, तो वर्तमान में अमेरिका में रह रहे हजारों भारतीयों को या तो तुरंत देश छोड़ना होगा या फिर अपनी वीजा स्थिति बदलकर छात्र वीजा जैसे विकल्पों को अपनाना होगा।

# होमगार्ड भर्ती : दो लाख ने छोड़ी परीक्षा, अभ्यर्थी और तीन शिक्षक गिरफ्तार



बरेली : परीक्षा केंद्र में चेकिंग करते पुलिसकर्मी।

- यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा
- प्रदेश के 74 जिलों के 1053 परीक्षा केंद्र पर आयोजित थी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा तीन दिन में होनी है। शनिवार को पहले दिन प्रदेश के 74 जिलों के 1053 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में 2,08,210 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। शनिवार को कुल 8,44,066 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था, लेकिन कुल 6,35,856 ने ही परीक्षा दी। परीक्षा शुचिता को प्रभावित करने के प्रयास में एटा में एक अभ्यर्थी व कानपुर नगर में तीन सहायक शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया है।

भर्ती बोर्ड के अधिकारी के अनुसार शनिवार को सकुशल परीक्षा संपन्न करा ली गई है। रविवार व सोमवार को आयोजित होनी है। इसके लिए बोर्ड पूरी तरह से तैयार है। बोर्ड के अधिकारी के अनुसार एटा के डीएवी इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थी हाथरस निवासी तेजवीर सिंह जाली प्रवेश पत्र पर परीक्षा देने पहुंचा। जांच में सामने आया कि प्रवेश पत्र पर अनुक्रमांक, परीक्षा का समय, उपस्थिति का समय व अन्य जानकारी गलत है। छात्र को पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। उसके खिलाफ एटा के सकीट थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, कूटरचित प्रवेश पत्र तैयार करने वाले लोकवाणी जनसेवा केंद्र के संचालक की तलाश की जा रही है। वहीं, दूसरे अभ्यर्थी के प्रवेशपत्र के बारकोड को स्कैन कर गड़बड़ी की गई थी। बायोमैट्रिक के दौरान डाटा मैच न होने पर आरोपी तेजवीर पकड़ा गया। कानपुर नगर में बीएनएसडी इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र में एनसीसी कक्ष में प्रतिबंधित इलेक्ट्रानिक डिवाइस को अनुचित प्रयोग के लिए छिपाकर रखा गया था।

# सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन

नई दिल्ली, एजेंसी



- अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की
- अर्थशास्त्री केवी राजू, एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल

सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन करते हुए अशोक कुमार लाहिड़ी को वाइस चेयरमैन तथा पांच पूर्णकालिक सदस्यों की नियुक्ति की है, जिनमें अर्थशास्त्री केवी राजू, एम्स के निदेशक एम श्रीनिवास और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने लाहिड़ी और वैज्ञानिक गोबर्धन दास और पूर्व कैबिनेट सचिव राजीव गौबा सहित नए पूर्णकालिक सदस्यों को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नीति आयोग भारत की नीतिगत संरचना में एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभरा है, जो सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने, सुधारों को आगे बढ़ाने और जीवन सुगमता को प्रोत्साहित करने का काम कर रहा है। यह विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और दीर्घकालिक रणनीतिक सोच के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। नियुक्ति के बाद लाहिड़ी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की। पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक लाहिड़ी भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार और 15वें वित्त आयोग के सदस्य रह चुके हैं।

# 'शीश महल' विवाद था दिल्ली हार की वजह : चड्ढा



- कहा- आप में काम करने की कोई जगह नहीं बची

**नई दिल्ली।** आप छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने शनिवार को कहा कि पार्टी छोड़ने वाले नेताओं ने डर के कारण नहीं, बल्कि संगठन के प्रति बढ़ती निराशा, मोहभंग और घृणा के कारण ऐसा किया है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास से जुड़े शीश महल विवाद का जिक्र करते हुए चड्ढा ने दावा किया कि यह विवाद 2025 के दिल्ली चुनावों में आप की हार का एक मुख्य कारण था। जिस भी सच्चे देशभक्त ने बड़ी उम्मीद के साथ अपने खून-पसीने से आप को सींचा था, वह या तो पार्टी छोड़ चुका है या छोड़ने की प्रक्रिया में है।

## धोखाधड़ी मामले में रहेजा डेवलपर्स के खिलाफ छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी से जुड़े मामले में रियल एस्टेट कंपनी रहेजा डेवलपर्स के परिसरों पर शनिवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई के तहत दिल्ली-एनसीआर में करीब सात परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं।

एजेंसी ने ऐसी ही जांच के तहत जून 2025 में भी कंपनी के परिसरों पर छापा मारा था। उन्होंने कहा कि कंपनी की परियोजना 'रहेजा रेवांता' में घर खरीदारों से धोखाधड़ी करने और फ्लैट नहीं दिए जाने के मामले में यह छापेमारी की जा रही है। कंपनी ने हालांकि इस परियोजना में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या धोखाधड़ी से इनकार किया है।

सुप्रीम आदेश | स्वास्थ्य सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर, कहा– राज्य तीन हफ्तों में बनाएं एक्शन प्लान

# आईसीयू के लिए एक समान हों मानक, कार्ययोजना करें तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी



उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाइयों) के लिए न्यूनतम मानकों को लागू करने के संबंध में एक वास्तविक और व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करें।

शीर्ष अदालत को बताया गया कि गहन चिकित्सा सेवा की आपूर्ति करने वाले और संगठनों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए गए हैं, इनपर सहमति बन गई है। ये व्यावहारिक, कार्यान्वयन योग्य तथा आईसीयू के लिए न्यूनतम मानकों के रूप में आवश्यक हैं। न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमीनुल्ला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि इन दिशानिर्देशों की प्रतियां सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को भेजी जानी चाहिए। पीठ ने 20 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख अतिरिक्त मुख्य सचिव/सचिव सभी संबंधित विशेषज्ञों की बैठक बुलाएं ताकि दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन के लिए एक कार्ययोजना तैयार की जा सके। यह योजना वास्तविक व व्यावहारिक होनी चाहिए। शीर्ष अदालत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी।

### पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर प्राथमिकता दें

पीठ ने कहा कि शुरुआती चरण में पांच बुनियादी जरूरतों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता दी जाए। इनमें मानव संसाधन, प्रशिक्षित स्टाफ, उपकरण, लॉजिस्टिक्स और जरूरी ढांचे से जुड़े मुद्दे शामिल होंगे। साथ ही इन मानकों के पालन और निगरानी के लिए स्पष्ट व्यवस्था भी बनाई जाए। अदालत ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया तुरंत शुरू होनी चाहिए और पहली बैठक एक सप्ताह के भीतर आयोजित की जाए। संबंधित अधिकारी इस बैठक में व्यक्तिगत रूप से शामिल हों। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा तैयार रिपोर्ट भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग सचिव को भेजी जाएगी, जो उसे सभी राज्यों के साथ साझा करेंगे। इसके बाद एक संयुक्त बैठक कर अंतिम साझा मसौदा तैयार किया जाएगा।

### भविष्य की जरूरतों को देखते हुए नर्सिंग स्टाफ को करें प्रशिक्षित

सुनवाई के दौरान, सुझाव दिया गया कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए, नर्सिंग स्टाफ को विभिन्न स्थितियों से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि वे मरीज के साथ 24 घंटे रहते हैं, जबकि चिकित्सक समय-समय पर ही आते हैं। पीठ ने कहा, हम इस सुझाव का पूरी तरह समर्थन करते हैं, जो न केवल व्यावहारिक है, बल्कि अत्यंत आवश्यक भी है। लिहाजा, इंडियन नर्सिंग काउंसिल और पैरा मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया को प्रतिवादी के रूप में इस मामले में शामिल किया जाता है।

अमृत विचार

मुरादाबाद , रविवार,26 अप्रैल 2026



## न्यूज ब्रीफ

### मकान मालिक के लड़के और भतीजे ने पीट कर किया घायल

**बिलारी,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव मकान मालिक के लड़के और भतीजे ने ग्रामीण को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के बाद दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। नगर के मोहल्ला रहमतनगर के रहने वाले सुरेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है कि 24 अप्रैल को रात 2 बजे उसके कमरे में आकर मकान मालिक के लड़के मनोज व उसके भतीजे चंद्रप्रकाश ने लात घूसों से और लाठी डंडों से बुरी तरह से पीटा। जिससे उसके शरीर पर काफी चोटें आई। किसी तरह से उसने अपनी जान बचाई। अब आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। तहरीर के बाद पुलिस में आरोपी नगलिया जट निवासी मनोज व चंद्रप्रकाश पर मुकदमा दर्ज किया है।

### साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

**मनोटा, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मनोटा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से एक युवक की बाइक चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। थाना पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामद करने की मांग की है। गांव दबोई कला निवासी शिवराज सिंह का पुत्र कोशिंदर साप्ताहिक बाजार में घरेलू सामान खरीदने के लिए अपनी बाइक से मनोटा गया था। बाजार में पहुंचकर उसने अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी और सामान लेने के लिए अंदर चला गया।

### अघोषित विद्युत कटौती से किसान परेशान

**चंदौसी, अमृत विचार :** कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति उपखंड दारनी से की जाती है। पिछले कई दिनों से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति अस्त व्यस्त बनी हुई है। रात व दिन में बिना बताए कटौती की जाती है। इस अघोषित विद्युत कटौती से किसान व ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण क्षेत्र रात में दो-दो घंटे बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में गर्मी के कारण परेशान हैं। वहीं किसानों को सिंचाई के लिए ठीक समय से पानी नहीं मिल पा रहा है।

## पाकबड़ा चैरिटेबल ब्लड बैंक का आईएमए अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



पाकबड़ा चैरिटेबल ब्लड बैंक का उद्घाटन करते डॉ. सीपी सिंह और डॉ. यशवीर सिंह।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पाकबड़ा में ख्वाजा कॉलोनी स्थित दिल्ली रोड पर पाकबड़ा चैरिटेबल ब्लड बैंक का उद्घाटन आईएमए के अध्यक्ष डॉ. सीपी सिंह और भाजपा जिला उपाध्यक्ष यशवीर सिंह ने किया। ब्लड बैंक के डायरेक्टर यशपाल सैनी, मैनेजिंग डायरेक्टर कैलाश सिंह, संजीव सैनी कपिल कुमार सैनी उपस्थित थे।

विशिष्ट अतिथियों में डॉ. अतुल सैनी, राजीव पाल, गिरीश सैनी, सुशील सैनी, संजीव सैनी, राजेंद्र सिंह सैनी, विवेक सैनी भी उपस्थित थे। डायरेक्टर यशपाल सैनी ने बताया कि इस ब्लड बैंक के द्वारा स्थानीय जनता के इलाज में मदद मिलेगी। लोगों को रक्त के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

### देर रात हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से हुआ घायल, चार दिन पहले भी पलटी थी कार

## हादसा-दर-हादसा : प्रभात मार्केट पुल बना जानलेवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कटघर कोतवाली क्षेत्र में हनुमान मूर्ति से प्रभात मार्केट की ओर जाने वाला पुल जानलेवा साबित हो रहा है। इस पुल चार दिन में दो हादसे हो चुके हैं। शुक्रवार की देर रात दो बजे रफातपुर जा रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने गलत दिशा में आकर टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं चार दिन पहले एक कार पुल से नीचे गिरी थी। इसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

- परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के सड़क हादसे रोकने के दावे निराधार
- प्राइवेट वाहनों के चालकों की तेज रफ्तार भी हादसों के लिए बन रही जिम्मेदार

रफातपुर गांव का रहने वाला रोनेश शुक्रवार की देर रात मुरादाबाद से बाइक से अपने गांव जा रहा था। प्रभात मार्केट के पुल पर बीच में पहुंचा ही था कि अचानक तेज रफ्तार से गलत दिशा से आ रहे ट्रक चालक ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार वहीं गिर गया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ का फायदा उठाकर चालक ट्रक छोड़ कर भाग



ट्रक से टकराई बाइक। ● अमृत विचार

गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची कटघर पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आसपास के रहने वालों ने बताया कि प्रभात मार्केट से गुलाबबाड़ी होते हुए डियर पार्क तक का मार्ग लगातार हादसों के चलते "ब्लैक स्पॉट" का रूप ले चुका है।

चार दिन पहले कार पुल से नीचे गिर गई थी। इसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आए दिन हो रहे हादसों से क्षेत्रवासी दहशत में हैं।

उनका कहना है कि सड़क हादसे रोकने का यातायात पुलिस और परिवहन विभाग का दावा निराधार साबित हो रहा है। स्थानीय लोग बताते हैं कि सड़क संकरी होने, बढ़ते यातायात के दबाव और जल्द निकलने की होड़ से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। वाहन चेकिंग, बीच सड़क पर सवारियों को उतारने-बिठाने की अव्यवस्था, हनुमान मूर्ति तिराहे का विकास न होना तथा गुलाबबाड़ी से तिराहे तक अतिक्रमण भी जाम और हादसों को बढ़ावा दे रहे हैं।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा : पहले दिन प्रश्नों में उलझे अभ्यर्थी

### अभ्यर्थी बोले, होमगार्ड की बजाय दरोगा भर्ती जैसे प्रतीत हो रहे सवाल, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में आयोजित हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पहली पाली में 9,519 परीक्षार्थी हुए शामिल, 2,913 ने छोड़ी
- दूसरी पाली में 9,643 परीक्षा देने पहुंचे,2,789 अनुपस्थित रहे

**अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती परीक्षा के पहले दिन शनिवार को पहली पाली में 76.57 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। कुल 12,432 अभ्यर्थियों में से 9,519 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,913 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में छात्रों की 77.57 प्रतिशत दर्ज की गई है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक कुल 12,432 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 9,643 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,789 अनुपस्थित रहे। कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 9:30 बजे से अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश दिया गया,जहां पुलिस जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही परीक्षा में बैठने की अनुमति मिली।

होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर केंद्रों से बाहर आए अधिकांश छात्रों के चेहरे खिले थे, तो कुछ के चेहरे लटके मिले। कई परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र में सवालों को देखकर लगा कि परीक्षा होमगार्ड भर्ती की न होकर दरोगा भर्ती का



परीक्षा के बाद सामान लेने के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



आरएन इंटर कॉलेज से होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

हो। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकले अभ्यर्थियों के बीच प्रश्नपत्र के स्तर को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कुछ परीक्षार्थियों ने बताया कि होमगार्ड की परीक्षा के लिए बनाया प्रश्न पत्र अपेक्षा से अधिक कठिन था। प्रश्नों का स्तर काफी ऊंचा था और कई सवाल घुमावदार थे। विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (फेरा),1973 के स्थान पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) किस वर्ष में किया गया था ऐसे कठिन सवाल का होमगार्ड परीक्षा के लिए नहीं होने थे। यह परीक्षा होमगार्ड की बजाय दरोगा (एसआई) भर्ती जैसी प्रतीत हो रही थी। परीक्षा के 100 सवालों के 100 अंक दिए गए थे। परीक्षा बहुविकल्पीय ओएमआर शीट प्रश्न पत्र के उत्तर देने के लिए गई थी। निगेटिव मार्किंग न होने के कारण अधिकांश परीक्षार्थियों ने सभी सवाल हल किया। विशेष रूप से सामान्य ज्ञान और तर्कशक्ति से जुड़े प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को उलझाए रखा।

वहीं दूसरी ओर कई अभ्यर्थियों ने परीक्षा को संतुलित मानते हुए कहा कि प्रश्न सिलेबर्स के अनुरूप आया। उनके अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने अच्छी तैयारी की थी, उनके लिए पेपर आसान रहा और यह एक अच्छा अवसर साबित हो सकता है। प्रशासन की ओर से परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले अभ्यर्थियों की सघन जांच की गई।

प्रश्न पत्र आसान भी नहीं था लेकिन पढ़ाई करने वाले के लिए कठिन भी नहीं था। प्रश्न प्रत्र कई सवालों ने काफी देर उलझा रखा। तो कई सवाल आसान थे।



-संदीप यादव, बदायूं

मैने तो सोचा भी नहीं था कि होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए आया प्रश्न पत्र इतना कठिन होगा। पश्न पत्र में दरोगा की भर्ती जैसे सवालों को रखकर परीक्षा को कठिन बनाया गया है।



-सूरज सारस्वत, हाथरस



निरीक्षण करते एसपी रेलवे।

## एसपी रेलवे ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, देखी व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला ने शनिवार को उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा के सुचारु संचालन और अभ्यर्थियों तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुरादाबाद रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया।

उन्होंने इस दौरान प्लेटफॉर्म, होल्डिंग एरिया, सर्कुलेटिंग एरिया, ट्रेनों में प्रवेश और निकास पॉइंट, बुकिंग काउंटर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग, पैदल गश्त कर प्रभावशीलता एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## श्री कल्कि धाम में अनूठे विवाह ने तोड़ी जातीय सीमाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

- उत्तराखंड की बुक्सा जनजाति की युवती का पंजाबी युवक से हुआ विवाह

**अमृत विचार :** बदलते दौर में जहां विवाह समारोहों में दिखावा और आधुनिकता हावी होती जा रही है, वहीं श्री कल्कि धाम में संपन्न हुआ एक विवाह संस्कार अपनी सादगी, परंपरा और सामाजिक संदेश के कारण चर्चा का विषय बन गया। यह विवाह न सिर्फ वैदिक रीति-रिवाजों के अनुरूप हुआ, बल्कि सनातन एकता और सामाजिक समरसता का भी मजबूत संदेश दे गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस विवाह के लिए अपना शुभकामना संदेश भेजा है।

उत्तराखंड के काशीपुर निवासी संजय खन्ना के सुपुत्र ऋषभ खन्ना और रामनगर निवासी मंगल सिंह की पुत्री माही ने श्री कल्कि धाम में वैदिक मंत्रों और रामायण की चौपाइयों के बीच सात फेरे लेकर जीवन की नई शुरुआत की। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। इस विवाह की खास बात यह रही कि इसे उसी पावन स्थल पर संपन्न कराया गया, जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री कल्कि धाम की आधारशिला रखी गई थी।

वर पक्ष के परिजनों ने बताया कि उनकी इच्छा थी कि बेटे का विवाह इसी पवित्र स्थान पर हो, जिसे श्री कल्कि पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम के आशीर्वाद से साकार किया गया। विवाह समारोह की एक और विशेषता सामाजिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण रही। यह विवाह जाति व्यवस्था की परंपरागत सीमाओं को तोड़ने वाला उदाहरण बना।

## ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को होगा समाप्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से जिले के समस्त सहायक विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि आगामी 26 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। ऐसे में वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जारी पत्र के अनुसार ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि 25 मई तक ग्राम पंचायत खातों में उपलब्ध धनराशि के अनुरूप ही कार्य कराए जाएं, ताकि कार्यकाल समाप्ति के बाद किसी प्रकार का बकाया शेष न रहे और भुगतान को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। यदि किसी ग्राम पंचायत में भुगतान को लेकर विवाद या कानूनी स्थिति उत्पन्न होती है, तो संबंधित ग्राम पंचायत सचिव व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।

## टीएमयू सीटीएलडी के 25 छात्रों को मॉक ऑफर लेटर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टीएमयू के सेंटर फॉर टीचिंग लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी में विशेष मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट (सीटीएलडी) की ओर से विशेष मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव- सामर्थ्य बोध आयोजित किया गया। इसमें 25 विद्यार्थियों को चयन के बाद मॉक ऑफर लेटर दिए गए।

मॉक रिक्रूटमेंट ड्राइव के प्रथम चरण में लिखित मूल्यांकन परीक्षा में एप्टीट्यूड, रीजनिंग, वर्बल एबिलिटी, आईसीटी स्किल्स एवम् तकनीकी विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। इसमें 265 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि 77 ने इसे उत्तीर्ण कर ग्रुप डिस्कशन के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप डिस्कशन में विचारों की स्पष्टता, नेतृत्व क्षमता और संचार कौशल का मूल्यांकन किया गया। अंतिम चरण में तकनीकी और एचआर पैनल ने उम्मीदवारों का मूल्यांकन कर 25 विद्यार्थियों को मॉक जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया गया। इस दौरान डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह, लिटवर्क हैदराबाद के डायरेक्टर विनय सिंह आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षण के साथ-साथ कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। लिटवर्क हैदराबाद के डायरेक्टर विनय सिंह ने उद्योग की अपेक्षाओं, इंटरव्यू रणनीतियों और रोजगार कौशलों के बारे में जानकारी दी। कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्किल्स, एटीट्यूड और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता की कुंजी है।

## मूंढापांडे में पलटी बस, 40 घायल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूंढापांडे क्षेत्र में निजी बस चालक की लापरवाही से अनियंत्रित होकर बस पलट गई। हादसे में 40 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में बैठे यात्रियों के अनुसार चालक के स्थान पर हेल्पर बस चला रहा था। शुक्रवार की रात हुए हादसे ने परिवहन विभाग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों और जागरूकता अभियानों के बावजूद सड़क हादसे नहीं रुक रहे हैं।

शुक्रवार को कम किराये के लालच में बैठे 150 सवारियों से भरी प्राइवेट बस सीतापुर से हरियाणा के कुंडली जा रही थी। तेज रफ्तार स्लीपर बस रामपुर पार करते ही लहराने लगी थी। घबराए यात्रियों ने कई बार शोर भी मचाया, लेकिन चालक पर कोई असर नहीं हुआ और मूंढापांडे पहुंचकर बस पलट गईं। घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाने का सिलसिला देर रात तक



घायलों को एंबूलेंस से अस्पताल पहुंचाते स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

- 150 सवारियों से भरी बस का चालक नशे की हालत में सीतापुर से जा रहा था हरियाणा

जारी रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए थे। घायल यात्रियों ने जिला अस्पताल में पुलिस अधिकारियों को बताया कि चालक शराब के नशे में थे। वह बस को कंट्रोल नहीं कर पा रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नियमों के पालन को लेकर लापरवाही और निगरानी की कमी सामने आ रही है। वहीं दूसरी ओर, निजी बसों के संचालन पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि निजी बसें खुलेआम रोडवेज बस स्टैंड के आसपास से ही सवारियां भर रही हैं और मनमानी तरीके से संचालन कर रही हैं। तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग भी हादसों की बड़ी वजह बन रही है।

दर्दनाक | बच्चों की किलकारियों से गुलजार रहने वाली गलियों में छाई चुप्पी

## भटौला में दूसरे दिन पसरा रहा सन्नाटा, हर आंख नम

संवाददाता, सौंधन

**अमृत विचार :** संभल-मुरादाबाद मार्ग पर मैनाठेर थाना क्षेत्र में हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के दूसरे दिन शनिवार को भी भटौला गांव में मातम का माहौल कायम है। जिन गलियों में कभी बच्चों की किलकारियां, महिलाओं की बातचीत और लोगों की चहल-पहल गूंजती थी, वहां अब गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। पूरे गांव की रफ्तार जैसे थम सी गई है और हर चेहरे पर गम की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं।

हादसे में विनोद के परिवार पर टूटा दुख का पहाड़ पूरे गांव को झकझोर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी ऐसा मंजर नहीं देखा। लोग अब भी उस मनहूस



संभल के भटौला गांव की गलियों में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

सुबह को याद कर सिहर उठते हैं, जब एक ही झटके में खुशियां मातम में बदल गईं। गांव के हर घर में इस घटना की चर्चा है और कोई भी इस सदमे से उबर नहीं पा रहा है। गांव के लोग अपने-अपने घरों से कम ही बाहर निकल रहे हैं। रोजाना की चहल-पहल और रौनक की जगह अब खामोशी ने ले ली है। जिन रास्तों पर सुबह-शाम लोगों की आवाजाही रहती थी, वहां अब सन्नाटा छाया रहता है। छोटे-छोटे बच्चे भी इस माहौल को महसूस कर शांत नजर आ रहे हैं। विनोद के घर के बाहर अब भी लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। दूर-दराज के रिश्तेदार और परिचित लगातार पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन वहां का माहौल बेहद गमगीन है। परिजन अब भी इस गहरे सदमे से बाहर नहीं

- भात न्योतने के दौरान मुरादाबाद में हुए हादसे में चार की हुई थी मौत
- ट्रैक्टर ट्राली सवार 16 हुए थे घायल कई का अभी भी चल रहा इलाज

निकल पाए हैं। घर के अंदर से आती महिलाओं की सिसकियां और बाहर खामोश बैठे पुरुष इस दर्द को और गहरा कर देते हैं। ग्रामीण बताते हैं कि हादसे से पहले घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। घर में खुशियों का माहौल था, लोग हंसी-खुशी तैयारियों में जुटे थे, लेकिन अचानक हुए इस हादसे ने सब कुछ बदल दिया। खुशियों से भरे उस घर में अब सिर्फ मातम पसरा है। गांव में हर कोई दुखी है और एक-दूसरे को ढांढस बंधाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन इस अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं दिखती।

## घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपी गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट करने के मामले में थाना पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

ग्राम सलेमपुर निवासी राजीव चौहान एवं दूसरे पक्ष के मोहित में 15 अप्रैल को गाली गलौज हो गई थी। इसके बाद हमलावरों ने घर में घुसकर राजीव और उसकी मां को लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और जान से मारने की धमकी दी थी। थाना पुलिस ने राजीव चौहान की तहरीर के आधार पर पृथ्वी सिंह, सौरभ कुमार, लक्ष्य, मोहित कुमार सहित चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया था। पुलिस ने एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

## दावत से लौट रहे पांच युवकों से मारपीट, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- फायरिंग का आरोप, अजीमनगर थाने में मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद पुलिस चौकी से महज 500 मीटर की दूरी पर दबंगों ने दावत से लौट रहे पांच युवकों से जमकर मारपीट की। मामले में फायरिंग का आरोप भी है, हालांकि पुलिस ने फायरिंग के आरोपों गलत बताया है।

आरोप है कि पहले मोटरसाइकिल से जोरदार टक्कर मारी और फिर नीचे गिरे युवकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित युवकों की पहचान काशीपुर निवासी हमजा, मुहम्मद नबी, मुहम्मद शोएब, छुट्टन और आसिम के रूप में हुई है। घायलों के परिजनों ने बताया कि हमलावरों में गांव के ही बाबर, अजहर, भूरा, शोएब, उबैस, आसिम के साथ-साथ हकीमगंज के प्रधान का भाई वसीम उर्फ गांधी भी शामिल था। वारदात के दौरान एक युवक मुहम्मद नबी के पैर में गोली लगी है, जबकि अन्य चार युवक हमले में गंभीर रूप से चोटिल हुए हैं। घटना को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। चौकी के पास हुई इस सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घायलों को तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। अजीमनगर थाना प्रभारी कर्म सिंह पाल ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले से ही विवाद चला आ रहा है, मारपीट हुई है।

## पाकबड़ा में सपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पाकबड़ा में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का पार्टी के पदाधिकारियों ने शनिवार को माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया। रामपुर से नोएडा जाते समय समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल पाकबड़ा में मिष्ठान की दुकान पर रुके। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता स्वागत को पहुंच गए थे। समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, अखिलेश यादव जिंदाबाद, प्रदेश अध्यक्ष जिंदाबाद के नारे के बीच उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को बुके दिया। कुछ देर रुकने के बाद प्रदेश अध्यक्ष नोएडा के लिए रवाना हो गए। इस दौरान मौ. तकी नगर अध्यक्ष पाकबड़ा, लाखन सिंह सैनी, अमित प्रजापति मौजूद रहे।

## शहर में आज

- पुलिस लाइंस में पासिंग आउट परेड सुबह 8 :25 बजे।
- होमगार्ड भर्ती परीक्षा महानगर के केंद्रों पर सुबह 10 :00 बजे से।
- अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल इंडिया हेल्थ लाइन द्वारा निशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर ग्राम रामनगर का मझरा, निकट प्रेम वंडर लैंड सुबह 10 :30 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूलों का समय बदला सुबह 7:30 से 12:30 तक खुलेंगे स्कूल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अत्यधिक गर्मी और हीटवेव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जनपद के समस्त बोर्डों के विद्यालयों के समय में बदलाव का आदेश जारी कर दिया है। यूपी बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई, संस्कृत बोर्ड, मदरसा बोर्ड आदि से संबद्ध कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूल 27 अप्रैल (सोमवार) से अग्रिम आदेशों तक सुबह 7 :30 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक संचालित होंगे। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि इसकी सख्ती से पालना सुनिश्चित किया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी प्रधानाचार्यों को आदेश का अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले से छात्रों को दोपहर की लू से सुरक्षा मिलेगी। अभिभावक एवं शिक्षक संस्थानों से समय का पालन करने की अपील की गई है।

### टीएमयू में एग्रीकल्चर कॉलेज साइंसेज की कॉन्फ्रेंस कल से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विकसित भारत 2047 के मद्देनजर सतत विकास लक्ष्य-एसडीजीएस पर केंद्रित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 27 अप्रैल से मेडिकल लेक्चर थियेटर में आयोजित होगी। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में सतत कृषि, जलवायु परिवर्तन, जल प्रबंधन एवं ग्रामीण विकास जैसे विषयों पर मंथन होगा। कॉन्फ्रेंस में व्याख्यान, तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा, पोस्टर्स प्रस्तुति आदि होंगे। कॉन्फ्रेंस में मेहमान प्रोसिडिंग का विमोचन भी करेंगे।

### नहीं काम आ रहे अंकुश के उपाय, सिविल लाइंस क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 227

# खतरनाक स्थिति में पहुंचा महानगर में वायु प्रदूषण

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एक तरफ लोग भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। इसमें बढ़ता वायु प्रदूषण भी सिरदर्द बन रहा है। वायु प्रदूषण बढ़ने से लोगों को खुली हवा में सांस लेना मुश्किल हो रहा है। शनिवार को महानगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक सबसे अधिक 225 पीएम 2.5 रिकॉर्ड किया गया। वहीं अन्य मोहल्लों में भी सूचकांक अनहेल्दी श्रेणी में रहा।

नगर निगम के द्वारा क्लीन मुरादाबाद, ग्रीन मुरादाबाद की संकल्पना को बढ़ता वायु प्रदूषण मुंह चिढ़ा रहा है। आए दिन महानगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई)बढ़ने से साफ हवा पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। शनिवार को भी महानगर में वायु गुणवत्ता सामान्य से काफी अधिक खतरनाक श्रेणी तक पहुंचा। सिविल लाइंस क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक 227 पीएम 2.5 रिकॉर्ड किया गया। जबकि चक्कर की मिलक में एक्यूआई 188, चौधरपुर में 179, हरथला में 183, हयात नगर में 198, कांशीराम नगर में 184, खुशहालपुर में 181, कोठीवाल नगर में 195, लाजपतनगर में 189 और ट्रांसपोर्ट नगर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 193 पीएम 2.5 रिकॉर्ड किया गया। एक्यूआई अनहेल्दी श्रेणी में होने से सांस व दमा की बीमारी वाले मरीजों की बढ़ मुश्किल बढ़ रही है। इस देखते हुए चिकित्सक सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं।



वायु प्रदूषण नियंत्रण को कराया जा रहा वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव।

- चक्कर की मिलक में अनहेल्दी श्रेणी में पहुंच गया एक्यूआई
- वायु प्रदूषण बढ़ने से खुली हवा में सांस लेना हो रहा मुश्किल



एक्यूआई मापन के लिए लगा डिजिटल मॉनीटर।

> नगर निगम क्षेत्र में वायु प्रदूषण को नियंत्रित कर क्लीन मुरादाबाद, ग्रीन मुरादाबाद की संकल्पना को आगे बढ़ाया जा रहा है। जहां भी एक्यूआई बढ़ने की जानकारी मिलती है उन क्षेत्रों में विशेष रूप से नियंत्रण के उपाय करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव पेड़-पौधों पर कराया जाता है। डिवाइडरों व सड़कों पर भी शोधित जल का छिड़काव कराया जाता है। ग्रीन बेल्ट का दायरा बढ़ाने के साथ जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने को अभियान भी चल रहा है। **-अभिषेक कुमार**, प्रभारी पर्यावरण अभियंता, नगर निगम

### वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण

महानगर में वायु प्रदूषण बढ़ने के प्रमुख कारणों में सड़कों पर उड़ती धूल, जगह-जगह आग लगने से उठ रहा धुआं व वाहनों से निकलने वाला हानिकारक धुआं बताया जा रहा है। आबादी के अनुपात में दिन प्रतिदिन वाहनों की संख्या बढ़ रहे है। इन वाहनों से निकलने वाला खतरनाक धुआं लोगों की सांसों को संकट में डाल रहा है।

### ई-कचरा जलाने से भी वायु प्रदूषण पर असर

जिले में कई जगहों पर ताजपुर, छड़ियों का मैदान, बरवलान, लालबाग, वारसी नगर, जामा मस्जिद, ट्रांसपोर्ट नगर करुला आदि क्षेत्रों में अवैध रुप से ई-कचरा जलाया जा रहा है। इस पर अंकुश लगाने के उपाय प्रभावी न होने से लोगों को सांस संबंधित बीमारियां जैसे अस्थमा आदि बढ़ रही हैं।

### पीतल व एल्यूमीनियम गलाना भी पड़ रहा भारी

जिले में पीतल व एल्यूमीनियम गलाने के लिए कोयले की भट्ठियों का इस्तेमाल अभी भी धड़ल्ले से किया जा रहा है। जबकि सरकार की ओर से गैस आधारित भट्ठियों का प्रयोग करने पर जोर दिया जा रहा है। सरकार गैस भट्ठियों पर सब्सिडी भी दे रही है। फिर भी परंपरागत कारोबारी अभी पुराने तरीके से ही पीतल व एल्यूमीनियम गलाने का काम कर रहे हैं।

### वाटर स्प्रिंकलर से होता है पानी का छिड़काव

नगर निगम की ओर से वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए वाटर स्प्रिंकलर से पौधों व सड़कों के डिवाइडर पर पानी का छिड़काव कराया जाता है। साथ ही लोगों को पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया जाता है। फिर भी जागरूकता की कमी वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में आड़े आ रहा है।

# सबसे गर्म दिन, 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा पारा

### मौसम विभाग ने जताया पूर्वांचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पांच दिन तक छिटपुट बारिश का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** इस सीजन का सबसे गर्म दिन शनिवार रहा। दोपहर में तापमान 42 डिग्री को पार कर गया। इससे भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से लोग बिलबिला उठे। पंखा चलने के बाद भी पसीने से लोग तरबतर होते रहे। दोपहर में सड़कों पर चहल पहल काफी कम रहा। देर शाम तक लू चलता रहा। राहत पाने के लिए लोग छांव की तलाश करते रहे।

अप्रैल के महीने में सूरज की तपिश बढ़ने से लोग गर्मी से परेशान रहे। दूसरे पखवाड़े में सूरज मानों झुलसाने पर आमादा रहा। शनिवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। जब अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इससे लोग भीषण गर्मी और लू के थपेड़े झेलने को विवश हुए। दिन में लोग पसीने से तरबतर होते रहे। पंखा चलने के बाद भी पसीना टपकता रहा। जिनके घरों में कूलर व एयरकंडीशनर रहा वह राहत में रहे। मकानों की ऊपरी मंजिल पर रहने वालों को अधिक परेशानी हुई। कड़ी धूप से छत गर्म होने पर उन्हें अधिक गर्मी झेलनी पड़ी। दोपहर में कांठ रोड सहित कई अन्य सड़कों पर चहल पहल कम रही। सिविल लाइंस स्थित ग्रीन बेल्ट में दोपहिया व चार पहिया वाहन वाले गाड़ी रोक कर आराम करते रहे। जिससे उनके साथ गाड़ी के इंजन को भी कुछ देर कड़ी धूप में राहत मिले। तरबूज, आम का पना, नींबू पानी आदि का सेवन कर लोगों ने थोड़ी राहत पाई। वहीं देर शाम तक कॉलोनियों के पार्क भी सूने रहे। मौसम विभाग ने रविवार से 30 अप्रैल तक छिटपुट बारिश का अनुमान जताया है। इससे लोगों को फौरी तौर पर कुछ राहत मिल सकती है।

- लू के थपेड़ों ने लोगों को किया परेशान छांव तलाशते रहे लोग
- भीषण गर्मी से आज से 30 अप्रैल तक फौरी राहत के आसार


कड़ी धूप में ढककर बाहर निकलीं मां और बच्चा। • अमृत विचार

### भीषण गर्मी में सूख रहे लोगों के हलक, शहर में सार्वजनिक प्याऊ खराब

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक तरफ भीषण गर्मी से जहां लोग बेहाल हैं। वहीं दूसरों की प्यास बुझाने वाले महानगर के सार्वजनिक प्याऊ (वाटर पोस्ट) खुद सूखे पड़े हैं। ऐसे में लोगों को प्यास बुझाने के लिए दुकानों पर भटकना पड़ रहा है। अप्रैल में गर्मी चरम पर है। सूरज की किरणें मानों आग उगल रही हों। गर्मी में प्यास से बेहाल लोगों को खराब सार्वजनिक प्याऊ भी सहारा नहीं दे पा रहे हैं। निजी स्वयंसेवी संगठनों द्वारा सिविल लाइंस, कांठ रोड सहित कई अन्य जगहों पर लगवाए गए प्याऊ बदहाल हैं। किसी की टोटियां टूटी हैं तो कई जगह टोटी ही नदारद हैं, जिससे तेज प्यास लगने पर पहुंचने वाले निराश होकर लौट रहे हैं। वहीं जनप्रतिनिधियों के निधि से लगे वाटर कूलरों की स्थिति भी दयनीय है। कई जगह यह खराब पड़े हैं। आंबेडकर पार्क में पूर्व राज्यसभा सांसद के निधि से लगा वाटर कूलर (जल प्याऊ) खराब पड़ा है, जबकि सिविल लाइंस स्थित आंबेडकर पार्क में आए दिन धरना-प्रदर्शन के लिए विभिन्न संगठनों के लोग जुटते हैं। गर्मी में उन्हें प्यास बुझाने के लिए आसपास की दुकानों पर बोतलबंद पानी खरीदना मजबूरी होती है। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से महानगर के 10 सार्वजनिक स्थानों पर सोलर आधारित वाटर एटीएम शुद्ध व सस्ता पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाया गया है, लेकिन भीषण गर्मी पड़ने पर भी इसके रखरखाव में ढिलाई लोगों पर भारी पड़ रही है। कंपनी बाग के पास लगा वाटर एटीएम बंद रहा। कई अन्य जगहों पर लगे वाटर एटीएम भी समय समय पर खराब पड़े रहते हैं। जिससे 20 रुपये लीटर का बोतलबंद पानी लोगों को खरीद कर प्यास बुझाना पड़ता है, जबकि स्मार्ट सिटी की ओर से लगवाए वाटर एटीएम से लोगों को एक रुपये प्रति लीटर के हिसाब से शुद्ध पानी मिलता है। शीतल जल दो रुपये प्रति लीटर पड़ता है। केवल अपने पास से बोतल ले जाना पड़ता है, लेकिन सस्ता व शुद्ध पेयजल भी अनदेखी से मयस्सर नहीं हो रहा है।




### पश्चिमी विक्षोभ लगाएगा सूरज की तपिश पर ब्रेक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सूरज की तपिश पर पश्चिमी विक्षोभ ब्रेक लगाएगा। 27 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में वर्षा का दौर आरम्भ होकर पूर्वी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ने और इसके उत्तरोत्तर वृद्धि के साथ मई की शुरुआत तक जारी रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इसके चलते तापमान में तीन से पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की जा सकती है। जिससे 28 अप्रैल से लू की स्थितियों में सुधार होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को बांदा में अधिकतम तापमान रिकॉर्ड 47.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। निचले क्षोभ मंडल में आ रही गर्म पछुआ हवा के साथ आतंरिक महाराष्ट्र के आसपास बने प्रतिचक्रवात के प्रभाव से प्रदेश अधिकतम तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी के चलते प्रदेश में चल रही लू की तीव्रता बढ़ी।

जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 27 अप्रैल तक लू चल सकती है, इसलिए सावधानी बरतें।

# प्रदेश को 2027 तक मलेरिया मुक्त बनाने की ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व मलेरिया दिवस पर शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में मलेरिया उन्मूलन के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में उप मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रवीन श्रीवास्तव ने मलेरिया रोग के लक्षण, इलाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्साधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया उन्मूलन अभियान में पूर्ण सहयोग करने की शपथ दिलाई।

उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार 2027 तक उत्तर प्रदेश और 2030 तक पूरे देश को मलेरिया मुक्त करने के लिए सभी जिम्मेदारी निभाएंगे। उनके अनुसार पिछले साल जिले में 62 मलेरिया के रोगी चिह्नित थे। जिनका इलाज किया गया। इस साल जनवरी से अब तक जिले में एक भी मलेरिया का रोगी नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ समन्वय कर चला रहा है। इसमें मलेरिया सहित अन्य संचारी रोगों के बारे में जानकारी देकर उसके नियंत्रण व बचाव के उपाय भी विभाग की ओर से बताए जा रहे हैं।

### आरएसडी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आरएसडी एकेडमी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रामगंगा विहार फेज-दो में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारंभ आरएसडी समूह के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने किया। बीएससी नर्सिंग एवं जीएनएम के छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। डॉ. जी. कुमार ने मलेरिया की रोकथाम एवं उपचार के बारे में जानकारी दी। प्रशासनिक निदेशक डॉ. गरिमा शर्मा ने लोगों से बुखार आने पर तुरंत जांच कराने की अपील की। बताया कि तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द और थकान इसके शुरुआती लक्षण हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में रामेंद्र ने प्रथम, अरिबा ने द्वितीय और गौरांग कृष्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पूर्णतः हिंदू सनातनी क्षेत्र मुस्लिम मकान न खरीदें

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लाजपत नगर स्थित श्रीराम सोसायटी में धार्मिक आधार पर मकान बिक्री रोकने को लेकर विवादित पोस्टर लगाए गए हैं । लगभग 30 मकानों पर लिखा है ये पूर्णतः सनातनी सोसायटी है, यहां मुसलमान मकान न खरीदें'। निवासियों का कहना है कि कुछ मकान बिक्री के लिए हैं, लेकिन मुस्लिम खरीदारों से सांस्कृतिक व धार्मिक सौहार्द प्रभावित होगा।

सोसायटी में हिंदू परिवारों की संख्या अधिक हैं, जहां मंदिर में नियमित अनुष्ठान होते हैं। यहीं के रहने वाले राजेंद्र अग्रवाल ने बताया,"कुछ मकान स्वामी बेच रहे हैं, जिन्हें दूसरे समुदाय के लोग खरीदने का प्रयास कर रहे हैं। भाईचारा बनाए रखने के लिए निवेदन किया है कि मकान हिंदू को ही बेचें। इंद्रजीत गुलाटी बोले कि पूजा पद्धतियां अलग होने से विवाद संभव है इसलिए पोस्टर लगाए हैं। नीरज अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की मर्यादाओं का ध्यान रखें। सुरभि अग्रवाल ने प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।



पोस्टर लगाता कालोनी बाशिंदा।

- महानगर में पोस्टरों से तनाव निवासियों ने कहा- सौहार्द बनाए रखने को दिया संदेश

# 4941 प्रशिक्षु सिपाहियों की पासिंग आउट परेड आज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नौ माह की कठिन ट्रेनिंग पूरी करने वाले मुरादाबाद के छह प्रशिक्षण संस्थानों के 4941 प्रशिक्षु सिपाही रविवार को पासिंग आउट परेड में उतरेंगे। यूपी पुलिस भर्ती 2025 के चयनित 60,244 अभ्यर्थियों में से करीब 5,000 को यहां भेजा गया था, जहां 20 जुलाई 2025 से इनडोर-आउटडोर प्रशिक्षण चला। परिजनों के लिए पासिंग आउ परेड गर्व का पल होगा।

पुलिस लाइन में 955 रंगरूट की पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि डीजी ट्रेनिंग राजीव सभरवाल होंगे। जबकि पीटीएस में 1373 की पासिंग आउट परेड में डीआईजी यमुना प्रसाद, पीटीसी में 1455 महिलाएं एडीजी अमित चंद्र मुख्य अतिथि होंगे। जबकि 23वीं पीएसी में 442, 24वीं पीएसी में 339, नौवीं पीएसी में 277 महिलाएं शामिल होंगी। सभी परेड सुबह कराई जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करेंगे। नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि मैदानों पर डिस्प्ले लगाए गए हैं। सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परेड के बाद ये सिपाही प्रदेश की सुरक्षा में योगदान देंगे।


पासिंग आउट परेड की तैयारियां का जायजा लेते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

- 9 माह की कड़ी ट्रेनिंग के बाद यूपी पुलिस में शामिल होंगे 4941 नए जवान

## आत्मनिर्भरता

### चाय मैन्युफैक्चरिंग, आइसक्रीम फैक्ट्री, डिजिटल कोचिंग से खुद के साथ संवार रहे दूसरों का भविष्य

# नौकरी की दौड़ छोड़ खुद बॉस बन रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में युवा अपने सपनों को रंग भर रहे हैं। अब जिले के युवा नौकरी की कतार में लगने की बजाय कारोबार लगाकर बॉस बनकर खुद के साथ दूसरों का भविष्य भी संवार रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के 2312 युवाओं को योजना में बिना गारंटी और 100 फीसदी ब्याज मुक्त ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया है, जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 2700 युवाओं को योजना का लाभ मिलना लक्षित किया गया है।

योजना के अन्तर्गत उद्योग या सेवा क्षेत्र में काम शुरू करने के लिए अधिकतम 5 लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है। जिसमें चार साल में मूलधन अदा करने पर सरकार 10 प्रतिशत की सब्सिडी देती है।

योजना का लाभ उठाकर जिले के युवा चाय की मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल कोचिंग, योगा स्टूडियो और आइसक्रीम फैक्ट्री जैसे स्टार्टअप चला रहे हैं। प्रशासन व उद्योग विभाग का सहयोग उनकी राह आसान कर रहा है। इसके दम पर युवा पीढ़ी हर महीने लाखों रुपये मुनाफा कमा रही है। ग्रीन ऑर्किड, मंगूपुरा की रहने वाली 29 वर्षीय मुस्कान अग्रवाल ने आईआईटी और नीट टीचर की नौकरी छोड़कर खुद का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने चॉकलेट्स और फलों का अपना अनूठा स्टार्टअप 'चॉकोबेरी' शुरू किया। उद्योग विभाग से मिला ऋण उनके लिए आर्थिक संबल बना।

25 वर्षीय सचिन ठाकुर पहले सीमित संसाधनों में बच्चों को पढ़ाते थे, उनके पास डिजिटल बोर्ड, इन्वर्टर की सुविधा नहीं थी। योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने ऋण के लिए आवेदन किया। अब वह कोचिंग में आधुनिक डिजिटल बोर्ड लगाकर प्रतिमाह 50 से 60 हजार रुपये की आय प्राप्त कर रहे हैं।



हरथला के रहने वाले 26 वर्षीय मोहम्मद नूर ने यूट्यूब पर वीडियो देखने के बाद खुद का व्यवसाय करने की ठानी। यूको बैंक के माध्यम से पांच लाख रुपये का ऋण लेकर आइसक्रीम फैक्ट्री शुरू की। उन्होंने इसी साल मार्च में अपना काम शुरू किया है। उन्होंने छह से सात अन्य लोगों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने में मदद की है।



बुद्धि विहार की रहने वाली 33 वर्षीय स्वाति वर्मा ने योजना के माध्यम से अपना ''योगा स्टूडियो'' शुरू किया। सात महीने में ही वह 30 हजार रुपये आसानी से कमा रही हैं। उन्होंने इस कार्य में तीन लोगों को भी रोजगार दिया है।



ऑटो चालक की 21 वर्षीय बेटी स्नेहा पाल के पास खुद का सैलून खोलने के लिए पर्याप्त पूंजी नहीं थी। ऋण आवेदन में उन्हें तकनीकी दिक्कतें आईं। जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से की गई शिकायत का जिलाधिकारी कार्यालय और उद्योग विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान लेकर सहयोग और मार्गदर्शन दिया, जिससे ऋण स्वीकृत होने के बाद स्नेहा का सैलून चल रहा है। वह महीने में 40 हजार से एक लाख रुपये कमा रही हैं। साथ ही दूसरों के लिए भी सहारा बनी हैं।



- 5 लाख के ब्याज मुक्त लोन से 2312 युवाओं ने खड़ा किया अपना कारोबार
- युवा उद्यमी विकास योजना में 2700 और युवाओं को लोन देने का लक्ष्य तय

> मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के माध्मय से पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2312 युवाओं को बिना गारंटी और 100 फीसदी ब्याज मुक्त ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में 2700 और युवाओं को इस योजना का लाभ देने का लक्ष्य है। **-दीपेंद्र कुमार**, महाप्रबंधक, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र (डीआईसी)

बुद्धि विहार निवासी 26 वर्षीय मणि गुप्ता ने योजना में पांच लाख रुपये ऋण लेकर चाय मैन्युफैक्चरिंग कर रहे हैं। यूपी ग्रामीण बैंक से ऋण प्राप्त कर उन्होंने अपना सेटअप लगाया है। वह बताते हैं कि पंचायत भवन के जिगर मंच पर लगे स्टॉल में उन्होंने महज डेढ़ घंटे में 24 किलो चायपत्ती बेच दी थी। अब वह 'ब्लू टी' और इसे विदेशों में निर्यात करने की तैयारी में हैं। इस व्यवसाय से उन्हें हर महीने 40 हजार रुपये की आय हो रही है।



# निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदवाने की शिकायत

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** शहर के एक बुक डिपो पर निजी प्रकाशकों की किताबें चुनिंदा स्कूलों की शह पर खरीदने के लिए बाध्य करने की शिकायत कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर व अन्य पदाधिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में सदर तहसील में उप जिलाधिकारी डॉ. राममोहन मीना को पिछले दिनों दी थी। साथ ही अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह को भी शिकायती पत्र दिया गया था।

इसके बाद कांग्रेस के जिला प्रवक्ता सुधीर पाठक ने मामले की शिकायत छह अप्रैल को मुख्यमंत्री पोर्टल पर की। कांग्रेस नेता का आरोप है कि जब एनसीईआरटी की किताबों को सभी स्कूलों में लागू करने का आदेश है और ये पुस्तकें किसी भी बुकसेलर से ली जा सकती हैं तो फिर निजी प्रकाशकों की किताबें विशेष बुक डिपो से खरीदने के लिए क्यों बाध्य किया जा रहा है।

# इटली में भारत के महावाणिज्य दूत से मिले ईपीसीएच अध्यक्ष


मिलान स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में मौजूद ईपीसीएच अध्यक्ष नीरज खन्ना।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईपीसीएच के अध्यक्ष नीरज खन्ना ने इटली में भारत के महावाणिज्य दूत लावण्या कुमार से मुलाकात की। इस दौरान निर्यात में सहयोग देने, विपणन गतिविधियों को बढ़ाने तथा इटली को भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को प्रोत्साहित करने पर चर्चा हुई।

इस दौरान चर्चा में इटली को डिजाइन-आधारित एवं उच्च मूल्य उत्पादों के एक महत्वपूर्ण बाजार के रूप में देखते हुए इतालवी खरीदारों के बीच भारतीय हस्तशिल्प की पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया गया।

ईपीसीएच के अध्यक्ष ने कहा कि विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ निरंतर सहयोग वैश्विक पहुंच को मजबूत करने और व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करना अहम है। उन्होंने बताया कि आईएचजीएफ दिल्ली मेला ऑटम 2026 के लिए विपणन व खरीदार प्रोत्साहन गतिविधियों को और सुदृढ़ करने पर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# संस्कृत बोर्ड : दसवीं में मालिया और 12वीं में शीबा जिले में टॉपर

## शुक्रवार रात को जारी किया गया परिणाम, जनपद के 170 विद्यार्थी थे पंजीकृत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की ओर से दसवीं और 12वीं का परिणाम शुक्रवार रात को घोषित कर दिया गया। परीक्षा परिणाम में दसवीं में मालिया और 12वीं में शीबा ने जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जनपद से कुल 170 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा के लिए पंजीकृत थे।

संस्कृत बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सार्वजनिक सेवाश्रम संउमा वि रेलवे रोड राजा का सहसपुर की छात्रा मालिया ने 700 में से 571 अंक मिले हैं। 81.57 फीसदी अंकों के साथ जिले में पहला स्थान पर रहीं। वहीं, 12वीं में बलदेव आर्य माध्यमिक संस्कृत विद्यालय बनवटा गंज की छात्रा शीबा ने 12 सौ में से 788 अंक प्राप्त किए हैं।

दसवीं की टॉप टेन में 11 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इसमें दूसरे स्थान पर छात्रा इरम ने 560 अंक, तीसरे स्थान पर हर्षिता ने 537 अंक, चौथे स्थान पर निशा ने 524 अंक, पांचवें स्थान पर रोशनी ने 517 अंक, छठवें स्थान पर आशिया परवीन ने 514 अंक, सातवें स्थान पर सोनम और आफरीन ने 512-512 अंक प्राप्त किए हैं। आठवें स्थान पर निशा परवीन को 505 अंक, नवें स्थान पर रिंकी को 504 अंक, दसवें स्थान पर रेहान को 503 अंक मिले हैं।

12वीं में दूसरे स्थान पर तनिष्का सिंह पारावार को 784 अंक, तीसरे स्थान पर हर्ष को 718 अंक, चौथे स्थान पर सूर्यांश पांडेय को 702 अंक, पांचवें स्थान पर आशुतोष झा को 698 अंक, छठवें स्थान पर अनुराग दिवाकर को 672 अंक, सातवें स्थान पर रिचा को 619 अंक, आठवें स्थान पर पुष्कर को 596 अंक, नौंवे स्थान पर रितिक सक्सेना को 580 अंक और दसवें स्थान पर ज्योति कश्यप को 569 अंक मिले हैं।

### दसवीं की मेधावी

1. मालिया 571, 81.57 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालस, राजा का सहसपुर
2. इरम 560, 80 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालय राजा का सहसपुर
3. हर्षिता, 537, 76.71 फीसदी, बलदेव आर्य मा. सं. विद्यालय, बनवटा गंज
4. निशा , 524, 74.86 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालय, राजा का सहसपुर
5. रोशनी, 517, 73.86 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालय, राजा का सहसपुर
6. आशिया परवीन, 514, 73.43 फीसदी, शारदा सं. मा. विद्यालय, चौकी नागफनी
7. सोनम, 512, 73.14 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालय, राजा का सहसपुर
7. आफरीन, 512, 73.14 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालय, राजा का सहसपुर
8. निशा परवीन 505, 72.14 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालय, राजा का सहसपुर
9. रिंकी, 504, 72 फीसदी, शारदा सं.मा. विद्यालय, चौकी नागफनी

10 रेहान, 503, 71.86 फीसदी, सार्वजनिक सेवाश्रम सं.उ.मा. विद्यालय, रोड राजा का सहसपुर

### 12वीं के मेधावी

1. शीबा 788, 65.67 फीसदी, बलदेव आर्य माध्यमिक संस्कृत विद्यालय बनवटा गंज
2. तनिष्का सिंह पारावार 784, 65.33 फीसदी, शारदा संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चौकी नागफनी
3. हर्ष 718, 59.83 फीसदी, श्री रामकुमार सिंह माध्यमिक संस्कृत विद्यालय कांठ
4. सूर्यांश पांडेय 702, 58.50 फीसदी, बलदेव आर्य माध्यमिक संस्कृत विद्यालय बनवटा गंज
5. आशुतोष झा 698, 58.17 फीसदी, बलदेव आर्य माध्यमिक संस्कृत विद्यालय बनवटा गंज
6. अनुराग दिवाकर 672, 56. फीसदी, शारदा संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चौकी नागफनी
7. रिचा 619, 51.58 फीसदी, बलदेव आर्य माध्यमिक संस्कृत विद्यालय बनवटा गंज
8. पुष्कर 596, 59.67 फीसदी, बलदेव आर्य माध्यमिक संस्कृत विद्यालय बनवटा गंज
9. रितिक सक्सेना 580, 48.33 फीसदी, शारदा संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चौकी नागफनी
10. ज्योति कश्यप 569, 47.42 फीसदी, शारदा संस्कृत माध्यमिक विद्यालय चौकी नागफनी

# कांठ क्षेत्र में खेत में मिले तेंदुए के तीन शावक

संवाददाता, कांठ



जंगल में मौजूद तेंदुए के शावक।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर खुर्द में ग्राम भरतपुर मार्ग पर किसान के खेत में तेंदुए के तीन शावक मिलने से इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

क्षेत्र के ग्राम रायपुर खुर्द से ग्राम भरतपुर मार्ग पर स्थित निवासी वीर सिंह के खेत में तेंदुए के तीन शावक दिखाई दिए। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर तीनों शावकों को एक साथ देख लिया और तुरंत पुलिस व वन विभाग को सूचना दी। शावकों को देखने के लिए गांव में भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पीआरबी पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह, दरोगा अमरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचकर आसपास के क्षेत्र में काबिंग की। मादा तेंदुए के निशान तो देखे गए लेकिन वह अपने शावकों को छोड़कर कहीं दूर जा चुकी थी। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए बताया कि शावकों के आसपास मादा तेंदुआ होने की पूरी संभावना रहती है, जो कभी भी हमला कर सकती है। उन्होंने लोगों से दूरी बनाए रखने और सतर्क रहने की अपील की। डिप्टी वन रेंजर ने बताया कि खेतों में कटाई के कारण तेंदुए के शावक देखने को मिल रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। फिलहाल वन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# ट्रांसपोर्टर पर फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम सिरस्वां हरचंद के चौराहे पर रविवार की रात्रि बाइक से घर लौट रहे हैं ग्राम सिरस्वां हरचंद निवासी राजेश कुमार पर कुछ हमलावरों ने फायरिंग कर दी थी। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में सात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस पूर्व में तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है एवं शुक्रवार को दो आरोपियों सुनील यादव व दुष्यंत यादव को जेल भेजा गया है।

पूर्व में राजेश कुमार ने थाना नागफनी में आरोपी पक्ष के दस नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध फर्जी तरीके से ट्रस्ट बनाकर सिरस्वां हरचंद स्थित एक शिक्षण संस्थान को हड़पने व जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिससे आरोपी पक्ष उनसे रंजिश रख रहा था। आरोप है कि रविवार को राजेश कुमार मुरादाबाद से रात्रि में बाइक द्वारा अपने घर लौट रहे थे तभी सिरस्वां हरचंद के चौराहे पर हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी जिसमें राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में राजेश कुमार की तहरीर के आधार पर पूर्व ब्लाक प्रमुख पूरन सिंह एवं उनके पुत्र आकाश यादव एवं विशाल यादव, अमित यादव, राजेंद्र सिंह, सुनील यादव, दुष्यंत यादव के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस पूर्व में आरोपी आकाश यादव, पूरन सिंह व राजेंद्र सिंह को जेल भेज चुकी है एवं बृहस्पतिवार की रात्रि दो आरोपियों सुनील यादव व दुष्यंत यादव को गिरफ्तार किया गया जिन्हें शुक्रवार को जेल भेजा गया है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार:** नगर कांग्रेस कमेटी कुंदरकी के नगर अध्यक्ष शौकत अली के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिलारी को दिया गया। शनिवार को ज्ञापन देकर कहा कि नगर पंचायत कुंदरकी में विद्युत विभाग ने घरों पर पुराने मीटर हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं। जिनके बिल चार गुना से अधिक आ रहा है। उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत कुंदरकी में 90 प्रतिशत आबादी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करती है। जिसकी वजह से बच्चों को पालना मुश्किल हो रहा है। कहा कि स्मार्ट मीटर नहीं हटाए गए तो नगर कांग्रेस कमेटी व जनता एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन व धरना करेगी। मांग उठाई कि स्मार्ट मीटर को हटाकर पुराने पोस्टपेड मीटर लगाए जाएं।

# डींगरपुर में बेलगाम डंपर ने कार-बाइक रौंदी

संवाददाता, कुंदरकी



डींगरपुर चौराहे पर डंपर की टक्कर से फंसी कार।



हादसे के बाद जुटी भीड़।



डींगरपुर चौराहे पर डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल।

**अमृत विचार :** मुरादाबाद संभल हाईवे पर मैनाठेर थाना क्षेत्र में शनिवार को दूसरे दिन भी तेज रफ्तार डंपर बेलगाम होकर दौड़े। डींगरपुर चौराहे पर कार व मोटरसाइकिल को रौंद दिया, लेकिन गनीमत रही कि कोई जान नहीं गई। टक्कर से कार का पिछला हिस्सा चूर-चूर व बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार व बाइक सवार बाल-बाल बच गए। हादसा पुलिस चौकी से चंद कदम दूर दोपहर में हुआ। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। भीड़ ने हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत से वाहन हटवाकर यातायात बहाल किया।

बता दें कि एक दिन पहले शुक्रवार की सुबह इसी सड़क पर भात न्योतकर लौट रहे 22 लोगों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को डंपर ने टक्कर मारी थी, जिसमें चार लोगों की मौत व 14 लोग घायल हुए थे। कई अभी जिंदगी-मौत से जूझ रहे हैं।

- जाम लगते ही पुलिस चौकी के पास लोगों ने शुरू किया हंगामा

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध मिट्टी खनन के बिना नंबर प्लेट वाले डंपर चालक लापरवाही से तेज गति से दौड़ाते हैं, जिससे आये दिन हादसे हो रहे हैं। पूर्व में भी ऐसे वाहनों से कई जानें जा चुकी हैं।

### खनन माफिया दौड़वा रहे हैं डंपर, प्रशासन चुप

मैनाठेर रोड खनन वाहनों का अड्डा बन चुका है, जहां बिना नंबर के डंपर दिन-रात अवैध मिट्टी लादकर लापरवाह चालकों के हवाले दौड़ाए जाते हैं। शुक्रवार को बड़े हादसे के बाद शनिवार को फिर हादसा हो गया। लेकिन कोई हताहत नहीं। ग्रामीण खनन माफिया पर लगाम कसने की मांग कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन की नींद नहीं टूट रही। थाना प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह ने बताया कि डंपर को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# आंबेडकर प्रतिमा हटाने पर हंगामा

संवाददाता, कांठ



मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मुजफ्फरपुर टांडा में बिना प्रशासनिक अनुमति के बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात में ही प्रतिमा को हटाकर अपने कब्जे में ले लिया, जिससे अगले दिन ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

गुरुवार रात गांव के कुछ लोगों द्वारा पार्क में चबूतरे पर आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। शुक्रवार को दिनभर प्रतिमा वहीं रही लेकिन रात में इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की गई। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह व क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल भारी पुलिस बल के साथ देर रात गांव पहुंचे और ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रतिमा को हटाकर अपने कब्जे में ले लिया।

- मुजफ्फरपुर टांडा गांव में बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने का मामला

शनिवार सुबह प्रतिमा हटाए जाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए और विरोध जताया। सूचना पर एससी समाज के लोग और स्थानीय प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालते हुए प्रतिमा को ग्रामीणों को सौंप दिया और उसे एक कमरे में सुरक्षित रखकर स्थल को सील कर दिया। एहतियात के तौर पर गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक स्थल पर प्रतिमा स्थापित करना नियमों के विरुद्ध है जबकि ग्रामीणों ने प्रशासन से विधिवत अनुमति देकर प्रतिमा स्थापित कराने की मांग की है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस लगातार नजर बनाए हुए है।

# बैठक में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधार पर जोर

**कुंदरकी, अमृत विचार:** विकास खंड के ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी की अगुवाई में मासिक समीक्षा बैठक हुई। जिसमें प्रधानाध्यापक, संकुल शिक्षक, एआरपी व न्याय पंचायत प्रभारियों ने हिस्सा लिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने हर विद्यालय में हर महीने सौ प्रतिशत बच्चों का निपुण मूल्यांकन पूरा करने, दीक्षा एप, निपुण प्लस एप व शिक्षक डायरी के नियमित उपयोग पर सख्त निर्देश दिए। प्रेरणा पोर्टल पर छात्र सत्यापन, पुस्तक वितरण, युडाइज प्लस अद्यतन व आधार कार्ड पहचान पत्र बनाने के लंबित कार्य तत्काल निपटाने को कहा। सत्र 2026-27 में नए नामांकन बढ़ाने व कक्षा पांच व आठ पास बच्चों का छह व नौ में शत प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के आदेश दिए। विद्यालय कायाकल्प में रंगाई-पुताई, फर्नीचर व संयुक्त अनुदान के पारदर्शी उपयोग पर बल दिया।

# टीबी जांच कैंप में 97 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**कांठ, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के ग्राम पचोकरा व खलीलपुर कद्दीम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी (क्षय रोग) की रोकथाम एवं समय पर पहचान के उद्देश्य से विशेष जांच कैंप का आयोजन किया गया। पचोकरा व खलीलपुर कद्दीम में आयोजित कैम्प में कुल 97 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चैस्ट एक्स-रे भी कराए गए। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, इसके संक्रमण से बचाव तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# महिला मोर्चा का विपक्षी दलों के विरुद्ध प्रदर्शन

संवाददाता, बिलारी





नारेबाजी के साथ जूलूस निकालतीं महिला मोर्चा की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा में महिला आरक्षण बिल के खिलाफ विपक्ष द्वारा की गई वोटिंग और महिला आरक्षण का विरोध करने पर भाजपा महिला मोर्चा ने नारेबाजी कर जुलूस निकाला। पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। साथ ही विपक्ष की सपा और कांग्रेस की सरकार के खिलाफ आक्रोश दिखाया।

रविवार की दोपहर नगर के गांधी पार्क में बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की गायत्री कोहली, नामित सभासद गीता कोहली, गीता चौधरी के साथ बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी कार्यकर्ता एकत्र हुए जहां, उन्होंने महिला आरक्षण का विरोध करने पर विपक्ष की सपा और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिसके बाद उन्होंने गांधी मूर्ति से महाराणा प्रताप चौक तक नारेबाजी के साथ जुलूस निकाला। नामित सभासद गीता कोहली ने बताया कि भाजपा सरकार महिलाओं को बराबर की भागीदारी देना चाहती है ,यह विपक्ष की सपा और कांग्रेस की पार्टी को हजम नहीं हो रहा। उन्होंने बताया कि सपा और कांग्रेस बस अपने परिवार की महिलाओं को ही आगे बढ़ना चाहते हैं उन्हें अन्य और महिलाओं का आगे बढ़ना हजम नहीं हो रहा है। महिला आरक्षण का विरोध कर वह अपनी नियत दिखा चुके हैं। यह पार्टियों हमेशा से महिलाओं की विरोधी रही हैं, उनकी सरकारों में हमेशा महिला को दबाया और उनके साथ अत्याचार होते रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ,नामित सभासद मनोज ठाकुर, पूर्व सभासद निशा त्यागी आदि समेत बड़ी तादाद में महिला मोर्चा एवं भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### नारी शक्ति बंधन अभियान के अंतर्गत छात्राओं को किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा में नारी शक्ति बंधन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्राओं को नारी शक्ति बंधन अभियान के अंतर्गत छात्रों को संबोधित करते हुए आत्मविश्वास जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा एक विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया, इसका मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को बढ़ावा देना समाज में महिलाओं की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, सुन्दर सिंह, निशिकांत पाठक, दीपक सिंह आदि शिक्षक शिक्षकों के साथ-साथ सभी स्वयंसेविकाएं उपस्थिति रहीं।



### द्विदिवसीय क्रीड़ा समारोह व 'तरंग' युवा महोत्सव संपन्न

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय कांठ में द्विदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह 2026 एवं युवा महोत्सव 'तरंग' का समापन शनिवार को उत्साहपूर्वक हुआ। दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नजाकत हुसैन के द्वारा किया गया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ मुदित सिंघल ने कैरम प्रतियोगिता का आयोजन कराया जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। कैरम प्रतियोगिता में पायल, त्रिक्षा, सलोनी, विवेक कुमार, विपुल तथा असद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। द्विदिवसीय युवा महोत्सव तरंग का आयोजन दिनांक 24 व 25 अप्रैल को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नजाकत हुसैन तथा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ नौमी प्रिया के नेतृत्व में किया गया। तरंग कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, एकल गायन एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



### सड़क बदहाल होने से हादसे का खतरा बढ़ा

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पट्टी वाला मार्ग पर स्थित वीर अब्दुल हमीद गेट से एआर वेंकट हॉल तक जाने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है। कई वर्षों से मरम्मत न होने के कारण सड़क जगह-जगह से टूटकर खंडहर में तब्दील हो गई है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 10 वर्ष पूर्व तत्कालीन नगर अध्यक्ष द्वारा इस मार्ग पर गेट व सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन उसके बाद से अब तक न तो सड़क की मरम्मत कराई गई और न ही गेट की देखरेख की गई। समय के साथ सड़क की हालत लगातार खराब होती गई, जिससे अब इस मार्ग पर चलना भी जोखिम भरा हो गया है।



### थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ व छजलैट में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें सात फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। मौके पर किसी शिकायत का निस्तारण नहीं हुआ। एसडीएम ने सभी राजस्व निरीक्षक लेखपालों को शिकायतों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए एसडीएम संत दास पवार ने कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर इसकी निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद शिकायत का निस्तारण किया जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार योगेश चंद शर्मा, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल मौजूद रहे। थाना छजलैट में एसडीएम संत दास पवार की अध्यक्षता में हुए थाना समाधान दिवस पर दो शिकायतें राजस्व संबंधी आई।

## न्यूज ब्रीफ

### घरेलू कलह में व्यक्ति ने खाया जहर

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसी से आहत होकर उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। कुछ देर बाद उल्टियां शुरू हुईं और हालत बिगड़ने लगी। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने देखा तो उसके मुंह से झाग निकल रहा था। परिजन बिना देरी किए उसे निजी वाहन से सीएचसी मिलक लेकर पहुंचे। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। पेट वॉश कर जहर का असर कम करने की कोशिश की गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बासित अली ने बताया कि मरीज को गंभीर हालत में लाया गया था। जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। तुरंत भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। दवाइयों का असर हुआ है और अब उसकी स्थिति पहले से स्थिर बनी हुई है। फिलहाल अस्पताल में ही उपचार चल रहा है।

### रालोद की विचारधारा जनजन तक पहुंचाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रूहेलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू ने कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। जिला कार्यालय पर शनिवार को हुई बैठक में उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समाज में राष्ट्रीय लोकदल और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की विचारधारा को पहुंचाने के लिए संगठन के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। कहा कि शीघ्र ही राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की जनसभा मेरठ में होगी। बैठक में मुनाजिर हुसैन, नगर अध्यक्ष मंजू खान, क्षेत्रीय महासचिव महफूज खान, मसरूफ अली, गुड्डू कुरैशी, फरीद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### आज 4 घंटे के लिए बाधित रहेगी बिजली

**बिलासपुर, अमृत विचार :** स्थानीय विद्युत वितरण उपखंड के अंतर्गत आने वाले कई क्षेत्रों में रविवार को चार घंटे के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि उपखंड गोविन्दपुरा और बिलासपुर ग्रामीण के बीच लाइनों के रख-रखाव और पेड़ों की छंटाई होगी। जिसके चलते दोनों उपखंडों से जुड़ी लाइनों पर ग्यारह से दोपहर तीन बजे तक नियोजित शटडाउन लिया जाएगा। इस चार घंटे की समयावधि में मरम्मत कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से बिजली कटौती को ध्यान में रखते हुए अपने जरूरी काम समय से निपटा लें।

# दो पालियों में 4312 ने दी परीक्षा, 1256 अभ्यर्थी अनुपस्थित

## जिले में 11 केंद्रों पर हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, आज शहर में पांच हजार से अधिक अभ्यर्थी देने आएंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शनिवार को 11 केंद्रों पर दो पालियों में होमगार्ड परीक्षा हुई, इसमें पंजीकृत 5568 में से 4312 ने परीक्षा दी, जबकि 1256 अनुपस्थित रहे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि इन्हीं केंद्रों पर 26 और 27 अप्रैल को भी परीक्षा होगी। तीनों दिन की परीक्षा के लिए 16704 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

होमगार्ड परीक्षा की पहली पाली में 76.68 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि, 23.32 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक हुई। पहली पाली में 2784 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2135 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 649 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 2784 के सापेक्ष 2177 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 607 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा से पूर्व केंद्रों पर परीक्षार्थियों की पुलिस द्वारा सघन तलाशी ली गई। परीक्षा केंद्रों पर इतनी सघन तलाशी देख कुछ परीक्षार्थी घबरा गए। महिला परीक्षार्थियों के लिए अलग कतार लगवाई गई। परीक्षार्थियों के जूते और मोजे भी उतरवाकर देखा गया इसके लिए मेटल डिटेक्टर से भी परीक्षार्थियों को चेक किया गया। परीक्षा कक्ष में कक्ष निरीक्षकों के अलावा सीसीटीवी कैमरों से भी परीक्षार्थियों की निगरानी की गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर टेंट लगाकर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। एहतियात के तौर पर परीक्षा केंद्रों पर दमकल की गाड़ियां भी खड़ी करा दी गईं थीं। पहली पाली के लिए सुबह 9 बजे से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। दूसरी पाली में दोपहर 1:30 बजे से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए।



परीक्षा केंद्र पर तलाशी दिए जाने के लिए कतार में खड़ीं परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों की तलाशी लेते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



होमगार्ड परीक्षा में प्रश्न पत्र बहुत मुश्किल आया था उसके 55 नंबर प्रश्न में पूछा गया था कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना कब हुई थी। इसके अलावा पूछा गया कि पहला बिजनेस समिट कहां आयोजित हुआ था। यूपीएसई की तर्ज पर सवाल पूछे गए थे। -नरेंद्र



होमगार्ड परीक्षा पहली बार हुई है लेकिन, इस परीक्षा में प्रश्न बहुत कठिन पूछे गए थे। देशों की राजधानी और खेलों के पुरस्कार, विज्ञान, तकनीक, सामान्य ज्ञान, कानून से सम्बंधी प्रश्न पूछे गए थे। काफी हद तक प्रश्नों के सही उत्तर देने का प्रयास किया है। - संध्या



परीक्षा में काफी मुश्किल प्रश्न थे, सामान्य ज्ञान के प्रश्नों ने सिर चकरा दिया। एक प्रश्न में पूछा गया कि 1875 में पृथ्वी के उस भाग का वर्णन करने के लिए जो जीवन को समर्थन करता है बायोस्फीयर शब्द किसने गढ़ा। इस तरह के सवाल पूछे गए थे। - गरिमा सिंह



प्रश्न पत्र में विज्ञान के प्रश्न भी पूछे गए थे इन प्रश्नों की तैयारी नहीं की थी। सवाल नंबर 75 में पूछा गया कि फेफड़ों में कूपिकाओं एल्वियोली की सतह पर कौन सी प्रक्रिया होती है। इस सवाल का जवाब तुक्के से दिया है कि गैसों का आदान-प्रदान होता है। - उजमा

### डीएम, एएसपी परीक्षा केंद्रों का करते रहे निरीक्षण



**रामपुर :** उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। अधिकारी राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय रजा डिग्री कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे और केंद्र व्यवस्थापकों से निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण परीक्षा कराए जाने के निर्देश दिए। अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय रजा इंटर कालेज में बनाए गए कंट्रोल सेंटर पहुंचकर परीक्षा केन्द्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, पुलिस बल की तैनाती एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। ताकि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

**इन केंद्रों पर हुई परीक्षा :** राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज ककरौआ और राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर आंगा।

# अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, एक अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** अधिवक्ताओं ने एक अधिकारी के खिलाफ तीसरी बार मोर्चा खोलते हुए हड़ताल पर चले गए हैं। वकीलों ने अधिकारी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। बाद में उन्होंने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

तहसील स्थित लायर्स एसोसिएशन के कार्यालय में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने 27 अप्रैल तक तहसील स्थित सभी न्यायालयों के न्यायिक कार्यों से विरत रहने की घोषणा की। लायर्स एसोसिएशन के इस फैसले को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना ने भी समर्थन दिया। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार की अनुपस्थिति में तहसीलदार शिवकुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा। वकीलों का आरोप है कि एक अधिकारी विपरीत कार्यशैली और भ्रष्ट आचरण के कारण नियम, कानून एवं न्याय की मर्यादा भंग हो रही है। जिससे वकीलों और वादकारियों में आक्रोश है। उन्होंने अधिकारी का अविलंब स्थानांतरण करने की मांग की और उनके व उनके विभाग के उच्चस्तरीय जांच की मांग की। कहा कि सोमवार को पुनः बैठक कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर प्रवेश कुमार चौहान, हरीश चंद्र गुप्ता, संतोख सिंह खैहरा, नब्बू अली अंसारी, विमल सक्सेना, अनिल अग्रवाल, मोबीन अंसारी, गुलाम अहमद, मुनीश गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, आदिल खां, गौहर अली, अनूप गुप्ता, मयंक सिन्हा, विपुल जैन अधिवक्ता मौजूद रहे।

# महिलाओं को संवैधानिक अधिकार देने के पक्ष में नहीं विपक्ष

- महिला सम्मेलन में बोले उप्र कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा
- नारी शक्ति के समर्थन में भाजपा ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में चमरौआ ब्लाक में कार्यक्रम किया। आरक्षण को लेकर उप्र कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि विपक्ष महिलाओं को संवैधानिक अधिकार देने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने मीडिया को संबोधित किया, इसके बाद महिला सम्मेलन और पैदल मार्च में शामिल हुए।

प्रेसवार्ता में उप्र कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि संसद में 16 और 17 अप्रैल को हुए घटनाक्रम को देश की महिलाओं के साथ खुला अन्याय बताया। उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम और उससे जुड़े विधेयकों का विरोध कर विपक्षी दलों ने यह साबित कर दिया है कि वे महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार देने के पक्ष में नहीं हैं। जब महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी देने का ऐतिहासिक अवसर आया, तब विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते उसे रोकने का काम किया। प्रेस वार्ता के बाद उन्होंने महिला सम्मेलन में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यातिथि सुनील कुमार शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि मिलक विधानसभा विधायक राजबाला सिंह मौजूद रहीं। महिला सम्मेलन में उप्र कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को नीति-निर्माण में समान भागीदारी देना उनका अधिकार है, कोई उपकार नहीं। वहीं विधायक राजबाला सिंह ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने जमीनी स्तर से लेकर संसद तक महिलाओं को सम्मान और अवसर देने का कार्य किया है।




महिला सम्मेलन में बोलते कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

### पैदल मार्च में नारी शक्ति जिंदाबाद

सम्मेलन के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं द्वारा एक विशाल पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें नारी शक्ति जिंदाबाद, महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यह मार्च क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होता हुआ आगे बढ़ा, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने विपक्षी दलों के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करते हुए उनका पुतला दहन किया। भाजपा ने दोहराया कि वह महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें समान भागीदारी दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी। इस मुद्दे पर किसी भी विरोध का लोकतांत्रिक तरीके से कड़ा जवाब दिया जाएगा। संभल की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, ब्लॉक प्रमुख राजबाला, पारुल गुप्ता, शकुंतला लोधी, डोली रंधावा, पूजा शर्मा, स्फूर्ति जैन, श्वेता शर्मा, श्रेया मदान, मनु सक्सेना, जगपाल यादव, आकाश सक्सेना, विकास दीक्षित, प्रमोद आहूजा, प्रदीप गुप्ता, कुंवर बहादुर राजपूत, कृष्ण अवतार लोधी, अमित दिवाकर, आशीष गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लक्ष्मीनगर में जला ट्रांसफार्मर, 10 घंटे बिजली ठप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गर्मी से ट्रांसफार्मर हांफने लगे हैं और देखते ही देखते आग के शोलों में घिर जाते हैं। लक्ष्मीनगर के ट्रांसफार्मर में आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग में घिरे ट्रांसफार्मर को देखकर लोग इधर-उधर भागने लगे। एसडीओ एमबी सिंह बताते हैं कि लक्ष्मीनगर के ट्रांसफार्मर पर पक्षी गिरने के कारण आग गई, जिसके कारण करीब 10 घंटे बिजली ठप रही।

लक्ष्मीनगर के ट्रांसफार्मर में शाम को आग लगने की सूचना लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आनन-फानन में विद्युत विभाग के अधिकारी और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई और आग के लपटों से घिरे ट्रांसफार्मर की पानी की धार मारकर आग पर काबू पाया। इससे पहले आसपास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई। ताकि कोई बड़ा हादसा नहीं हो सके। आग लगने के कारण ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल गया। ट्रांसफार्मर में आग लगने के बाद दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाया गया। इस दौरान क्षेत्र की करीब 10 घंटे तक बिजली ठप रही। गर्मी के मौसम में बच्चों, बुजुर्गों और दुकानदारों को काफी परेशानी हुई। एसडीओ सिविल लाइंस ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर पक्षी गिरने के कारण एबीसी जल गए थे। उन्होंने बताया दूसरा ट्रांसफार्मर लगवा दिया गया है इस दौरान करीब 10 घंटे बिजली बाधित रही।



लक्ष्मीनगर में धू-धू कर जलता ट्रांसफार्मर।



11 हजार की लाइन का गिरा खंभा।

### पुराना गंज में 11 हजार की लाइन का गिरा खंभा

शहर के मोहल्ला पुराना गंज में शुक्रवार की रात 11 हजार की लाइन का खंभा गिरने से हड़कंप मच गया। लोगों ने तत्काल अधिकारियों को बिजली का खंभा गिरने की सूचना दी। इसके बाद क्षेत्र की बिजली बंद कर दी गई। शहर में नवाबी दौर के बिजली के खंभे लगे हुए हैं जोकि, नीचे से गल चुके हैं और नीचे गलने के बाद खुद ब खुद गिर जाते हैं।

# स्विमिंग पूल में नहाते समय युवक जख्मी

**शाहबाद, अमृत विचार :** बदायूं जनपद निवासी दिनेश शाहबाद क्षेत्र में अपने रिश्तेदारी में आया हुआ था। शनिवार को तेज गर्मी के चलते वह अपने दोस्तों के साथ चंदपुरा सालिस गांव स्थित एक स्विमिंग पूल में नहाने पहुंचा था। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से उसका सिर पूल में लगी टाइल्स से जा टकराया। हादसे में दिनेश के सिर में गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद दोस्तों ने तत्काल उसे निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उधर, स्विमिंग पूल संचालक ने अपने यहां इस तरह की किसी घटना से इनकार किया है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा बनी हुई है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भाकियू अंबावता से किसानों ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। किसानों की कर्ज माफी, गरीब किसानों को 300 बिजली फ्री, गन्ना किसानों को 500 कुंतल के हिसाब से भुगतान चीनी मिलों से कराने, आवारा पशुओं से किसानों के एवं किसानों की फसल को बचाव की मांग की। किसानों ने 7 सूत्रीय ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट सालिक राम को सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में मोहम्मद उमर अली, रईस अहमद, शरीफ अहमद, अशरफ अली, मोहम्मद गुलवेज, फरमान अली, इरफान अली, फरहत अली खान, शकील अहमद, शाकिर अली, हरपाल सिंह यादव, आरिफ अली, मुबारक हसन, रिजवान अली, मोहम्मद अहमद, इमरान खान, जगतार सिंह, जोरा सिंह, राजवीर, लियाकत खान, असलम, लखविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भाकियू अंबावता से जुड़े किसान। ● अमृत विचार

# मारपीट व गाली गलौज के मामले में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अस्दुल्लापुर में बृहस्पतिवार रात दुकान बंद कर घर लौट रहे युवक के साथ मोहल्ले के ही चार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मोहल्ला अस्दुल्लापुर निवासी पीड़ित राहुल गोस्वामी ने बताया कि 22 अप्रैल 2026 की रात करीब 10:30 बजे अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में मोहल्ले के ही सिद्धार्थ, संदीप गोस्वामी, नन्हू गोस्वामी और महेंद्र गोस्वामी ने उसे बिना किसी बात के रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। राहुल गोस्वामी ने जब इसका विरोध किया तो चारों ने लात-घूसों से मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन घायल राहुल को लेकर रात में ही कोतवाली पहुंचे और चारों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि वादी राहुल गोस्वामी की तहरीर के आधार पर आरोपी सिद्धार्थ, संदीप गोस्वामी, नन्हू गोस्वामी और महेंद्र गोस्वामी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

समझौता ज्ञापन | निदेशक बोले- आज का दिन रजा लाइब्रेरी के लिए गौरवपूर्ण

# वृंदावन शोध संस्थान, ख्वाजा मोइनुद्दीन विवि से एमओयू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रंग महल के सभागार में शनिवार को वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन, मथुरा तथा ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के बीच ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ है। इस अवसर पर तीनों संस्थानों के बीच अनुसंधान, अनुवाद, प्रदर्शनी, सेमिनार, संगोष्ठी एवं अन्य शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए सहमति दी गई। रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि आज का दिन रजा लाइब्रेरी के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है और यह उसके दीर्घकालिक स्वप्न की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

रजा लाइब्रेरी 7 अक्टूबर 1774 में स्थापित हुई और इसको 252वें वर्ष हो चुके हैं। दो शताब्दियों से अधिक के अपने इतिहास में इसने साहित्य, संस्कृति और ज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। लाइब्रेरी में जापान, कोरिया, यूरोप, अमेरिका और ईरान सहित अनेक देशों से शोधार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन, मथुरा के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने कहा कि लाइब्रेरी के निदेशक से हुई मुलाकात के दौरान ही इस समझौते की आधारशिला रखी गई थी और दोनों संस्थानों ने मिलकर कार्य करने का निर्णय लिया था। कहा कि वृंदावन शोध संस्थान वर्ष 1968 से कार्यरत है और वर्तमान में वहां 30,000 से अधिक पांडुलिपियों का संग्रह है, जो विभिन्न विषयों एवं भाषाओं में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि अब तक दोनों संस्थान अलग-अलग कार्य कर रहे थे, लेकिन इस एमओयू के माध्यम से संयुक्त प्रयासों से अधिक उत्कृष्ट परिणाम सामने आएंगे। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति डॉ. अजय तनेजा ने कहा कि यह समझौता इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने बताया कि यह एक बहुविषयी संस्थान है, जिसकी स्थापना 2014-15 में हुई और वर्तमान में सात संकायों के अंतर्गत लगभग 34 विभागों में पांच हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। भाषाओं के साथ-साथ विधि, अभियांत्रिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा एवं शिक्षा जैसे विषयों में भी अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। संचालन आस्था भारती ने किया।




समझौते के दौरान रजा लाइब्रेरी निदेशक, कुलपति डॉ. अजय तनेजा व अन्य अधिकारी।

### यह रहे मौजूद

वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन, मथुरा से निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी रजत शुक्ला, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ कुलपति डॉ. अजय तनेजा, डॉ. अब्दुल हफीज, डॉ. मोहम्मद अकमल, डॉ. आरिफ अब्बास, यूसुफ अयाज, हिमांशु, अरुण सक्सेना, सैयद तारिक अजहर आदि।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404
Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines
- Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
- Faculty of Management
Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD
Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee, visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

## न्यूज ब्रीफ

### रोडवेज के रिटायर्ड टीआई का था शव

**रामपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में चाय के खोखे पर अचानक गिरकर हुई अधेड़ की मौत हुई थी। उनकी शिनाख्त हो गई है। मृतक की पहचान मिलक कोतवाली के परतापुर निवासी पान सिंह (62) के रूप में हुई है। वो रोडवेज विभाग में रिटायर्ड टीआई थे। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उनके बेटे सत्यपाल को सौंप दिया गया, जिन्होंने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया। परिजनों ने बताया कि पान सिंह मानसिक रूप से परेशान थे और 20 अप्रैल की शाम घर से निकल गए थे। उनकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मिलक पुलिस को उनकी गुमशुदगी की तहरीर दी गई थी। शुक्रवार को पान सिंह स्वार कोतवाली के पास एक चाय के खोखे पर बैठे थे, तभी अचानक गिर पड़े। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



### पुलिस फोर्स न मिलने से शोभायात्रा स्थगित

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस फोर्स ना मिलने के कारण शनिवार की शाम को श्री बाला जी शोभायात्रा नहीं निकल सकी। अब शोभायात्रा 28 अप्रैल को शाम 6 बजे से शहर के मोहल्ला खारी कुआं से निकलेगी। शोभायात्रा के आयोजक राजीव नंदन ने बताया कि शोभायात्रा में 23 झांकियां शामिल रहेंगी। जोकि मीठा कुआं, खुर्मो वाली जियारत, राजद्वारा, मिस्टन गंज होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पहुचेंगी।

# मिस्टन गंज की 10 हजार आबादी पानी को तरसी

## पंप खराब होने से संकट, वार्ड 37 के सभासद दिनेश रस्तोगी ने पालिकाध्यक्ष को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के घनी आबादी वाले क्षेत्र मिस्टन गंज का पंप खराब होने से तीन मोहल्लों की करीब 10 हजार की आबादी बूंद-बूंद पानी का तरस गई है। लोगों ने बताया कि पिछले दिनों तक बीमार करने वाला पीला पानी आता रहा लेकिन, अब वह भी बंद हो गया है। वार्ड 37 के सभासद दिनेश रस्तोगी ने पालिका अध्यक्ष को पत्र लिखा है।

इसके अलावा पालिका अधिकारियों को समस्या का निस्तारण कराए जाने के लिए कहा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि 20 दिन में समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। ट्यूबवेल बंद होने से मोहल्ला कूंचा देवीदास, चाह इच्छाराम, मिस्टन गंज की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। लोग हैंडपम्प से पानी भर रहे हैं महिलाओं को काफी घरेलू काम करने में काफी परेशानी हो रही है। तपती गर्मी में पानी की किल्लत से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। सभासद ने बताया कि ट्यूबवेल पर तैनात कर्मचारी सुबह को आता है और ड्यूटी पूरी करके शाम को चला जाता है। उन्होंने बताया कि लोग गर्मी में पानी नहीं होने से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। करीब 10 हजार लोगों तक पानी इस पम्प से जाता है लेकिन, अब यह बंद हो गया है। इससे पहले रेता भी पानी के साथ जा रहा था। उन्होंने कहा कि इस मामले में 23 अप्रैल को उन्होंने एक पत्र पालिका अध्यक्ष को लिखा। इसके बाद पालिका के जेई का फोन आया। जेई ने कहा कि 15 से 20 दिन में पम्प का दुरुस्त करा दिया जाएगा। कहा कि इस समस्या को वह पालिका बोर्ड में भी उठा चुके हैं।



मिस्टन गंज में पालिका का खराब पम्प। ● अमृत विचार

मिस्टन गंज का पम्प कई दिन से खराब है जिसके कारण लोगों को तपती गर्मी में काफी परेशानी हो रही है। पालिका के अधिकारियों को कोई चिंता नहीं है। – अंशुल अग्रवाल



शहर के घनी आबादी वाले मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। लेकिन, पालिका अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली है, पालिकाध्यक्ष समस्या का समाधान कराएं। – प्रह्लाद अग्रवाल



करीब 10 हजार की आबादी बूंद-बूंद पानी को तरस रही है। गृहणियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। – शैलेंद्र अग्रवाल



इस समस्या को पालिका बोर्ड की बैठक में भी उठाया था। 23 अप्रैल को पालिकाध्यक्ष को भी पत्र लिखा है अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं। गर्मी में लोग परेशान हैं। – दिनेश रस्तोगी



# मामा-भांजी के साथ घर लौट रही बहन को डंपर ने कुचला

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई, जबकि मासूम समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुरादाबाद की कोतवाली बिलारी के गांव रामनगर गंगपुर निवासी सखावत अपनी बहन आसमीन (22) और छः वर्षीय भांजी जूबी के साथ बरेली के आंवला स्थित बड़ा राजपुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शनिवार को तीनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही उनकी बाइक शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव टांडा के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आसमीन की मौके पर ही मौत हो गई।



मृतका आसमीन।

### टैंक में गिरा दो साल का बच्चा, मौत

**रामपुर :** पहाड़ी गेट क्षेत्र में खुले पानी के टैंक में गिरने से 2 साल मासूम अफ्फान की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है। फैजी खान का 2 साल बेटा अफ्फान आंगन में खेल रहा था। अचानक खुले पानी के टैंक में गिर गया। बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो परिजनों की नजर पानी के टैंक पर पड़ी। जहां अफ्फान बेसुध पड़ा था।



# दढ़ियाल को हराकर इंडियन क्रिकेट क्लब टांडा बना चैंपियन

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के मनसब अली स्टेडियम में आयोजित रॉयल कप 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन एक बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। मैच में इंडियन क्रिकेट क्लब टांडा ने सलाफी क्रिकेट क्लब दढ़ियाल को 50 रनों के विशाल अंतर से हराकर टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय सलाफी क्रिकेट क्लब दढ़ियाल के लिए नुकसानदेह साबित हुआ। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंडियन क्रिकेट क्लब टांडा की टीम ने निर्धारित 14 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 144 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए माया ने 33 रन, उज़ैफ़ा ने 28 रन और जावेद लालू ने 27 रन का बहुमूल्य योगदान दिया।145 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दढ़ियाल की इंडियन क्लब की धारदार गेंदबाजी के सामने लड़खड़ा गई और महज 94 रनों पर सिमट गई। मुख्य अतिथि विधायक पुत्र उमैर शफीक अंसारी ने विजेता उपविजेता को पुरस्कृत किया।



विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि विधायक पुत्र उमैर शरीफ। ● अमृत विचार

# वन विभाग कार्यालय में हंगामा, 7 किसान नेताओं सहित 35 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● उप प्रभागीय वन अधिकारी ओम प्रकाश राम ने दर्ज कराया मुकदमा

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जिला वन अधिकारी कार्यालय में सरकारी काम में बाधा डालने और हंगामा करने के आरोप में सात नामजद और 30-35 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई उप प्रभागीय वन अधिकारी ओम प्रकाश राम की तहरीर पर सिविल लाइंस में मुकदमा दर्ज किया गया है।

तहरीर में उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल 2026 को वो और बरखा प्रशासनिक अधिकारी, गौरव सक्सेना उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, छाया रानी सक्सेना, वरिष्ठ सहायक, परमानन्द कनिष्ठ सहायक, जगदीश कनिष्ठ सहायक, पायल वनरक्षक, भवानी किरोला माली, लव कुमार, जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति रामपुर, शरीना जेआरएफ, दीपक सेठी न्यूवेकर्मी, जय प्रकाश गिरी न्यूवेकर्मी, नुमाईश ग्राउंड पनवड़िया स्थित कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग रामपुर में राजकीय कार्य कर रहे थे। दोपहर करीब 12:15 बजे भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष संजोर अली पाशा, सुहेल पाशा निवासी ग्राम नगली भगवंत थाना शहजादनगर, हनीफ, असब अली पाशा, जगदीश, राशिद, जाहिद व 30-35 अन्य व्यक्तियों के साथ वहां पहुंचे। धरना प्रदर्शन करते हुए लाउडस्पीकर के माध्यम से नारेबाजी करने लगे तथा इनके साथियों ने कार्यालय का मुख्य गेट भी बंद कर दिया। संजोर अली पाशा द्वारा प्रभागीय निदेशक महोदय को अपने कक्ष से बाहर आकर वार्ता करने के लिए कहा गया। इसके बावजूद वे लोग अपने रुख पर अड़े रहे और लगभग 2 घंटे तक नारेबाजी करते हुए अभद्रता की गई, जिससे कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा आम जनमानस को रास्ता अवरुद्ध होने के कारण बाधा उत्पन्न की। जिससे राजकीय कार्य भी प्रभावित हुआ। साथ ही शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हुई। मामले के बारे में सूचना प्रभागीय निदेशक महोदय, सामाजिक वानिकी प्रभाग, रामपुर द्वारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को सूचना दी गई। जिसके इसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस बल की उपस्थिति में प्रभागीय निदेशक से सन्जोर अली पाशा व उसके साथियों की वार्ता हुई तथा उनके द्वारा ज्ञापन दिया गया। इससे पहले संजोर अली पाशा पर अवैध कटान मामले में ट्रैक्टर ट्रॉली छुड़ाने के लिए दबाव का भी आरोप है। वन अधिकारी की तहरीर पर सात नामजद और 30-35 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वन विभाग कार्यालय में घुसकर नारेबाजी करने और सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।


# BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

## Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Granta Commission of India | Medical Council of India | Dental Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Association of Indian Universities | Where there is rural well being there is University Prosperity | Uttar Pradesh State Medical Faculty | NAAC

## ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
## CUET(UG/PG)-2026 Score Accepted

### ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 01 | Diploma- Medical lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 02 | Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 03 | Diploma Radiology Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| 04 | M.Sc. Medical Anatomy | MBBS, BDS, BAMS B.Sc. Nursing, B.Sc. Optom, B.Pharma, BPT, B.Sc. MLT, B.sc(Bio sc.) | 3 Year |
| 05 | M.Sc. Medical Biochemistry | | 3 Year |
| 06 | M.Sc. Medical Microbiology | | 3 Year |
| 07 | M.Sc. in Medical Pharmacology | | 3 Year |
| 08 | M.Sc. in Medical Physiology | | 3 Year |

### INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 09 | Diploma in Dental Hygenist | 10+2 (PCB) | 2 Year |
| 10 | Diploma in Dental Mechanics | 10+2 (PCB) | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 11 | D.Pharm/Diploma in Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 12 | B.Pharm/Bachelor of Pharmacy | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 13 | M.Pharm (Pharmaceutical Chem) | B.Pharm | 2 Year |
| 14 | M.Pharm (Pharmaceutics) | B.Pharm | 2 Year |
| 15 | M.Pharm (Pharmacology) | B.Pharm | 2 Year |
| 16 | M.Pharm (Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |

### FACULTY OF ALLIED & HEALTHCARE SCIENCES (PARAMEDICAL)

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 17 | Certification in Sanitation | 10+2(PCB/PCM) | 1 Year |
| 18 | Diploma in Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2(PCB/PCM) | 4 Year |
| 19 | Diploma in X-Ray Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 20 | Diploma in Dialysis Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 21 | Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 22 | Diploma in MRI Technician | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 23 | Diploma in Radiotherapy Technology | 10+2(PCB/PCM) | 2 Year |
| 24 | Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2(PCB | 5 Year |
| 25 | Bachelor Operation Theater Technician (BOTT) | 10+2(PCB/PCM)) | 4 Year |
| 26 | Bachelor of Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 27 | B.Sc. in Medical Laboratory Technician (BMLT/BMLS) | 10+2(PCB) | 4 Year |
| 28 | B.Sc. in Optometry (B. Optom) | 10+2(PCB/PCM) | 5 Year |
| 29 | M.Sc. in Clinical Embryology | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 30 | Master of Physiotherapy (MPT) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |
| 31 | Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### ROHILKHAND SCHOOL OF NURING/ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| | COURSE | Eligibility | Duration |
|---|---|---|---|
| 32 | B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| 33 | Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| 34 | Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) (Post Graduate Residency Progam) | B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 35 | M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing | B.Sc. Nursing/ Post Basic B.Sc. Nursing* | 2 Year |
| 36 | M.Sc. Nursing in Obsteric & Gynaecological Nursing | | 2 Year |
| 37 | M.Sc. Nursing in Child Health Nursing | | 2 Year |
| 38 | M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing | | 2 Year |
| 39 | M.Sc. Nursing in Community Health Nursing | | 2 Year |
| 40 | GNM | 10+2 with English | 3 Year |
| 41 | ANM | 10+2 | 2 Year |

### BIU COLLEGE OF MANGEMENT/HUMANITIES & JOURNALISM

| | | | |
|---|---|---|---|
| 42 | BBA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 43 | BBA (H) Finance & Taxation | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 44 | BBA (H) Business Intelligence & Data Analytics | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 45 | B. Com (Honors) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 46 | BCA | 10+2 in any Stream | 3 Year |
| 47 | BCA (H) Information Technology & Multimedia | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 48 | BCA (H) Artificial Intelligence & Data Science | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 49 | BCA (H) Artificial Intelligence & Machine Lear. | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 50 | BA (Journalism/Mass Communication) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 51 | BJMC (H) Bachelor of Journalism & Mass Communication | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 52 | BMM (H) Bachelor of Mass Media | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 53 | MJMC Master of Journalism & Mass Comm. | UG Any Stream | 2 Year |
| 54 | MHA (Master in Hospital Administration) | UG Any Stream | 2 Year |
| 55 | MPH (Master in Public Health) | UG Any Stream | 2 Year |
| 56 | MBA | UG Any Stream | 2 Year |
| 57 | MCA | UG Any Stream | 3 Year |
| 58 | M. Com | UG Any Stream | 2 Year |
| 59 | MA (Political Science) | UG Any Stream | 2 Year |
| 60 | MA (Journalism) | UG Any Stream | 2 Year |
| 61 | MA (Mass Communication) | UG Any Stream | 2 Year |
| 62 | MA (English) | UG Any Stream | 2 Year |
| 63 | MA (Psychology) | UG Any Stream | 2 Year |
| 64 | MA (Sociology) | UG Any Stream | 2 Year |

### FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| | | | |
|---|---|---|---|
| 65 | B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCM/PCB) | 3 Year |
| 66 | M.Sc Forensic Science | UG (Relevant Discipline) | 2 Year |

### FACULTY OF FINE ARTS

| | | | |
|---|---|---|---|
| 67 | Certificate in Photography | 10 Pass | 1 Year |
| 68 | Certificate in Cinematography | 10 Pass | 1 Year |
| 69 | Diploma in Cinematography (DIC) | 10 Pass | 2 Year |
| 70 | Diploma in Photography (DIP) | 10 Pass | 2 Year |
| 71 | Bachelor of Fine Arts (Film Making) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 72 | Bachelor of Fine Arts (Photography) | 10+2 in any Stream | 4 Year |
| 73 | Master of Fine Arts (Photography) | UG Fine Arts | 2 Year |

**Contact For More Information: 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153**

Add.: Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly - 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in


## न्यूज डायरी



### सैफनी में धूमधाम से निकाली गई आंबेडकर शोभा यात्रा

**सैफनी, अमृत विचार :** शनिवार को नगर में बाबा साहेब डॉ.भीम राव आंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा बैंड बाजे, डीजे के साथ बड़े ही हर्षोल्लास से निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ नगर के डॉ. अनीक बेग के चौराहे पर चेयरमैन फैजान खान द्वारा फीता काटकर किया गया। यात्रा में शामिल चंद्रेशखर आजाद, सरदार भगत सिंह, भगवान गौतम बुद्ध आदि की झांकियां शामिल रहीं। संविधान हाथ में लिए रथ पर बैठे बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की झांकी इन सब झांकियों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा मोहल्ला जाटवान, वाल्मीकि बस्ती, जयाप्रदा चौक, जोशियान मोहल्ला,शाहबाद बिलारी रोड, छितौनी रोड आदि मोहल्लों से होकर नगर के बस स्टैंड पर स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर जाकर संपन्न हो गई। शोभा यात्रा के बाद गोष्टी का आयोजन हुआ। शोभायात्रा में आंबेडकर युवक संघ के पूर्व शाखा अध्यक्ष राधेश्याम राही,अध्यक्ष मनोज कुमार एडवोकेट .,उपाध्यक्ष देवराज आजाद,महामंत्री रामाधार सिंह सागर आदि मौजूद रहे।



### विधायक ने रहमतगंज-चौहद्दा मार्ग के चौड़ीकरण का शिलान्यास किया

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी ने शनिवार देर शाम क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित संपर्क मार्गों के चौड़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने रहमतगंज वाया अलीगंज भूबरा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण की आधारशिला रखी। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े इस मार्ग के निर्माण को लेकर ग्रामीण लगातार मांग कर रहे थे। इसके साथ ही विधायक ने चौहद्दा संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का भी शुभारंभ किया। करीब 8 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की हालत भी काफी समय से खराब थी, जिससे लोगों को परेशानी थी। विधायक ने बताया कि इन मार्गों के निर्माण के लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग से लगातार प्रयास किया, जिसके बाद विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई और अब चौड़ीकरण कार्य शुरू हो गया है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दीपचंद गोयल, ग्राम प्रधान सुरेश कुमार दिवाकर, भारतीय किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सोहन सिंह मौर्य, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मोर्य डॉ महेश कुमार मौर्य सीतारामपुर के ग्राम प्रधान पति राजू सैनी अमित सैनी आदि रहे।




### कबड्डी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**बिलासपुर, अमृत विचार :** गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित अंतर-विद्यालयी कबड्डी चैंपियनशिप का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। शनिवार को केमरी मार्ग पर गांव ताल महावर स्थित विद्यालय परिसर आयोजित चैंपियनशिप में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं दमखम दिखाया, जिससे विद्यालय परिसर खेल के जोश से सराबोर नजर आया। चैंपियनशिप में लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल, सर्व संस्कृति स्कूल, जेके कॉन्वेंट स्कूल, गाइडेंस इंटरनेशनल स्कूल, जबकि मेजबान गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल की टीमों ने भाग लिया। मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए लीड इंडिया इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। सर्व संस्कृति स्कूल की टीम द्वितीय स्थान पर रही, जबकि मेज़बान गायत्री गर्ल्स इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी संतोष कुमार एवं जिला हॉकी कोच राजेंद्र सिंह रावत मुख्यातिथि रहे।



### श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से निकाली कलश एवं निशान यात्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर में श्री बालाजी पित्रेश्वर धाम के नवनिर्मित भवन का शुभारंभ महोत्सव के रूप में संपन्न हुआ। जिसके चलते श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। शनिवार की सुबह श्रद्धालुओं द्वारा कलश एवं निशान यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों और बाबा के जयकारों के साथ शोभायात्रा विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर रामपुर रोड होते हुए नवनिर्मित धाम पर पहुंची। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग जय श्री राम और बालाजी महाराज की जय के उद्घोष से गूंज उठा। धाम पर पहुंचने के पश्चात पुजारियों द्वारा विधि-विधान से पूजन संपन्न कराया गया। ब्रजघाट से आए पंडित नीरज चतुर्वेदी द्वारा मनोकामना हवन किया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ।समिति के सदस्यों ने बताया कि पिछले दो वर्षों से बाबा का दरबार आयोजित किया जा रहा था, जहां भक्तों की श्रद्धा और सहयोग से ही आज इस भव्य धाम की स्थापना संभव हुई है। पारस अग्रवाल, आशुतोष चौधरी, उपदेश गोयल, सपन अग्रवाल, हरीश गुप्ता आदि रहे।

ब्रीफ न्यूज

## थाना समाधान दिवस में छह शिकायतें दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को नगर स्थित कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में आए क्षेत्र वासियों की शिकायत वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार ने सुनी। थाना समाधान दिवस में मात्र छह शिकायतें दर्ज हुई जो सभी राजस्व विभाग से संबंधित थी। थाना समाधान दिवस में किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो पाया। वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वारा इन शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन किया और जल्द से जल्द शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना है जो देश की जनता को जल्द न्याय दिलाने के लिए शुरू की गई है। थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## आशा कार्यकत्री को पति व ससुरालियों ने पीटा

**सैदनगली, अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव एक आशा कार्यकत्री को उसके ही पति और ससुरालियों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव सब्दलपुर शर्की निवासी गाँव निवासी आशा कार्यकत्री मनोज पत्नी वीरपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह अपनी ड्यूटी के तहत टीकाकरण करने जा रही थी। इसी बीच उसके पति वीरपाल, ससुर कृपाल और सास सोना ने उसे रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे लात-घूसों और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। मां को बचाने आए पुत्र आयुष के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल कराकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवक ने की आत्महत्या करने की कोशिश

**गजरौला, अमृत विचार :** युवक ने पत्नी से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिवार वालों ने युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। युवक ने फंदा लगाने से पहले वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी अमित कुमार की शादी मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव चुचेलाकलां निवासी रेनू के साथ की थी। शादी के कुछ माह बाद से ही दोनों के बीच विवाद चला आ रहा है। जिसको लेकर अमित ने शनिवार को फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

## पहले दिन दोनों पालियों में 1791 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण


परीक्षा केंद्र में जाने को लगी अभ्यर्थियों की लाइन। ● अमृत विचार


अभ्यर्थियों की चेकिंग करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- होमगार्ड भर्ती परीक्षा के चलते शहर में कई स्थानों पर रहा जाम

**अमृत विचार:** जिले में होमगार्ड भर्ती परीक्षा शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सख्त निगरानी के बीच शुरू हो गई। जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां चेकिंग और स्क्रीनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। दोनों पालियों में पहले दिन 1791 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

शनिवार को होमगार्ड की परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा को लेकर पुलिस सुबह से ही सतर्क दिखाई दी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई, जिसके लिए अभ्यर्थी सुबह 8 बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां चेकिंग और स्क्रीनिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। पहली पाली में 4704 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3770 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 934 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में भी अभ्यर्थियों की अच्छी उपस्थिति देखने को मिली। इस पाली में 4704 में से 3847 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 857 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में कुल 1791 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। यह परीक्षा 26 और 27 अप्रैल को भी दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होगी। परीक्षा को नकलविहीन और


निरीक्षण करते डीएम नितिन गौड़, एसपी लखन सिंह यादव।


परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। एक केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से अधिकारियों की मौजूदगी में लगातार सभी केंद्रों पर नजर रखी जा रही है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ और यातायात व्यवस्था को नियंत्रित रखने के लिए प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों के आसपास रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है, जिससे जाम की स्थिति न बने।

वहीं कड़ी तलाशी प्रक्रिया के चलते परीक्षा केंद्रों के बाहर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें भी देखने को मिलीं। एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। हर केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। शनिवार को परीक्षा के पहले दिन डीएम नितिन गौड़ और एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराया जाएगा।

# थानाध्यक्ष विकास कुमार बने कॉप ऑफ द मंथ एसपी ने किया सम्मानित

संवाददाता, सैदनगली


विकास कुमार को सम्मानित करते एसपी।

**अमृत विचार:** जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रोत्साहन अभियान के तहत सैद नगली थानाध्यक्ष विकास कुमार को कॉप ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने उन्हें यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया।

पुलिस कार्यालय में आयोजित क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी लखन सिंह ने थानाध्यक्ष विकास कुमार को सम्मानित करते हुए उनकी सराहना की। बताया गया कि मार्च 2026 में विकास कुमार ने अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण और जनसुनवाई में प्रभावी भूमिका निभाई। उनके कार्यों के आधार पर उन्हें पूरे जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एसपी लखन सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के पुरस्कारों से पुलिस बल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने कहा कि विकास कुमार ने अपने क्षेत्र में जिस कर्तव्यनिष्ठा और तत्परता के साथ कार्य किया है, वह अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिकता है और इसी दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। इस मौके पर जिले के अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी विकास कुमार को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# कल्याण मंडप व आंबेडकर पार्क का निरीक्षण

- निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर दिया जोर
- विकास के सभी प्रोजेक्ट प्राथमिकता से पूरे किए जाएं

संवाददाता सैदनगली


निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री केपी मलिक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सैदनगली के वार्ड संख्या-01 महेन्दीपुर में निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय हॉल (कल्याण मंडप) और आंबेडकर पार्क का प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जनसुविधाओं से जुड़े प्रोजेक्टों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और तय समय सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, शुभम चौधरी, हिमांशु त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी, देवकीनंदन पाल, उमाशंकर गर्ग, सभासद वागेश चौधरी, अमित भाटी, राशिद अली समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

# शहबाजपुर में पेड़ पर बैठा नजर आया तेंदुआ, घेराबंदी

- तेंदुआ की आमद से परेशान हैं ग्रामीण, दहशत में जी रहे लोग
- वन विभाग ने लगाया पिंजरा ग्रामीणों से सतर्क रहने के निर्देश

संवाददाता डिडौली


तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा। ● अमृत विचार


मौके पर मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव में एक बार फिर तेंदुए की दहशत फैल गई है। शनिवार सुबह गांव के पास एक पेड़ पर तेंदुआ दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया।

ग्रामीणों के मुताबिक कुछ लोगों ने शनिवार की सुबह खेतों के पास एक ऊंचे पेड़ पर तेंदुए को बैठे देखा। पहले तो लोगों को यकीन नहीं हुआ, लेकिन जब आसपास के अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो तेंदुआ स्पष्ट रूप से नजर आया। इसके बाद तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही उप प्रभागीय वन अधिकारी नरेश कुमार जोशी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव वर्मा, हल्का प्रभारी उप निरीक्षक नेपाल सिंह और उप निरीक्षक यशवंत सिंह शामिल रहे। वन विभाग ने इलाके की घेराबंदी करते हुए ग्रामीणों को घरों में रहने और बच्चों को बाहर न निकलने की हिदायत दी। शाहबाजपुर निवासी जाहिद हुसैन के अनुसार, गांव के जंगल की ओर प्रधान सहरोज ने सबसे पहले आम के पेड़ पर तेंदुए को देखा था। ग्रामीणों की भीड़ जुटने पर तेंदुआ डरकर पास ही स्थित सेम के खेत में घुस गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने खेत को चारों तरफ से जाल से घेर दिया और एक ओर पिंजरा लगा दिया गया।

रेस्क्यू टीम मौके पर तैनात है और तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के प्रयास जारी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही की खबरें मिल रही थीं, जिससे ग्रामीण पहले से ही सहमे हुए थे। अब पेड़ पर तेंदुआ दिखने के बाद दहशत और बढ़ गई है। वन विभाग और प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने, बच्चों को अकेले बाहर न जाने देने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।


पेड़ बैठा तेंदुआ।

# प्रभारी मंत्री ने सीएचसी का किया निरीक्षण

- मरीजों से अच्छा व्यवहार करने बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

संवाददाता, हसनपुर


सीएचसी का निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री एवं अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने नगर स्थित सीएचसी का निरीक्षण कार्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्टाफ को शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए इसी के साथ प्रभारी मंत्री द्वारा मरीजों से भी वार्ता करके जानकारी की।

शनिवार को नगर स्थित सीएचसी का राज्य मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री केपी मलिक ने निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री केपी मलिक एवं अन्य जनपद निधियां का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री,विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, चेयरमैन राजपाल सैनी एवं मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वृक्षारोपण किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न सेवाओं का गहन अवलोकन किया। सर्वप्रथम उन्होंने ओपीडी कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, पंजीकरण कक्ष, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे रूम, पीएनसी रूम, औषधि वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जहाँ विभिन्न प्रकार की जांच सेवाएं संचालित पाई गईं। इसके अतिरिक्त डिस्पेंसरी में मरीजों की लगी लाइन का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मरीजों से दवाइयों के संबंध में पूछा गया कि उनसे कोई शुल्क तो नहीं लिया जा रहा है। मरीजों ने बताया कि उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेन्द्र सिंह, पार्टी पदाधिकारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## मलिन बस्ती का भ्रमण कर किया जनसंवाद

नगर पालिका हसनपुर की वार्ड 2 होली वाला मोहल्ला मलिन बस्ती का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घर पहुंचकर संवाद किया और पूछा कि किसी तरह की कोई दिक्कत तो नहीं आई। उन्होंने वहां साफ-सफाई और सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी। वही मालिन मस्ती में पहुंचने पर प्रभारी मंत्री का फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया, भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा बस्ती में सफाई पेयजल पद प्रकाश आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की और नगर पालिका प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों का असंतोष बढ़ता जा रहा है। शनिवार को बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप समाधान की मांग की।

महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनकी सहमति के बिना ही घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जिससे उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर में रिचार्ज कराने के बावजूद कई बार बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। महिलाओं का कहना है कि इस व्यवस्था का सबसे ज्यादा असर मजदूर वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। सीमित आय के कारण बार-बार रिचार्ज कराना उनके लिए कठिन हो जाता है।

वहीं, भीषण गर्मी के बीच बिजली और पानी की समस्या ने हालात को और गंभीर बना दिया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि स्मार्ट मीटर की जगह साधारण मीटर लगाए जाएं, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। साथ ही पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की भी मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने के बाद महिलाओं ने बताया कि उन्हें तत्काल कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला।


**कार्यालय नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)**

पत्रांक : 069/न.प.म./का.गौ.ए.वे.प.अ.यो./2026-27 दिनांक : 25.04.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत मसवासी जनपद रामपुर द्वारा अनुभवी फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कान्हा गौशाला/नगर निधि/रा.वि. से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निर्माण/विकास कार्यो हेतु ई-निविदा दिनांक 11.05.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते तथा विस्तृत विवरण ई-प्रोक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर है। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन मात्र की वैबसाइट http://etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

(आशुतोष सिंह) अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)

(दिनेश कुमार गोयल) अध्यक्ष नगर पंचायत मसवासी (रामपुर)

**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत केमरी जनपद-रामपुर**

पत्रांक : 545/न.पं.के./2026 दिनांक : 25.4.2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोर्ड बैठक में प्रस्ताव सं.-03, दिनांक 20.04.2026 को नव-निर्मित 10 दुकानों की नीलामी कराये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें 05 दुकाने सामान्य वर्ग हेतु 03 दुकाने पिछड़ा वर्ग हेतु एवं 02 दुकाने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित की गई है। उक्त दुकानों की नीलामी दिनांक 2.5.2026 दिन शनिवार को समय 3:00 बजे नगर पंचायत केमरी कार्यालय के सभागार में की जायेगी। दुकानों की नीलामी में भाग लेने से पूर्व निर्धारित जमानत राशि व आधार कार्ड जमा करने के पश्चात ही बोलीदाता को सार्वजनिक बोली में बोली बोलने का अधिकार होगा। बोलीदाता को जमानत धनराशि के रूप में अंकन रू. 5,00,000.00/- नगर पंचायत केमरी के भारतीय स्टेट बैंक के खाता सं.-44303032261 आई.एफ.एस.सी. कोड-SBIN0011168 में RTGS/NFT/Online Payment के माध्यम से नगर पंचयत केमरी के कोष में जमा करना होगा। आरक्षित वर्ग के व्यक्ति को आरक्षित वर्ग एवं दिव्यांग वर्ग के बोलीदाताओं को दुकानों की नीलामी में प्रतिभाग करने से पूर्व जाति प्रमाण-पत्र/दिव्यांग प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रस्तुत करना होगा। बोलीदाता के पक्ष में बोली छूटने के उपरान्त बोली गई सर्वोच्च प्रीमियम की धनराशि का 1/2 बोली स्वीकृति के 15 दिवस के भीतर जमा करनी होगी। शेष धनराशि 03 माह के भीतर कार्यालय नगर पंचायत केमरी में जमा करनी होगी। बोली छूटने के उपरान्त एक सप्ताह के भीतर अनुबन्ध हेतु निर्धारित धनराशि के स्टाम्प भी जमा करना अनिवार्य होगा। तदोपरान्त ही दुकान का कब्जा दिया जायेगा। निर्धारित समय पर प्रीमियम एवं अनुबन्ध हेतु स्टाम्प जमा न करने पर जमा की गई जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

नीलामी से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नीलामी स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदया नगर पंचायत केमरी के पास सुरक्षित है। जिसे किसी भी प्रकार से कहीं भी चुनौती नहीं दी जा सकती है। नीलामी की अन्य शरायतें बोली से पूर्व पढ़कर सुना दी जायगी।

**नीलाम दुकानात**

| क्र.सं. | विवरण | जमानत धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | कार्यालय गेट के बराबर से दुकान सं.-01 से 10 तक नीलाम | 5,00,000.00 |

अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत केमरी जनपद-रामपुर

अध्यक्ष नगर पंचायत केमरी जनपद-रामपुर


# कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष को किया ओमकार कटारिया हाउस अरेस्ट

संवाददाता सैदनगली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शनिवार को प्रधानमंत्री की पत्नी जसोदा बेन को हक और सम्मान दिलाने हेतु आयोजित नारी वंदन मार्च से पूर्व पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया को उनके साथियों सहित घर पर ही हाउस अरेस्ट किया।

जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने पुलिस कार्रवाई पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए दमनकारी नीति अपना रही है। उन्होंने कहा, भाजपा का नारी शक्ति प्रेम सिर्फ छलावा है। जो सरकार अपनी धर्मपत्नी को सम्मान नहीं दिला सकी, वह देश की महिलाओं का सम्मान क्या करेगी? कटारिया ने मांग करते हुए कहा कि यदि भाजपा वाकई नारी शक्ति का सम्मान करती है, तो उसे प्रधानमंत्री आवास का घेराव कर जसोदा बेन के लिए न्याय मांगना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस द्वारा देश को दी गई महिला राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस ने सदैव नारी शक्ति को सर्वोच्च स्थान दिया है। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष फ़ैज़ आलम राईनी, जिला महासचिव शाहिद सिद्दीकी खेड़ी, वरिष्ठ नेता हाजी खुर्शीद अनवर, अली इमाम रिजवी, राजपाल सिंह सैनी, इंतजार मेहंदी नकवी, मयंक कुमार गुर्जर, अमित कुमार गुर्जर, हरस्वरूप प्रधान, लाल सिंह सैनी, इकबाल अंसारी, तालिब इदरीसी, समीम अब्बासी, और मुशर्रफ खान सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विपक्ष के खिलाफ महिलाओं का आक्रोश प्रदर्शन


पदयात्रा निकालते प्रभारी मंत्री केपी मलिक व महिलाएं। ● अमृत विचार


विपक्ष का पुतला फूंकतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- नारी शक्ति का स्वाभिमान के तहत विपक्ष पर बोला भाजपा महिला मोर्चा ने हमला

**अमृत विचार:** शनिवार को नारी शक्ति का स्वाभिमान, विपक्ष ने फिर किया अपमान विषय पर जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री के.पी. मलिक शामिल हुए। सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण के समर्थन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं ने विपक्ष के खिलाफ जन-जागरूकता यात्रा निकाली और अपने अधिकारों व सम्मान की रक्षा के लिए एकजुटता का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए विपक्ष का पुतला दहन किया और नारों के माध्यम से अपना आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नारी सम्मान सर्वोपरि है और इसके साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दीपमाला, कार्यक्रम की अध्यक्ष आचार्य सुमेधा, जिला प्रभारी राजीव सिसोदिया, धनोरा विधायक राजीव तरारा, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, गजरौला ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अभिनव कौशिक, मयंक अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति और पार्टी कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी क्लब ने किया स्मार्ट क्लास का आरंभ

**चंदौसी अमृत विचार** : रोटरी क्लब चंदौसी लक्ष्य के तत्वावधान में शनिवार को डिस्ट्रिक्ट ग्रांट के अंतर्गत ऑक्सफोर्ड चिल्ड्रेन एकेडमी में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट 3100 के वर्तमान गवर्नर सीए नितिन अग्रवाल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीए नितिन अग्रवाल ने विद्यार्थियों के आधुनिक एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़ने पर विशेष जोर देते हुए स्मार्ट क्लास की उपयोगिता एवं महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान भुवनेश वार्ष्णेय, राहुल अग्रवाल, सीए विपिन अग्रवाल, संगीता भार्गव एवं निखिल अग्रवाल द्वारा एआई आधारित स्मार्ट क्लास एवं डिजिटल शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बिंदुवार बताया गया। स्मार्ट क्लास का संचालन रोटरी क्लब चंदौसी लक्ष्य के प्रेसिडेंट एडवोकेट अंकित वार्ष्णेय द्वारा किया गया। जबकि मंच संचालन विजय वार्ष्णेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, सौरभ वार्ष्णेय, हुडा अब्बासी, स्नेहा शर्मा, पूर्णिमा पाल, प्रिया वार्ष्णेय, नाजमी एवं मंताशा आदि ने सहयोग किया।

### गैंग लीडर की अवैध संपत्ति कुर्क

**संभल, अमृत विचार** : जनपद संभल में अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर की संपत्ति को कुर्क कर दिया। जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर शनिवार शाम नरौली कस्बे में ढोल-नगाड़ों के साथ सार्वजनिक रूप से कुर्की की कार्रवाई की गई। प्रशासन के अनुसार महिपाल के खिलाफ थाना बनियाठेर में पूर्व में मुकदमा दर्ज किया गया था और उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जांच के दौरान सामने आया कि उसने अपराध और गैरकानूनी गतिविधियों के जरिये संपत्ति अर्जित की थी। कुर्क की गई संपत्ति कस्बा नरौली के गाटा संख्या 702 का हिस्सा है, जिसका कुल क्षेत्रफल करीब 120 वर्ग गज (100 .52 वर्ग मीटर) है। कुर्की के बाद संपत्ति पर संबंधित बोर्ड भी लगा दिया गया है।

### शादी समारोह से बाइक चोरी, दी तहरीर

**संभल, अमृत विचार** : बहजोई थाना क्षेत्र के गांव अतरासी निवासी राजेश के घर उनकी बेटी का शादी समारोह चल रहा था। समारोह में दूर-दराज से रिश्तेदार और मेहमान शामिल होने आए थे। इसी दौरान थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव डक नगला, जिला बदायूं निवासी विजेंद्र भी शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। देर रात जब शादी के कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वह अपने गांव वापस जाने के लिए बाहर पहुंचे तो उनकी बाइक मौके से गायब थी। विजेंद्र ने पंवासा चौकी पहुंचकर शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

---

#### संभल नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में 167 करोड़ के 'नागरिक केंद्रित' बजट को मिली मंजूरी

# हंगामे और नोकझोंक के बीच पास हुआ जीआईएस सर्वे का प्रस्ताव

- जीआईएस सर्वे के विरोध में एक सभासद ने बैठक का किया बहिष्कार
- शहर की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता संग पूरा करने का होगा प्रयास

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद संभल की बहुप्रतीक्षित बोर्ड बैठक शनिवार को आयोजित हुई। इसमें शहर के विकास के लिए करीब 167 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक बजट को मंजूरी दी गई। बैठक के दौरान जीआईएस सर्वे के प्रस्ताव को लेकर सभासदों और पालिका प्रशासन के बीच तीखी नोकझोंक और हंगामे की स्थिति बनी रही। विरोध स्वरूप एक सभासद ने बैठक का बहिष्कार भी कर दिया, हालांकि अंततः यह प्रस्ताव भी पारित हो गया।

पालिका अध्यक्ष आसिया मुशीर की अध्यक्षता में सुबह 11:10 बजे बैठक की कार्यवाही शुरू हुई। कर निर्धारण अधिकारी एवं लेखाधिकारी कार्तिकेय यादव ने एजेंडा प्रस्तुत किया। इसके बाद अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी ने वित्तीय वर्ष का विस्तृत बजट सदन के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित आय लगभग 1 अरब 85 करोड़ 92 लाख 72 हजार 103 रुपये आंकी गई है, जबकि व्यय का अनुमान करीब 1 अरब 67 करोड़ 80 लाख रुपये है। इस प्रकार बजट को संतुलित और विकासोन्मुख बताया गया। ईओ ने बजट को 'नागरिक केंद्रित' बताते हुए कहा कि इसमें शहर के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखा गया है। बजट में अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार, सड़कों के निर्माण और मरम्मत, नाली व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार, स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, तीर्थ पर्यटन के विकास तथा आउटसोर्स कर्मचारियों के कल्याण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट के माध्यम से शहर की बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।



संभल पालिका बोर्ड की बैठक में मांगें उठाते सभासद। ● अमृत विचार

बैठक के दौरान जीआईएस सर्वे का प्रस्ताव सबसे अधिक चर्चा और विवाद का विषय बना रहा। कई सभासदों ने इसका विरोध करते हुए आशंका जताई कि इस सर्वे के माध्यम से आम जनता पर अतिरिक्त कर का बोझ डाला जाएगा। विरोध के दौरान माहौल गर्म हो गया और सभासदों के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सभासद गगन वार्ष्णेय ने इस मुद्दे पर कड़ा विरोध जताते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रस्ताव जबरन पास कराया जा रहा है और जनता पर अनावश्यक करों का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदन में कई बार इस प्रस्ताव को निरस्त किया जा चुका है, लेकिन फिर भी इसे जबरन लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं वार्ड संख्या 10 कोटला के सभासद मोहम्मद शौकीन ने भी जीआईएस सर्वे का विरोध करते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में ड्रोन के माध्यम से मकानों की माप की जाती है और उसी आधार पर टैक्स निर्धारित होता है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि संभल शहर की बड़ी आबादी आर्थिक रूप से कमजोर है, ऐसे में इस तरह के निर्णयों पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। इस पर अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी ने सभासदों की आशंकाओं को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि जीआईएस सर्वे का उद्देश्य जनता पर अतिरिक्त बोझ डालना नहीं है, बल्कि पालिका की संपत्तियों और कर व्यवस्था को पारदर्शी बनाना है। उन्होंने बताया कि कई भवन और व्यावसायिक प्रतिष्ठान अब तक कर के दायरे से बाहर हैं, उन्हें चिन्हित कर कराधान प्रणाली को व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे पालिका की आय बढ़ेगी और जनसुविधाओं में सुधार संभव हो सकेगा। लंबी चर्चा और बहस के बाद अंततः सदन ने जीआईएस सर्वे सहित अन्य सभी प्रस्तावों को बहुमत से मंजूरी दे दी। बैठक की खास बात यह रही कि इसमें पहली बार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित पांच सभासद भी शामिल हुए, जिन्होंने चर्चा में सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में सभासद गौहर खां, हाजी पप्पू, वेदप्रकाश, परवेज, अनिल वार्ष्णेय, अनीस, असलम, रेहान, गोपाल शर्मा, सुरेश अटल, शोभित गुप्ता, आलोक भारती, सय्यद शान अली, चंचल सनी, कुसुम सैनी, रिजवाना अजीम, राहेमीन, फहमीना वकील, अरमाना आजम, आनंद कुमारी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### तीन पार्कों के नाम बदलने और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव

**संभल, अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद संभल की बोर्ड बैठक में वार्ड 18 ठेर की सभासद एवं जिला योजना समिति की सदस्य चंचल सनी ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि चंदौसी रोड स्थित फाउंटेन पार्क का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क किया जाए। उन्होंने सुराजकुंड मंदिर के सामने स्थित पार्क का नाम बदलकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क रखने की मांग की। इसके अलावा मुरादाबाद रोड स्थित तिकोनिया पार्क का नाम बदलकर सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क किए जाने का प्रस्ताव रखा गया। सभासद ने यह भी मांग की कि नगर में किसी प्रमुख चौराहे या स्थान पर महाराजा अग्रसेन महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाए, ताकि समाज के लोग उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। सभासद चंचल गुप्ता ने कहा कि बोर्ड ने सभी प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है।

---

# बिना नोटिस अतिक्रमण हटाने पर भड़के लोग

#### बहजोई में प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर तोड़े चबूतरे-स्लैब

- अचानक शुरू हुई कार्रवाई के खिलाफ लोगों ने जताया विरोध

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार** : बहजोई नगर क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका व प्रशासन का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को पजाया बस स्टैंड के सामने टीवीएस एजेंसी के पास स्थित गली में प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जों को हटाया। कार्रवाई के दौरान नालियों के ऊपर बने चबूतरे, स्लैब और अन्य स्थायी व अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से स्थानीय लोग भड़क उठे और मौके पर ही विरोध जताने लगे।

लोगों का कहना था कि प्रशासन की ओर से उन्हें पहले कोई नोटिस या चेतावनी नहीं दी गई। बिना सूचना दिए सीधे बुलडोजर चलाना उचित नहीं है। कई लोगों ने यह भी कहा कि यदि पहले जानकारी दी जाती तो वे स्वयं ही निर्माण हटा लेते। कार्रवाई के दौरान कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। मौके पर मौजूद लेखपाल वरुण सक्सेना ने बताया कि यह अभियान जिलाधिकारी के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई दिनों से इस क्षेत्र में अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं। जांच में पाया गया कि कुछ लोगों ने नालियों से आगे तक चबूतरे और स्लैब डालकर सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा कर लिया था, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसी के मद्देनजर प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। बताया कि नगर में चिन्हित किए गए अन्य अतिक्रमण स्थलों पर भी इसी तरह अभियान जारी रहेगा।



बहजोई में पजाया रोड पर अतिक्रमण तोड़ता बुलडोजर। ● अमृत विचार

प्रशासन की ओर से पहले भी लोगों से अपील की जा चुकी है कि वे स्वयं ही अपने अवैध कब्जे हटा लें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान नगर पालिका परिषद की टीम, राजस्व विभाग के कर्मचारी और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। प्रशासन ने कहा सार्वजनिक मार्ग, नालियों और सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### छत से उतरते समय फिसलकर गिरी महिला, मौत

**संभल, अमृत विचार** : जनपद संभल के थाना रायसत्ती क्षेत्र स्थित मोहल्ला चमन सराय में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। छत से नीचे उतरते समय महिला की गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे परिवार में शोक का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला चमन सराय निवासी वसीम की पत्नी कौसर जहां 40 वर्ष शनिवार सुबह करीब 9 बजे छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थीं। जब वह वापस नीचे आ रही थीं, तभी बालकनी के जीने पर उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे जा गिरीं। गिरते समय उन्हें गंभीर चोटें आईं। महिला के गिरने की आवाज और चीख सुनकर परिवार के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजन उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल लेकर पहुंचे। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. अवधेश कुमार ने प्राथमिक जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

---

# बैठक में विकास प्रस्तावों पर मंथन

- बैठक में सदस्यों ने उठाई विकास कार्य समय से पूरे कराने की मांग
- भाजपा जिलाध्यक्ष ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**



असमोली बीडीसी की बैठक में मंचासीन भाजपा जिलाध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख व अन्य।

**अमृत विचार** : असमोली ब्लॉक मुख्यालय स्थित मनोटा सभागार में शनिवार को ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विकास कार्यों के प्रस्तावों पर मंथन के दौरान बीडीसी सदस्यों ने योजनाएं समय से पूरी कराने की मांग की, जिससे जनता को उनका लाभ मिल सके।

बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और अन्य जनप्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने सड़क, नाली, खड़ंजा, पेयजल, आवास, विद्युत व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए। कई जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता दी गई है। इसके परिणामस्वरूप असमोली ब्लॉक के अधिकांश गांवों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने ग्रामीण जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और विकास कार्यों की निगरानी भी करें, ताकि योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो सकें।

एडीओ पंचायत सुनील कुमार ने बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायतों में तैयार की जाने वाली विकास कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी ग्राम पंचायतें अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव तैयार करें और उन्हें समय से ब्लॉक प्रमुख व संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएं, ताकि उन्हें आगामी कार्ययोजना में शामिल किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का भुगतान अभी लंबित है, वे आवश्यक अभिलेखों को पूरा कर लें। भविष्य में यदि पंचायतों में प्रशासक नियुक्त किए जाते हैं, तब भी लंबित भुगतान की प्रक्रिया जारी रहेगी और पात्र लाभार्थियों को उनका हक मिलेगा। बैठक के दौरान कई जनप्रतिनिधियों ने सुझाव भी दिए और विकास कार्यों में पारदर्शिता व गुणवत्ता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अधिकारियों ने सभी सुझावों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नुकुल ओलख, हरिओम शर्मा, सोनू चाहल, रोहित पवार, जयपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

---

# कड़ी सुरक्षा के बीच पहले दिन हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड भर्ती परीक्षा शनिवार को जनपद संभल में कड़े सुरक्षा प्रबंधों और सख्त निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

जिले में बनाए गए सभी 10 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों की परीक्षा बिना किसी अव्यवस्था के सफलतापूर्वक कराई गई। सुबह 7:30 बजे से ही परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आसपास के जनपदों के साथ-साथ दूरदराज क्षेत्रों से भी परीक्षा देने पहुंचे। केंद्रों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। प्रवेश से पहले प्रत्येक अभ्यर्थी की सघन चेकिंग की गई, ताकि किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित गतिविधि की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। चेकिंग के दौरान परीक्षार्थियों की बेल्ट, जूते आदि उतरवाए गए। वहीं महिला अभ्यर्थियों के हेयर बैंड, कान-नाक और पैरों में पहने आभूषण भी हटवाए गए। जांच प्रक्रिया के चलते कुछ समय के लिए प्रवेश द्वारों पर भीड़ भी देखने को मिली, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सतर्कता से व्यवस्था सुचारु बनी रही। नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी कुलदीप सिंह के साथ ही एसडीएम निधि पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एएसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। केंद्रों के आसपास भी निगरानी बढ़ाई गई है, ताकि बाहरी हस्तक्षेप की कोई संभावना न रहे। कड़े सुरक्षा प्रबंध, प्रशासनिक सतर्कता और व्यवस्थित प्रबंधन के चलते दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गई।



संभल में परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में लगीं महिला अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

#### दोनों पालियों में 5621 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि होमगार्ड भर्ती परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में जिले के 10 परीक्षा केंद्रों पर कुल 3648 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2763 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 885 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार पहली पाली में कुल 75 .74 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। वहीं द्वितीय पाली में भी 10 परीक्षा केंद्रों पर 3648 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2858 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस पाली में 790 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जिससे कुल उपस्थिति 78 .34 प्रतिशत रही।

---

# थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं समस्याएं

- अधिकारियों को दिया त्वरित समाधान के निर्देश, कहा फरियादियों को बार-बार न बुलाया जाए

**संवाददाता, बहजोई**

**अमृत विचार** : आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को थाना बहजोई परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने की जबकि अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत भी मौजूद रहे।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने थाना परिसर पहुंचकर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा, रास्तों से जुड़े विवाद और भूमि पैमाइश से संबंधित शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत का संज्ञान लेते हुए उनके शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण पर जोर दिया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीनी विवादों से संबंधित सभी प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सूचीबद्ध किया जाए। इसके लिए राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए, ताकि विवादों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण जरूरी है। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों में पारदर्शिता बनाए रखते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे विवाद समय रहते सुलझा लिए जाएं, तो बड़े विवादों की संभावना कम हो जाती है।



बहजोई थाने पर समाधान दिवस में मौजूद डीएम, एसपी, सीओ व अन्य। ● अमृत विचार

समाधान दिवस के दौरान कुल 5 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से कुछ मामलों को मौके पर ही संबंधित विभागों को सौंपते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए, जबकि शेष मामलों में जांच कर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी बहजोई सहित राजस्व विभाग के अधिकारी, पुलिसकर्मी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# परामर्श केंद्र में 47 मामले सुने गए, चार में सुलह

**बहजोई, अमृत विचार** : पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक शुक्रवार को पुलिस लाइन मंडी समिति स्थित महिला थाना बहजोई में आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के बीच चल रहे आपसी विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया गया।

बैठक के दौरान कुल 47 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। काउंसलर्स ने दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप 11 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं 4 परिवारों को आपसी सहमति के आधार पर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया गया, जिससे उनके रिश्तों में नई शुरुआत हो सकी।

इसके अलावा 3 मामलों में विवाद अधिक जटिल पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। वहीं 4 मामलों में आवेदकों द्वारा आगे कार्रवाई में रुचि न लेने के कारण पत्रावलियों को बंद कर दिया गया।

शेष मामलों में अगली तिथि नियत करते हुए संबंधित पक्षों को दोबारा उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, कंचन माहेश्वरी, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत एवं महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य पुलिसकर्मी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# अल्ट्रासाउंड जांच 53 दिन से ठप, ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार** : जिला संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सा अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने पिछले 53 दिनों से बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड जांच सुविधा को तत्काल शुरू कराने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि शासन की मंशा है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को जिला अस्पतालों में ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें निजी अस्पतालों के महंगे इलाज का सहारा न लेना पड़े।संभल जिला अस्पताल में सरकार द्वारा अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराए जाने के बावजूद पिछले करीब दो महीने से यह सेवा ठप पड़ी हुई है, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पदाधिकारियों ने बताया कि अल्ट्रासाउंड जांच न होने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी जांच केंद्रों का रुख करना पड़ता है, जहां उन्हें अधिक पैसे खर्च करने पड़ते हैं। इससे गरीब और निम्न आय वर्ग के मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कहा गया कि जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस-सी की जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिससे संबंधित मरीज निराश होकर लौट जाते हैं। वहीं ऑपरेशन की सुविधा भी लगभग न के बराबर है, क्योंकि सर्जन अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। इससे गंभीर मरीजों को भी बाहर के अस्पतालों में इलाज कराने के लिए मजबूर होना पड़ता है। समिति के सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया और अल्ट्रासाउंड सेवा बहाल नहीं की गई, तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान डॉ. मोहम्मद नाजिम, फारूक, जमाल, यासीन अंसारी, मास्टर सफदर अल्वी और महावीर सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।



संभल जिला अस्पताल में सीएमएस को ज्ञापन देते संगठन के पदाधिकारी।

---

### बरसात से पहले कराई जाए नालों की तली झाड़ सफाई

**चंदौसी, अमृत विचार** : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शनिवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज रवि को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपकर बरसात से पूर्व नालों की तली झाड़ सफाई कराने समेत विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

संगठन ने कहा कि नगर में ठेला, खोमचा और रेहडी वालों की वजह से जाम लगता है। इसको लेकर शहर के चारों कोनों में वेंडिंग जोन बनाया जाए, जिससे नगर अतिक्रमण मुक्त हो। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी, नमन भारद्वाज, गोपाल वार्ष्णेय, बबलू एडवोकेट, मोहित सक्सेना आदि शामिल रहे।

---

# सदस्यता अभियान शुरू करेगा क्रीड़ा भारती

- ऑनलाइन पंजीकरण के साथ जमा हो सकेगा सदस्यता शुल्क

**संवाददाता, चंदौसी**

**अमृत विचार** : क्रीड़ा भारती जनपद संभल की बैठक शनिवार को फव्वारा चौक में आयोजित की गई। इसमें सदस्यता अभियान व संगठन विस्तार पर चर्चा की गई।

बैठक में बताया गया कि 24 अप्रैल से क्रीड़ा भारती का वार्षिक सदस्यता अभियान प्रारंभ हो चुका है। इसमें वार्षिक सदस्यता शुल्क 100 रुपये है, जोकि ऑनलाइन पंजीकरण के द्वारा जमा किया जाएगा। इस संस्था का उद्देश्य युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। बैठक में जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संगठन के विस्तार, आगामी गतिविधियों तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार कार्य सौंपे गए। सभी ने मिलकर संगठन को सशक्त बनाने एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल कपूर, प्रफुल्ल गुप्ता, डॉ. गौरव मिश्रा, संजीव सिंह, अशोक पाठक, भूदेव शंखधार, खुशाल सिंह, अमित कुमार, अनुज कुमार सिंह, अंकुर गोयल, यशपाल शर्मा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### बांद्रा टर्मिनल से गोरखपुर के बीच बरेली होकर चलेगी ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार** : पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि ट्रेन संख्या 09157 बांद्रा टर्मिनस–गोरखपुर स्पेशल अनारक्षित ट्रेन 26 अप्रैल रविवार को बांद्रा टर्मिन से रात 00:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 6:15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। यह विशेष ट्रेन अपने मार्ग में बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिंडौन सिटी, बयाना, भरतपुर, मथुरा, हाथरस सिटी, कासगंज, बरेली सिटी, इज्जतनगर, पीलीभीत, मैलानी, सीतापुर, बुरहवाल, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर ठहरेगी। यह ट्रेन पूर्णत: सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोचों से युक्त होगी।

### ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार ने तोड़ा दम


**भुता, अमृत विचार** : बरेली बरेली बीसलपुर मार्ग पर शनिवार रात ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां एक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। बरेली बीसलपुर मार्ग पर बीसलपुर से बरेली की ओर जा रहे बाइक सवार युवक रात में लगभग नौ बजे कैलाश पुल के पास ट्रक की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही क्राइम इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को बरेली अस्पताल भिजवाया। घायल सुनील निवासी बनखंडी गोसाई गोटिया थाना बारादरी व सर्वजीत पुत्र नरेश निवासी हरैया थाना बिलसंडा, पीलीभीत के निवासी हैं। जिसमें से सर्वजीत ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया अचानक हुई मौत पर घर परिवार में भारी कोह राम मचा है।

### छत पर बैठी बुजुर्ग महिला पर बंदरों का हमला, रेफर

**शाहबाद, अमृत विचार** : कस्बे के मोहल्ला मस्जिद काज़ी में बंदरों के झुंड ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गईं। परिजन उन्हें आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला मस्जिद काज़ी निवासी नन्हे की पत्नी अख्तरी को अपने घर की छत पर बैठी थीं। इसी दौरान अचानक बंदरों का झुंड वहां पहुंच गया और उन पर हमला कर दिया। बंदरों ने महिला को काट लिया। बंदरों से बचने को भागी महिला जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

# उर्स ए ताजुश्शरिया के मंच से गूंजा... अपने बच्चों को तालीम जरूर दिलाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मथुरापुर में मदरसे में ताजुश्शरिया के कुल शरीफ के मौके पर मौजूद अकीदतमंद। ● अमृत विचार



कुल शरीफ के मौके पर उमड़े अकीदतमंद। ● अमृत विचार

- उलमा ने बच्चियों को मोबाइल से दूर रखने की दी नसीहत, मथुरापुर में अकीदत का सैलाब उमड़ा
- सौदागरान की गलियों और मथुरापुर मदरसे की सड़कों पर अकीदतमंदों का हुजूम नजर आया

**अमृत विचार** : ताजुश्शरिया के कुल में उर्स के मंच से शनिवार को उलमा ने पैगाम दिया कि भले ही आधी रोटी खाएं मगर अपने बच्चों को तालीम जरूर दें। खास तौर से बेटियों की तालीम पर जोर देने के साथ उनको मोबाइल फोन से दूर रखने की अपील की गई।

उर्स के मौके पर सौदागरान की गलियों और मथुरापुर मदरसे की सड़कों पर शनिवार को ताजुश्शरिया के चाहने वालों का हुजूम नजर आया। सुन्नी बरेलवी मुसलमानों के मजहबी रहनुमा ताजुश्शरिया मुफ्ती मोहम्मद अख्तर रजा खां अजहरी मियां के दो रोजा उर्स का कुल की रस्म के बाद समापन हो गया। काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद मियां ने खास दुआ की। शनिवार को दरगाह ताजुश्शरिया पर फजर की नमाज के बाद कुरानख्वानी व नात-ओ-मनकबत की महफिल से कार्यक्रम का आगाज हुआ। सुबह 07 बजकर 10 मिनट पर मुफस्सिर-ए-आजम हिंद जिलानी मियां के कुल की रस्म अदा की गई। मुख्य कार्यक्रम सीबीगंज स्थित मदरसा जामियातुर रजा में हुआ।

कोलकाता से आए असद इकबाल और मुंबई के रफीक रजा कादरी नात-ओ-मनकबत का नजराना पेश किया। जमात के पूर्व प्रवक्ता समरान खान ने बताया कि मुफ्ती शाहजाद आलम मिस्बाही ने अपनी तकरीर में कहा ताजुश्शरिया ने अपनी पूरी जिंदगी मजहब व मसलक के लिए वक्फ कर दी। मसलक के फरोग के लिए दुनियाभर के दौरे किए और इल्म की शमा रौशन की। लिहाजा आज मुसलमानों को ताजुश्शरिया के नक्शे कदम पर चलते हुए अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चाहे आधा पेट खाये लेकिन अपने बच्चों की शिक्षा पर खास ध्यान दें। खास तौर से बेटियों को तालीम जरूर दें और उनको मोबाइल फोन से दूर रखें। काल्पी के सज्जादाशीन सैय्यद गियास मियां ने कहा कल भी बरेली मरकज था है और कयामत तक रहेगा। हम सिर्फ काजी-ए-हिन्दुस्तान असजद मियां को अपना रहबर मानते हैं।

ताजुश्शरिया के आठवें उर्स की सरपरस्ती सज्जादानशीन काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खां कादरी (असजद मियां) ने की। उर्स प्रभारी सलमान मियां और जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान मियां दो दिन तक चलने वाले उर्स के तमाम कार्यक्रमों की निगरानी में लगे रहे। फरमान मियां ने बताया कि उलमा की तकरीर के बाद मदरसा जामियातुर रजा में लाखों लोगों ने असर और मगरिब की नमाज अदा की। इसके बाद शाम कोताजुश्शरिया के कुल की रस्म अदा की गई। काजी-ए-हिन्दुस्तान सज्जादानशीन मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खां कादरी ने अमन-ओ-अमान और फिलस्तीन के मुसलमानों की हिफाजत के लिए दुआ की। इसी के साथ दो दिवसीय उर्स का समापन हो गया। उर्स की व्यवस्थाओं में हाफिज इकराम रजा खां, डॉ. महेंदी हसन, शमीम अहमद, समरान खान, कौसर अली, यासीन खान, मोईन खान आदि शामिल रहे।

### ऑनलाइन भी उर्स में जुड़े लाखों जायरीन

जमात रजर के आईटी सेल प्रभारी अतीक अहमद ने बताया जो जायरीन किसी कारण उर्स में शामिल नहीं हो सके वे लोग ऑनलाइन के मध्यम से जुड़े। लाखों लोगों ने मिक्सर और यू ट्यूब पर उर्स का लाइव प्रसारण सुना। कई देशों के अलावा उर्स–ए–ताजुश्शरिया दरगाह आला हजरत, दरगाह शाहदाना वाली, दरगाह नसीर मियां, के अलावा सभी छोटी बड़ी दरगाह व खानकाहों और शहर से लेकर देहात तक की सभी छोटी बड़ी मस्जिदों व अपनी दुकानों व घरों में उर्स–ए–ताजुश्शरिया मनाया और नियाज–ओ–नजर की।

# मुठभेड़ में पांच और शिकारी गिरफ्तार दो के पैर में लगी गोली, एफआईआर दर्ज

## पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने और वनकर्मियों पर फायरिंग का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मुठभेड़ में घायल हुए शिकारियों को पकड़कर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

- एक शिकारी को पूर्व में ही जेल भेज चुकी है माधोटांडा पुलिस अन्य की कर रही थी तलाश

बराही के जंगल में जंगली सुअर का शिकार करने और वनकर्मियों पर फायरिंग से जुड़ी घटना बीते दिनों प्रकाश में आई थी। एफआईआर दर्ज कर पूर्व में एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांच अन्य आरोपी भी पकड़े गए हैं। इसमें दो अन्य को भी मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगी है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।
– **सुकीर्ति माधव**, एसपी

**अमृत विचार** : बराही रेंज के जंगल में घुसकर शिकार और वनकर्मियों पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पांच और शिकारियों को धर दबोचा। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने धरपकड़ की। इसमें दो शिकारियों को पैर में गोली लगी है। रिपोर्ट दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया है। बता दें कि एक आरोपी को पुलिस चार दिन पूर्व मुठभेड़ के बाद जेल भेज चुकी है। उसके भी पैर में गोली लगी थी।

बता दें कि 15 अप्रैल की रात पीलीभीत टाइगर रिजर्व के बराही रेंज के जंगल में शिकारी घुसे और जंगली सुअर का शिकार कर लिया। सूचना पर घेराबंदी करने पहुंची वन विभाग की टीम ने पकड़ने का प्रयास किया तो शिकारियों ने वन टीम पर फायरिंग कर दी थी। वन विभाग ने विभागीय केस दर्ज करने के साथ ही माधोटांडा थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई थी। इसमें हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम राधवपुरी निवासी हरजिंदर सिंह और बलजीत सिंह को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात शिकारी आरोपी बनाए थे। 21 अप्रैल को माधोटांडा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी हरजिंदर सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उससे पूछताछ के बाद पुलिस को कई सुराग मिले थे। जिनके आधार पर अन्य शिकारियों की तलाश तेज कर दी गई थी। 24 अप्रैल की रात सूचना मिली कि सेल्हा मजार के पास जंगल में पूर्व में हुई शिकार की घटना के आरोपी मौजूद हैं। इस पर माधोटांडा पुलिस ने सेल्हा मजार के पास जंगल में घेराबंदी कही। पूर्व में वनकर्मियों पर हमला कर चुके शिकारियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने पांच और शिकारियों को धर दबोच। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम हजारा थाना क्षेत्र के ग्राम राघवपुरी निवासी अमरजीत, हरपाल उर्फ जसपाल उर्फ पालू, मुख्तियार, बलजीत सिंह और सतनाम सिंह बताया। पकड़े गए पांच में से दो शिकारी अमरजीत और हरपाल पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए थे। उनका सीएचसी में इलाज कराया गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने वन्यजीव के शिकार में इस्तेमाल की गई अवैध बंदूक, अवैध शस्त्र 315 बोर, कारतूस भी बरामद किए। मुंठभेड़ और असलहा बरामदगी के संबंध में अलग से एफआईआर दर्ज की गई। जिसके बाद चालान कर कोर्ट में पेश करके आरोपियों को जेल भेज दिया है। धरपकड़ करने वाली टीम में इंस्पेक्टर माधोटांडा अशोक पाल, दरोगा मोहम्मद सैफ, मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल अनुराग सिंह, कांस्टेबल अंकुर, संतोष कुमार थे।

### अभी और कसेगा शिकंजा, खुलेगी हिस्ट्रीशीट

पीटीआर के जंगल में अवैध तरीके से प्रवेश कर शिकार और फिर पहले वनकर्मियों व अब पुलिस टीम पर फायरिंग करने वाले छह शिकारियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। एक आरोपी सतमान सिंह की उम्र तो 72 वर्ष बताई जा रही है। सभी को जेल भेजने के साथ ही आगे अभी और शिकंजा कसा जाएगा। इन सभी की हिस्ट्रीशीट खोली जएगी। सख्त एवं प्रभावी वैधानिक कार्यवाही के निर्देश एसपी ने दिए हैं। अधिकारी मामले को गंभीरता से ले रहे हैं और गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाएगी।

# श्री आनंदपुर धाम आश्रम की शाखा स्थापना को भूमि पूजन



आश्रम की नींव रखते स्वामी शिवम महात्मा व मौजूद अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचार:** ग्राम हजरतपुर में शनिवार को श्री आनंदपुर धाम आश्रम की शाखा रामपुर में स्थापित किए जाने के उद्देश्य से भूमि पूजन किया गया। इस पावन अवसर पर सरदार गुल्लू सेठ के फॉर्म पर आश्रम निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। आश्रम की नींव स्वामी शिवम महात्मा जी के कर-कमलों द्वारा रखी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगत ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और धार्मिक वातावरण में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिवानी बहन, गुरमीत कौर, नरेंद्र कालरा, कृष्ण लाल खुराना, राजीव अग्रवाल, नरेंद्र भाटिया, राहुल, मनोज, पृथ्वी सिंह, रणवीर सिंह, हरीश आनंद सहित सेवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। भूमि पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं एवं संगत को प्रेमपूर्वक लंगर वितरित किया गया।

## आस्था



सीता नवमी के अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर प्रदेश भर में जगह जगह आयोजन किए गए। कई जगह लोगों ने पवित्र नदियों में स्नान करके पूजा–अर्जना की। शनिवार को कानपुर स्थित इस्कॉन मंदिर में अनुष्ठान करते हुए पुरोहित। ● एजेंसी

# सूखती जा रही गोमती, झीलों को मिली संजीवनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मौके पर मौजूद एसडीएम प्रमेश कुमार व गोमती सेवक। ● अमृत विचार

- 15 अप्रैल से शुरू हुए गोमती पुनरोद्धार अभियान के दिखने लगे सकारात्मक परिणाम

गोमती नदी के अस्तित्व को बचाना हमारी प्राथमिकता है। गोमती फीडर चैनल की सफाई होने से उद्गम स्थल की झीलों को पर्याप्त पानी मिलना शुरू हो गया है। नदी की परिधि में खुदाई का कार्य तेजी से चल रहा है। हमारा प्रयास है कि बरसात से पहले नदी का मार्ग साफ हो जाए, ताकि गोमती की अविरल धारा शाहजहांपुर बॉर्डर तक सुचारू रूप से बह सके। – **ज्ञानेंद्र सिंह**, डीएम



गोमती फीडर चैनल में जेसीबी से कराया जा रहा सफाई कार्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: आदि गंगा मां गोमती के अस्तित्व को संवारने के लिए शुरू किया गया गोमती पुनरोद्धार अभियान धरातल पर रंग लाने लगा है। गोमती उद्गम स्थल की सूखती झीलों को नया जीवन देने के लिए गोमती फीडर चैनल की सफाई के बाद उसमें पानी छोड़ दिया गया है, जिससे झीलों का जलस्तर फिर से बढ़ने लगा है। इसके साथ ही उदगम स्थल से लेकर शाहजहांपुर बार्डर तक नदी की परिधि में चल रहा खुदाई व सफाई का कार्य भी तेजी से चल रही है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में गोमती उदगम स्थल से गोमती नदी की अविरल धारा भी बह निकलेगी।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ की लाइफ लाइन कही जाने वाली आदि गंगा गोमती के अस्तित्व को संवारने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बीते 15 अप्रैल से गोमती पुनरोद्धार अभियान का शुभारंभ किया गया था। इसक शुभारंभ पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान एवं डीएम ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा किया गया। गोमती पुनरोद्धार की योजना डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में तैयार की गई है। इसके तहत जनपद की 16 ग्राम पंचायतों से होकर गुजरने वाली गोमती नदी की 47.2 किलोमीटर की परिधि में खुदाई और सफाई का कार्य मनरेगा एवं जनसहयोग से शुरू कराया गया है। इसके साथ ही गोमती उदगम स्थल की झीलों में कम होते जा रहे पानी के दृष्टिगत पूर्व में झीलों को पानी देने के लिए खोदे गए गोमती फीडर चैनल के साफ-सफाई का कार्य भी युद्धस्तर पर शुरू कराया गया था। इधर बीते शुक्रवार को गोमती फीडर चैनल के साफ सफाई का कार्य पूरा होने के बाद एसडीएम कलीनगर प्रमेश कुमार की देखरेख में झीलों में देवी माइनर से पानी की सप्लाई भी शुरू कर दी गई। गोमती सेवक कुंवर निर्भय सिंह एवं योगेश्वर सिंह ने बताया कि गोमती फीडर चैनल से उदगम स्थल की झीलों को पानी तो पूर्व से मिल रहा था, मगर साफ-सफाई न होने से पानी सप्लाई बाधित चली आ रही थी। झीलों में पानी पहुंचने से न केवल इनका प्राकृतिक स्वरूप वापस लौटेगा, बल्कि इनमें वास करने वाले दुर्लभ प्रजाति के कछुओं और अन्य जलीय जीवों को भी भीषण गर्मी में जीवनदान मिला है। इधर उदगम स्थल से लेकर शाहजहांपुर बार्डर तक नदी की परिधि में चल रहा सफाई एवं खुदाई का कार्य भी तेजी से चल रहा है। गोमती सेवकों का मानना है कि सफाई एवं खुदाई का कार्य पूरा होने के बाद जनपद क्षेत्र में गोमती नदी के अविरल धारा बहने की संभावना काफी प्रबल है। बता दें कि वर्ष 2018 में तत्कालीन डीएम अखिलेश मिश्रा के निर्देशन में मनरेगा के माध्यम से देवी माइनर से लेकर गोमती उदगम स्थल तक करीब 1400 मीटर लंबे गोमती फीडर चैनल को तैयार किया था।

# मऊ में स्कॉर्पियो–ट्रक की टक्कर में पांच की मौत, दोनों वाहन कब्जे में लिए

- हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया शोक

**मऊ, एजेंसी**: जिले में शनिवार तड़के स्कॉर्पियो और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और हादसे में एक पालतू कुत्ते की भी जान चली गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा तड़के करीब तीन बजे दोहरीघाट थाना क्षेत्र में राजमार्ग पर हुआ जब गोरखपुर जिले के रानीडीहा का निवासी एक परिवार दो सहयोगियों के साथ रांची (झारखंड) से अपनी बेटी की शादी कर स्कॉर्पियो से लौट रहा था। घोसी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड नंबर की कार अनियंत्रित होकर गलत लेन में चली गई और सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान विनय श्रीवास्तव (53), उनकी पत्नी अर्चना श्रीवास्तव (48), पुत्र कृतार्थ श्रीवास्तव (27), रविंद्र यादव (20) और पुरुषोत्तम कुमार (28) के रूप में हुई है। रविंद्र और पुरुषोत्तम गया जिले के रहने वाले थे। सूचना मिलते ही दोहरीघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद शवों को वाहन से बाहर निकाला गया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के सही कारणों की जांच कर रही है।

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति की कामना की है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जनपद मऊ में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं।

# मंदिर जा रहे विहिप नेता पर हमला मुकदमा दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार**: मंदिर जा रहे विहिप नेता को धारदार हथियार से धमकाकर जान से मारने के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पीड़ित को झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला कानून गोयान निवासी शोभित गुप्ता विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष हैं। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 24 अप्रैल 2026 की रात करीब नौ बजे वह अपने एक दोस्त के साथ गाड़ी में बैठकर मंदिर जाने के लिए अन्य साथियों का इंतजार कर रहे थे।



'तुलसी' सब छल छांड़िकै, कीजै राम-सनेह
अंतर पति सों है कहा, जिन देखी सब देह

गोस्वामी तुलसी दास कहते हैं, सब छल-कपटों को छोड़ कर भगवान की सच्चे दिल से भक्ति करो। जैसे पति अपनी पत्नी के सारे शरीर के रहस्यों को जानता है, वैसे ही प्रभु सारे जीवों के सब कर्मों को जानता है।

# सिर्फ नंबर नहीं, समग्र विकास पर हो शिक्षा का ध्यान

ज्ञान से बड़ा कुछ भी पवित्र नहीं है। ज्ञान भौतिक संसार की सभी उपलब्धियों को प्राप्त करने का उपकरण है। जो लोग इस भौतिक संसार से पृथक अन्य लोकों का भी अस्तित्व मानते हैं, वह लक्ष्य भी ज्ञान मार्ग से ही प्राप्त होना संभव बताया गया है। ज्ञान प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ उपकरण है शिक्षा। भारतीय इतिहास के वैदिक काल में शिक्षा प्राप्ति को अन्य उपलब्धियों से श्रेष्ठ बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद की शिक्षावल्ली में शिक्षा को धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का साधन बताया गया है। कभी भारतीय ज्ञान का डंका समूचे विश्व में छाया हुआ था। उच्च शिक्षा के कारण ही भारत को विश्वगुरु कहा जाता था।

छान्दोग्य उपनिषद में नारद को व्यथित बताया गया है। व्यथित नारद सनत कुमार के पास पहुंचे। उन्होंने सनत कुमार को अपनी व्यथा बताई। सनत कुमार ने नारद से पूछा कि आपने अब तक क्या-क्या पढ़ा है। नारद ने बताया, 'हे भगवन मैंने ऋग्वेद सहित सभी वेद पढ़े हैं। भूगर्भ विद्या, नक्षत्र विद्या, आकाश विद्या, गणित, ज्योतिष आदि अनेक विषय पढ़े हैं। उपनिषद में यह सूची काफी बड़ी है। इसका अर्थ यह निकलता है प्राचीन भारत में अनेक विषय पढ़े और पढ़ाए जाते थे। आज की ज्ञान परंपरा में वैदिक काल और उसके पहले से लेकर आधुनिक काल तक सभी विषय प्रासंगिक हैं। शिक्षा या विद्यार्थी जीवन पुरुषार्थ का स्वर्ण काल है। प्राचीन काल में शिक्षा के सभी अनुशासन पढ़े-पढ़ाए जाते थे।

नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है। संप्रति शिक्षा-नौकरी और जीवन यापन की सुविधाएं जुटाने का यंत्र बन गई है। सरकारें अपने ढंग से अपने देश और राज्य के क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन करती हैं। निजी क्षेत्र में भी शिक्षा के तमाम तरह के अनुशासन हैं। शिक्षा महंगी है और वह संस्कृति और दर्शन तथा ज्ञान प्राप्ति का उपकरण नहीं है। परीक्षाओं में ज्यादा से ज्यादा अंक पाने की होड़ रहती है।


नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में यह भी जरूरी हो जाता है कि हम केवल परीक्षा परिणामों पर ही केंद्रित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास पर ध्यान दें। आज का विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर व्यावहारिक, नैतिक और तकनीकी ज्ञान से भी सुसज्जित होना चाहिए। परिणामों के विश्लेषण से यह भी स्पष्ट होता है कि जिन विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन बना रहा, वहां सफलता का प्रतिशत अधिक रहा है।


विद्यार्थी अधिक अंक पाने के तनाव में रहते हैं। आत्महत्याएं होती हैं। शिक्षार्थी को अध्ययन के दौरान ज्ञान का आनंद नहीं मिलता। निजी क्षेत्र के विद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नहीं है। कुछ विद्यालय कक्षा एक से पढ़ाई शुरू करवाते हैं। कुछ विद्यालय पहली कक्षा से भी पहले की कक्षाएं केजी, नर्सरी आदि नामों से चलवाते हैं। सीबीएसई पूरे देश में लागू एक केन्द्रीयकृत शिक्षा व्यवस्था है। बेशक इससे पूरे देश में एक समान शिक्षा का पाठ्यक्रम बनाया जाता है, लेकिन विद्यार्थियों को अध्ययन के समय आनंदित करने के कोई उपाय नहीं हैं।



हृदय नारायण दीक्षित

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं संचालित करता है। इसी के परिणाम इसी सप्ताह घोषित हुए थे। लड़कियों ने लड़कों की अपेक्षाकृत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिन बेटियों को अच्छे अंक मिले हैं, उन्हें बधाई। उनके परिजनों को बधाई। उनके गुरुजनों को बधाई। अभी कुछ ही दिनों में महाराष्ट्र बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएसई के परिणाम आने वाले हैं। एमपी बोर्ड के नतीजे पहले ही आ चुके हैं।

ज्यादा अंक पाने वाले परीक्षार्थियों के घरों में भी इस बात का तनाव है कि उन्हें और अधिक नंबर क्यों नहीं मिले। मेरी अपनी पढ़ाई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा संचालित विद्यालय से हुई है। तब परीक्षाफल घोषित होने के दिन उल्लास होता था। कुछ फेल होते थे कुछ पास, लेकिन शैक्षिक वातावरण तनावपूर्ण नहीं होता था। इधर 20-25 वर्षों में जो उत्तीर्ण हैं, वे भी रुआंसे हैं कि और अधिक अंक क्यों नहीं मिले। जो फेल हो गए हैं, उनके घर वाले सारा दोष बच्चों पर ही डाल रहे हैं।

विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है। प्रतिस्पर्धा के कारण तनाव बढ़ता है, इसलिए विद्यालयों में काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। समय पर सही मार्गदर्शन मिलना आवश्यक है। कौशल आधारित शिक्षा पर भी जोर देना होगा। केवल पारंपरिक पढ़ाई पर्याप्त नहीं है। आईटी, उद्यमिता और कृषि जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण जरूरी है। इससे छात्र आत्मनिर्भर बनेंगे। मूल्य शिक्षा से विद्यार्थियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित होगी।

भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है। वैदिक काल में शिक्षा जीवन से जुड़ी थी। वेद और उपनिषदों में ज्ञान, विज्ञान और नैतिकता का समन्वय मिलता है। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालय विश्व में प्रसिद्ध थे। यहां दूर-दूर से विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने आते थे। गुरुकुल परंपरा में गुरु और शिष्य का संबंध गहरा होता था। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण भी था।

मुगल काल और अंग्रेजी शासन के दौरान इस स्वदेशी शिक्षा व्यवस्था को अपेक्षित संरक्षण नहीं मिला। पारंपरिक संस्थाएं कमजोर हुईं। हमारी मूल ज्ञान परंपरा प्रभावित हुई। आज आवश्यकता है कि हम अपनी इस समृद्ध परंपरा के श्रेष्ठ तत्वों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ें। इससे आने वाली पीढ़ी मजबूत, संस्कारित और आत्मनिर्भर बन सकेगी।

अकेले विद्यार्थी ही परीक्षा परिणामों के लिए दोषी नहीं होते। उनकी सफलता या असफलता में आचार्य का भी श्रम अंतर्निहित होता है। इस वर्ष के परिणामों में जहां एक ओर विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की झलक स्पष्ट दिखाई देती है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता भी महसूस होती है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच जो शैक्षिक असमानता है, उसे कम करना समय की मांग है। इसके लिए आवश्यक है कि संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाए और डिजिटल शिक्षा के माध्यमों को हर छात्र तक पहुंचाया जाए।

घर परिवार के लोग भी उचित वातावरण देने के लिए जिम्मेदार होते हैं। समाज भी व्यापक प्रभाव डालता है। संस्कृति और विद्यालय में पढ़ाई जाने वाले पाठ्यक्रम को भी इस जिम्मेदारी में सम्मिलित किया जाना चाहिए। मूलभूत प्रश्न है कि बच्चों को मिले अंक और तनाव की जिम्मेदारी किस पर डाली जाए। बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उन्हें प्रोत्साहित करना और उनकी रुचियों को समझना अधिक आवश्यक है।

हर विद्यार्थी की क्षमता अलग होती है, और उसी के अनुरूप उसे मार्गदर्शन मिलना चाहिए। असफलता को भी सीखने के अवसर के रूप में स्वीकार करना हमारी शिक्षा संस्कृति का हिस्सा बनना चाहिए। चुनौती बड़ी है। टीवी खोलो तो युद्ध का धुआं है। पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। जैव विविधता पर संकट है। ग्लोबल वार्मिंग हैं। सारा वातावरण बच्चों को अवसाद की ओर ले जाता है, इसलिए सारा दोष बच्चों पर ही डालना उचित नहीं है। यह विषय गंभीर महत्व का है। इस पर चिंतन होना चाहिए। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# घुमंतू व वंचित समुदायों में शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम

भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती है कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। राष्ट्रीय स्तर पर देखा जाए तो भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है, लेकिन घुमंतू समुदायों के बच्चों में यह दर कई क्षेत्रों में 60 से 70 प्रतिशत तक ही सीमित रह जाती है। वहीं ड्रॉपआउट दर सामान्य आबादी में जहां माध्यमिक स्तर पर लगभग 12–15 प्रतिशत है, वहीं घुमंतू और प्रवासी परिवारों में यह 40 प्रतिशत से भी अधिक पाई जाती है।



निकिता

एक्टिविस्ट

इनकी भूमि के पट्टे आज भी कागजों और अदालतों में उलझे हुए हैं। इस अस्थिरता के कारण लोग अपने घर, भविष्य और बच्चों की शिक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो पाते हैं। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रवासी और घुमंतू परिवारों के लगभग 30 प्रतिशत बच्चों के पास बुनियादी पहचान के दस्तावेज नहीं होते, जिससे उनका स्कूल में नामांकन बाधित होता है।

पलायन और घुमंतू समुदाय की सबसे बड़ी समस्या उनकी पहचान की होती है। स्थाई निवास नहीं होने के कारण, उनके बच्चों के पास जन्म प्रमाण पत्र, आधार या जाति प्रमाण पत्र नहीं होते, जिससे वे सरकारी योजनाओं और स्कूलों में प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। बाबा रामदेव नगर बस्ती में भी यही स्थिति देखने को मिलती है, जिसकी वजह से यहां के अधिकतर बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो पाता। इसके अलावा, शिक्षा के ढांचे की कमी भी एक बड़ी समस्या है।


भारत में घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों की स्थिति पर नीति आयोग और यूनेस्को जैसी संस्थाओं की रिपोर्ट बताती हैं कि इन समुदायों के बच्चों का नामांकन और निरंतर शिक्षा से जुड़ाव बेहद कम है। भारत में प्राथमिक स्तर पर नामांकन दर लगभग 95 प्रतिशत तक ही पहुंच सकी है।


आर्थिक तंगी भी शिक्षा में एक बड़ी बाधा है। कई परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना ही चुनौती है, ऐसे में बच्चों को स्कूल भेजना उनके लिए अतिरिक्त बोझ बन जाता है। बच्चों, खासकर लड़कियों, को घर के कामों और मजदूरी में लगना पड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार भारत में बाल मजदूरी की समस्या का एक बड़ा हिस्सा प्रवासी और घुमंतू परिवारों से आता है, जहां लगभग 10 मिलियन बच्चे किसी न किसी रूप में काम कर रहे हैं। यह आंकड़ा बताता है कि शिक्षा और आजीविका के बीच बच्चों को अक्सर कठिन चुनाव करना पड़ता है।

कोविड महामारी ने इस स्थिति को और खराब कर दिया। इस दौरान स्कूल बंद हो गए और ऑनलाइन शिक्षा का विकल्प उन बच्चों के लिए लगभग असंभव था, जिनके पास न तो स्मार्टफोन थे और न ही इंटरनेट की सुविधा। वर्ल्ड बैंक के अनुसार महामारी के कारण भारत में लगभग 247 मिलियन बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई और इनमें से बड़ी संख्या प्रवासी और गरीब परिवारों की थी। इस पूरी स्थिति को देखते हुए यह स्पष्ट होता है कि शिक्षा पर कई स्तरों पर समस्याओं का पहरा है, जिनमें पहचान की कमी, आर्थिक तंगी, असुरक्षित माहौल, सामाजिक सोच और कमजोर शैक्षिक ढांचा प्रमुख है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# 'साइलेंट किलर' बन रही है लू

भारत में लू अब एक गंभीर मौसमी आपदा के रूप में उभर रही है, जिसे विशेषज्ञ 'साइलेंट किलर' का नाम दे रहे हैं, क्योंकि यह बिना शोर मचाए शरीर का पानी सोख लेती है और जीवन पर भारी पड़ जाती है। इस अदृश्य आफत का सबसे क्रूर वार बुजुर्गों, मासूम बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बीमार व्यक्तियों, दिहाड़ी मजदूरों, झोपड़ी-पट्टी में रहने वाले परिवारों और बेघर लोगों पर होता है।

असंगठित क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे पसीना बहाने वाले श्रमिकों के लिए तो हर दोपहर जानलेवा साबित हो सकती है। लगातार बढ़ता तापमान शरीर की कार्यप्रणाली को झकझोर देता है और समय पर उपचार न मिले तो स्थिति कुछ ही पलों में गंभीर हो जाती है। गर्मी सहने की भी एक सीमा होती है और जब पारा उस सीमा को लांघता है, तो इंसानी सेहत के साथ-साथ देश की उत्पादकता भी झुलसने लगती है, इसलिए हीट वेव से बचाव और जोखिम न्यूनीकरण की तैयारी अब विलासिता नहीं, जीवन की अनिवार्य शर्त बन चुकी है।



डॉ. नंद किशोर

लेखक

उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कानपुर की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साफ किया कि तेज बुखार, लगातार उल्टी और दस्त लू के प्रमुख लक्षण हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल राहत के उपाय करें। भीगे गमछे या तौलिए को सिर पर रखें, चेहरे को ठंडे पानी से बार-बार पोछें। आम का पना, सत्तू का घोल, नारियल पानी, ओआरएस और ग्लूकोज का नियमित सेवन शरीर में खोए हुए लवण और पानी की भरपाई करता है। लू के प्रकोप को थामने का सबसे सरल मंत्र है कि प्यास न लगे तब भी थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।

तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी जैसे फलों और बेल, सौंफ, पुदीना, धनिया के शर्बत, छाछ, लस्सी, नींबू पानी को दिनचर्या में शामिल करें। हल्के रंग के, ढीले सूती कपड़े पहनें और दोपहर 12 से तीन बजे के बीच सीधी धूप में निकलने से बचें। बाहर जाना जरूरी हो तो छाता, गमछा, पानी की बोतल और टोपी को अपना सुरक्षा कवच बना लें। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं पर विशेष नजर रखना बेहद जरूरी है।

अगर बच्चे के पेशाब का रंग गहरा हो रहा है, तो यह डिहाइड्रेशन का स्पष्ट संकेत है। उन्हें लगातार पानी पिलाएं। पास में पानी होने पर हम अनजाने में भी घूंट-घूंट पीते रहते हैं। किसी भी हालत में बच्चों या पालतू जानवरों को धूप में खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। लगातार धूप और लू के थपेड़े किडनी तक को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

खेतों में काम करने वाले किसानों और खुले में काम करने वाले श्रमिकों के लिए खतरा दोगुना है। कार्यस्थल पर ठंडा जल उपलब्ध कराना, भारी काम सुबह या शाम के ठंडे पहर में कराना और दोपहर में छायादार विश्राम सुनिश्चित करना मालिकों की नैतिक जिम्मेदारी है। शराब, चाय, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक और बासी-भारी भोजन से परहेज करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। खाना पकाने के लिए हवादार जगह चुनें। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# राजनीति की दशा-दिशा बदलने की युवा सोच

शरीर के मुकाबले सोच युवा हो तो जमाना कभी नहीं गुजरता। हर दिन नया करना और सीखना ही जिंदगी जीने का दूसरा नाम है। इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कानून, उद्यम से अलग राजनीतिक में भी भविष्य बनाने का जज्बा युवाओं में कम नहीं है। सोच राजनीति की दशा और दिशा बदलने की है। वैसे, दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवाओं के नाम इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में टाइम मैगजीन की 2026 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में दक्षिण एशिया के दो प्रमुख युवा नेताओं को शामिल किया गया। दोनों अपने-अपने देशों में सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में उभरे हैं। एक हैं बालेन शाह और दूसरे हैं तारिक रहमान। बीते दिनों जहां बालेन शाह नेपाल के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, वहीं तारिक रहमान ने भी बतौर सबसे युवा प्रधानमंत्री बांग्लादेश का नेतृत्व संभाला है।

जमीनी हकीकत यह है कि लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक दलों के बिना सरकार का कोई अस्तित्व नहीं है। युवा नेतृत्व से राजनीति की दशा और दिशा बदल सकती है। कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता युवा वर्ग की पहचान कराती है। अपने देश में अगर युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। राजनीति में परिवारवाद एवं जातिवाद के ही पहलू से अलग कुछ पॉजिटिव-क्रिएटिव कर गुजरने को उत्साहित करें।



अजय दयाल

हल्द्वानी

आंकड़ों पर गौर करें, तो पाएंगे कि भारत विश्व की सबसे बड़ी युवा जनसांख्यिकी (15-29 वर्ष) वाला देश है, जिसमें लगभग 35 करोड़ से अधिक युवा आबादी है। हालिया रिपोर्ट (2025-26) के अनुसार, मेरा युवा भारत पोर्टल पर 35 लाख से अधिक युवा पंजीकृत हैं। यह युवा शक्ति देश के लगभग 36 प्रतिशत सकल राष्ट्र आय में योगदान भी दे रही है।

अगर राजनीतिक और सामाजिक सहभागिता पर चर्चा करें तो पाते हैं कि लगभग 30 प्रतिशत युवा सक्रिय राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं, जबकि 25 प्रतिशत बिना किसी दल से जुड़े राजनीतिक चर्चाओं में भाग लेते हैं। केवल 11 प्रतिशत ही किसी राजनीतिक दल के सक्रिय सदस्य हैं। राजनीति के मुकाबले उद्यमशीलता में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं की गणित भी समझिए। 49 प्रतिशत युवा सामाजिक उद्यमी बनना चाहते हैं, लेकिन 58 प्रतिशत को फंडिंग और 39 प्रतिशत को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता महसूस होती है। जनसांख्यिकीय आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में कुल जनसंख्या में 15-29 वर्ष के युवाओं की हिस्सेदारी 27.2 प्रतिशत थी, जो 2036 तक घटकर 22.7 प्रतिशत होने का अनुमान है। सर्वेक्षण कहते हैं कि युवा पारंपरिक राजनीति के बजाय मुद्दों पर आधारित राजनीति में अधिक रुचि रखते हैं।

युवा वर्ग करप्शन फ्री इंडिया चाहता है और इन्हीं में से एक समूह वर्तमान राजनीतिक हालात पर असंतोष जताता है, तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि उसे राजनीति की अच्छाई से अभी अवगत कराया जाए। कुछ अलग पॉजिटिव-क्रिएटिव करने को उत्साहित करें।

इसके अतिरिक्त, बेरोजगारी और सरकारी नौकरियों में अनियमितताएं युवाओं में बैठी चिंताएं हैं, जो उन्हें मुख्यधारा की राजनीति से दूर करती हैं।

वैश्विक राजनीति में युवा नेतृत्व एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है, जहां युवा अब केवल वोटर नहीं, बल्कि नीति-निर्माता और परिवर्तन के वाहक के रूप में भी आगे आ रहा है। यह परिदृश्य पारंपरिक राजनीति से आधुनिक और नवीन दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक परिदृश्य का आकलन करें, तो देखेंगे कि युवाओं की राजनीतिक भागीदारी तो बढ़ी है और बतौर जनप्रतिनिधि ऐसे युवा जलवायु परिवर्तन, शिक्षा, रोजगार और सतत विकास जैसे मुद्दों पर सक्रिय रूप से काम भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में यह जोड़ना आवश्यक है कि दुनिया भर में 30-40 वर्ष की आयु वाले युवा शीर्ष पदों पर पहुंच रहे हैं।

उदाहरण के लिए, फिनलैंड में सना मरीन (34 वर्ष में पीएम), न्यूजीलैंड में जसिंडा आर्डन (37 वर्ष में पीएम) और डेनमार्क में मेटे फ्रेडरिकसन (41 वर्ष में पीएम) ने युवा नेतृत्व की क्षमता को दर्शाया है। इतना ही नहीं, संयुक्त राष्ट्र ने भी शासन और नीति-निर्माण प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी को औपचारिक रूप से मान्यता दी है, जो 2030 के एजेंडे को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है। गहराई से देखें तो, 15-25 वर्ष की आयु के लोग दुनिया की आबादी का पांचवां तो हैं, फिर भी वैश्विक स्तर पर सांसदों की औसत आयु 53 वर्ष है।

# 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'

'मनुष्य के रूप में जन्म क्यों मिला?' इस विषय पर प्राचीन से लेकर अद्यतन विमर्श होते चले आ रहे हैं। शास्त्रों से लेकर व्याख्यान-कार्यक्रमों में अलग-अलग ढंग से इस विषय पर प्रकाश डाले जाते हैं। मूलतः हर कोई 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई, पर पीड़ा सम नहिं अधमाई' के आसपास ही अपना मत रखता है। पर-पीड़ा का अर्थ तो एक सीमित दायरे तक रखा जाता है, जिसमें दूसरों के साथ छल-कपट न करना, असत्य न बोलना, पराई संपत्ति एवं पराए ढंग का संबंध न स्थापित करना तथा अनुचित आहार न ग्रहण करना आदि तक ही है, लेकिन पर-हित की अनन्त व्याख्याएं की जाती हैं, जिसमें दूसरों की मदद करना, असक्षम लोगों को धन, वस्त्र, अनाज आदि का दान करना, संतों की सेवा करना, मंदिर आदि का निर्माण करना।



सलिल पांडेय

मिर्जापुर

वर्ष पर्यंत जितने तीज-त्योहार पड़ते हैं, सब में दान को मुख्य स्थान दिया गया है। मौसम के अनुसार दान की वस्तुओं का उल्लेख भी है। गर्मी के दिनों में शीतलता वाले पदार्थों के दान एवं शीत-ऋतु में गर्म कपड़े दान करने से पुण्य मिलने की बात कही गई है। इसी कड़ी में 'वसुधैव कुटुंबकं' का जिक्र किया गया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि 'कुटुंब' शब्द का अर्थ बहुत गहरा है। कुटुंब में पेड़-पौधे, नदी-ताल-तलैया, धरती-आकाश, पर्वत-झरने सब आते हैं। कुटुंब शब्द की व्यापकता को देखते हुए यहां 'परिवार' शब्द का प्रयोग नहीं किया गया, क्योंकि परिवार में रक्त-संबंधों से जुड़े लोग ही आते हैं।

इसे थोड़ा और व्यापक इतना ही किया जा सकता है कि यदि परिवार में कोई अन्य ऐसा व्यक्ति जो काफी घनिष्ठ हो गया हो, उसके लिए 'परिवार जैसे सदस्य' का प्रयोग तो किया जा सकता है लेकिन विधि-सम्मत स्थानों में तो माता-पिता, पुत्र, पुत्रवधू तथा अविवाहित पुत्री को ही परिवार के सदस्य के रूप में माना जाता है। इस तरह परिवार से ज्यादा बड़ा दायरा कुटुम्ब का होता है। कुटुंब की गहराई को देखा जाए, तो प्रकृति को भी कुटुंब की श्रेणी में लिया जाएगा, इसीलिए हर धार्मिक अनुष्ठानों में पृथ्वी, जल, अग्नि, औषधियों, सूर्य, चंद्रमा, तारे-सितारे, नदी-झरने, ग्रह-नक्षत्र यदि की अनुकूलता के लिए मंत्र पढ़े जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# हर साल एक अरब टन खाना बर्बाद कर डालते हैं हम

विश्व में हम हर साल करीब एक अरब टन खाने योग्य भोजन को बर्बाद कर डालते हैं। इस भोजन से करोड़ों लोगों का पेट भर सकता है, लेकिन हमारी लापरवाही से यह बर्बाद हो जाता है। भोजन की बर्बादी का यह आंकड़ा हाल में संयुक्त राष्ट्र ने जारी किया है, जो बेहद चिंताजनक और सोचने पर मजबूर करने वाला है। दुनिया भर में जब लोग भोजन को बर्बाद कर रहे होते हैं, तब करोड़ों लोग रात को भूखे पेट सोने पर मजबूर होते हैं। बड़ा सवाल यह है कि क्या इन हालात में हमें भोजन की बर्बादी रोकने के लिए संकल्पबद्ध हो कर काम नहीं करना चाहिए?



कहते हैं कि इंसान की असली पहचान उसकी थाली से होती है। एक इंसान क्या खाता है और कितना बचाता है, लेकिन आज हमारी थालियां हमारी संवेदनहीनता का आईना बनती जा रही हैं। हम जरूरत से ज्यादा परोस लेते हैं, फिर आधा खाकर छोड़ देते हैं। ऐसा करते हुए हम यह भूल जाते हैं कि जो रोटी हम छोड़ रहे हैं, वह किसी और की भूख मिटा सकती है।



अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार

अगर हमारे देश भारत के संदर्भ में इसे देखें, तो विरोधाभासी तस्वीर सामने आती है। एक ओर जहां हम 'अन्न को देवता' मानने की बात कहते नहीं थकते, वहीं दूसरी ओर विवाह-शादियों, धार्मिक आयोजनों, जन्मदिन की पार्टियों और अन्य अवसरों पर बड़े आयोजनों में भोजन को बर्बाद करते हैं। बड़े-बड़े पंडालों में बचे हुए खाने के ढेर हम प्रायः रोजाना ही देखते हैं। हम लोग प्लेट में जरूरत से ज्यादा खाना लेते हैं, थोड़ा खाते हैं और बाकी यूं ही छोड़ देते हैं, जैसे उसका कोई मूल्य ही न हो।

गांवों और कस्बों में किसी कार्यक्रम के बाद खाना कूड़े में फेंक दिया जाता है, जबकि उसी गांव-कस्बों में कुछ घर ऐसे भी होते हैं, जहां रात का चूल्हा नहीं जलता। इससे हमारी सोच परिलक्षित होती है। आंकड़े बताते हैं कि बर्बाद हुए भोजन का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा हमारे घरों से आता है। जाहिर है, हम अपनी थाली में अनजाने या लापरवाही से भोजन को बर्बाद कर रहे हैं। भोजन की बाकी 40 प्रतिशत बर्बादी खराब प्रबंधन और योजना की कमी के कारण बाजार, होटल, रेस्टोरेंट और सप्लाई सिस्टम में होती है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के आंकड़ों के अनुसार भारत में सालाना करीब 7.82 करोड़ टन खाना बर्बाद कर दिया जाता है। देश का हर व्यक्ति साल में 55 किलोग्राम खाना बेकार कर देता है, जिसकी कीमत करीब 10.69 लाख करोड़ रुपये होती है। हमें सोचना चाहिए कि भोजन की बर्बादी का दर्द केवल भूख तक सीमित नहीं है। जब हम खाना फेंकते हैं, तो हम उस किसान की मेहनत को भी अनदेखा कर रहे होते हैं, जिसने तपती दुपहरी में खून-पसीना एक किया होता है। साथ ही, उस पानी को भी बर्बाद करते हैं जो सिंचाई में लगता है और उस ऊर्जा की भी अनदेखी कर देते हैं, जो इसे हमारी थाली तक लाने में खर्च होती है। इतना ही नहीं, जब यही खाना कचरे में सड़ता है, तो वह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 30 मार्च को 'शून्य भोजन बर्बादी दिवस' मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि भोजन केवल उपभोग की वस्तु नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। इस मौके पर हम रस्म अदायगी करते हैं, लेकिन इसके तुरंत बाद अप्रैल में होने वाली शादियों के मौके पर भोजन को बर्बाद करने में जुटे दिखते हैं। सवाल उठता है कि हम लोग आखिर क्यों इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं? हममें से कितने ही लोग घर पर भोजन मांगने आए व्यक्ति को दुत्कार कर भगा देते हैं, मगर थाली में भोजन बेकार करके फेंकते हुए हमारा मन विचलित नहीं होता।

सवाल उठता है कि एक गंभीर मुद्दे के प्रति हम उदासीन क्यों हैं? आखिर हमें भोजन को बर्बाद करके मिलता क्या है? क्या यह इतना कठिन काम है, जिसे हम कर ही नहीं सकते? इन सवालों का एक ही जवाब है-हमारी सोच की कमी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो. केवी राजू बने नीति आयोग के सदस्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आर्थिक सलाहकार प्रोफेसर केवी राजू को नीति आयोग का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंजूरी के बाद गई है। यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने से मान्य होगा। अशोक कुमार लाहिड़ी को नीति आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि राजीव गौबा, प्रो. केवी राजू, प्रो. गोबर्धन दास, प्रो. अभय करंदीकर और डॉ. एम. श्रीनिवास को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। प्रो. केवी राजू करीब नौ वर्षों से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे हैं। इससे पहले वे कर्नाटक के मुख्यमंत्री के भी आर्थिक सलाहकार रह चुके हैं। इसके अलावा वह बेंगलुरु के आईएसईसी में प्रोफेसर भी रह चुके हैं।

### पॉलीटेक्निक में आवेदन की अंतिम तिथि 30

**अमृत विचार, लखनऊ :** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)–2026 के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन शुल्क सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये प्रति ग्रुप तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 200 रुपये प्रति ग्रुप निर्धारित किया गया है। एक अभ्यर्थी अधिकतम तीन ग्रुप में आवेदन कर सकता है। अभ्यर्थियों की सहायता के लिए प्रदेशभर के राजकीय, अनुदानित, पीपीपी एवं निजी पॉलीटेक्निक संस्थानों में हेल्प सेंटर स्थापित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट या हेल्पलाइन नंबर 0522–2630106, 2630695, 2630667 और 2636589 पर संपर्क कर सकते हैं।

### निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की ओर से श्रमिकों, कर्मचारियों, पेंशनरों और नियोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से 'निधि आपके निकट 2.0' कार्यक्रम का आयोजन 27 अप्रैल को किया जाएगा। क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत आने वाले छह जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई और रायबरेली में अलग–अलग टीमों द्वारा कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला नोडल अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर भविष्य निधि से संबंधित शिकायतें सुनेंगी और उनका मौके पर निस्तारण करेंगी। लखनऊ में कार्यक्रम इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, ऐशबाग में, जबकि अन्य जिलों में भी निर्धारित संस्थानों में आयोजन होगा।

### स्कूल चलो अभियान में मई से विशेष नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने 'स्कूल चलो अभियान' को मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का लक्ष्य है कि 6 से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। इसी क्रम में 1 मई से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत झुग्गी–झोपड़ियों, श्रमिक बस्तियों और ईंट–भट्ठों में रहने वाले बच्चों को चिन्हित कर उनका विद्यालयों में नामांकन कराया जाएगा। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि ड्रॉपआउट बच्चों की वापसी, बालिकाओं की शिक्षा और ट्रांजिशन दर बढ़ाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। अपर मुख्य सचिव बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रत्येक पात्र बच्चे का नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

### अवैध खनन पर 5.23 लाख का जुर्माना

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में अवैध खनन, उप खनिजों के अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए प्रदेश सरकार ने सख्ती और बढ़ा दी है। इसी क्रम में शनिवार को रायबरेली से उन्नाव और फतेहपुर बॉर्डर तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों के उल्लंघन पर 5.23 लाख रुपये से अधिक का अर्थदंड लगाया गया। भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की सचिव एवं निदेशक माला श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान का नेतृत्व अपर निदेशक अरुण कुमार ने किया। अभियान में लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या के खान अधिकारियों समेत संयुक्त टीम ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच की।

# गो–आश्रय स्थलों में बढ़ती गर्मी से बचाव को करें पुख्ता इंतजाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


- वाटर मिस्टिंग सिस्टम, कूलर की हो व्यवस्था : मुकेश मेश्राम
- भूसा दान अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील

**अमृत विचार :** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी गो-आश्रय स्थलों में पशुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों से कहा गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और सभी व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से लागू की जाएं।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि गो-आश्रय स्थलों में गर्मी से बचाव के लिए वाटर मिस्टिंग सिस्टम, कूलर, पंखे और पर्याप्त छायादार व्यवस्था अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। साथ ही पशुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि इन उपायों से भीषण गर्मी के दौरान पशुओं को सुरक्षित रखा जा सकेगा और उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

सरकार ने संभावित चारा संकट को देखते हुए गो-आश्रय स्थलों में हरा चारा और भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। इसके लिए चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर वहां हाइब्रिड नेपियर घास की बुआई कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि लंबे समय तक चारे की उपलब्धता बनी रहे।

भूसा दान अभियान में प्रदेश के कई जनपद सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अन्य जनपदों से भी इसमें भागीदारी बढ़ाने की अपील की गई है। जिलाधिकारियों द्वारा कई स्थानों पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं की गई हैं। जौनपुर में भूसा दान करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं।



लखनऊ में हेमवती नंदन बहुगुणा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

# हेमवती नंदन बहुगुणा राजनीति के महत्वपूर्ण स्तंभ थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर मुख्यमंत्री ने किया नमन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें भारतीय राजनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने योजना भवन स्थित बहुगुणा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बहुगुणा ने सक्रिय भागीदारी की, जिसके चलते उन्हें ब्रिटिश शासन में जेल भी जाना पड़ा। आजादी के बाद 1952 के पहले आम चुनाव में वे उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य निर्वाचित हुए और बाद में प्रदेश सरकार में मंत्री तथा मुख्यमंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहुगुणा ने केंद्र सरकार में भी विभिन्न मंत्रालयों में कार्य करते हुए देश की सेवा की। उनका राजनीतिक जीवन और विकास का दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है और वर्तमान पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गंगा एक्सप्रेस-वे बनकर तैयार

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 को हरदोई से करेंगे सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- प्रदेश सरकार की रणनीति और यूपीडा की सख्त मॉनिटरिंग से तय समय में पूरा हुआ प्रोजेक्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश का महत्वाकांक्षी गंगा एक्सप्रेस-वे अब लोकार्पण के लिए पूरी तरह तैयार है। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह मेगा एक्सप्रेस-वे 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरदोई से देश को समर्पित किया जाएगा। लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह परियोजना देश के सबसे बड़े और लंबे एक्सप्रेस-वे में शामिल है।

राज्य सरकार की रणनीतिक योजना और उप्र. एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते इस परियोजना को तय समयसीमा में पूरा किया गया है। निर्माण कार्य को गति देने के लिए इसे चार पैकेज में विभाजित किया गया, जिससे अलग-अलग एजेंसियों ने समानांतर रूप से काम करते हुए तेजी से प्रगति सुनिश्चित की।

चारों पैकेज में पहले की लंबाई 129.70 किमी, दूसरे की 151.70 किमी, तीसरे की 155.70 किमी और चौथे की 156.847 किमी निर्धारित की गई। प्रत्येक पैकेज पर करीब नौ से 9.5 हजार करोड़ रुपये तक का निवेश हुआ। मल्टी-पैकेज मॉडल के कारण निर्माण कार्य में तेजी आई और समय-सीमा का प्रभावी पालन संभव हो सका। राज्य सरकार के अनुसार, गंगा एक्सप्रेस-वे केवल यातायात सुविधा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक आर्थिक कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, यात्रा समय में कमी आएगी और लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी।

परियोजना के साथ इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। माना जा रहा है कि यह एक्सप्रेस-वे प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# 1270 करोड़ से 10 जिलों में विकसित होंगी 15 परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिल्डर निर्मित करेंगे 3102 आवासीय व व्यावसायिक इकाइयां
- रेरा ने लखनऊ, मुरादाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, बदायूं, गाजियाबाद समेत अन्य जिलों को दी मंजूरी

**अमृत विचार :** लखनऊ, मुरादाबाद, मेरठ, बदायूं, गाजियाबाद, वाराणसी, प्रयागराज, मुज्जफरनगर, गौतमबुद्ध नगर व गोरखपुर में 3,102 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित इकाइयां विकसित की जाएंगी। बिल्डर परियोजनाओं पर 1270 करोड़ रुपये से अधिक निवेश करेंगे। शनिवार को लखनऊ मुख्यालय में अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित 201वीं प्राधिकरण की बैठक में 15 परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। विकसित इकाइयों में भूखंड, विला, फ्लैट, कॉलोनी, दुकान, कॉम्पलेक्स आदि खरीदारों को राहत मिलेगी।

निवेश के मामले में गौतमबुद्ध नगर अग्रणी रहा। 507.77 करोड़ लागत की दो परियोजना में 380 आवासीय व 169 व्यावसायिक इकाइयां निर्मित की जाएंगी। लखनऊ में सबसे अधिक चार परियोजनाओं को स्वीकृति मिली। बिल्डरों द्वारा 90.77 करोड़ से 330 आवासीय व 348 व्यावसायिक इकाइयां विकसित की जाएंगी।



रेरा के लखनऊ मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी। अमृत विचार

इससे राजधानी में आवासीय व व्यावसायिक ढांचा और मजबूत होगा।

मुरादाबाद में 335.77 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना में 627 आवासीय इकाइयां, बदायूं में 72 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 226 आवासीय इकाइयां, वाराणसी में 36.68 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना में 98 आवासीय इकाइयां, मेरठ में 20.25 करोड़ लागत की एक आवासीय परियोजना में 76 आवासीय इकाइयां विकसित करने को मंजूरी दी गई। इसी तरह प्रयागराज में 31.19 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 99 आवासीय इकाइयां, मुजफ्फरनगर में 12.37 करोड़ की एक आवासीय परियोजना में 127 आवासीय इकाइयां, गाजियाबाद में 122.18 करोड़ की एक व्यावसायिक परियोजना में 330 व्यावसायिक इकाइयों के साथ गोरखपुर में 41.50 करोड़ लागत की एक व्यावसायिक परियोजना में 292 व्यावसायिक इकाइयों का निर्माण करने की स्वीकृति दी गई।

# ट्रिपिंग स्वीकार्य नहीं, हर हाल में दें निर्बाध बिजली : शर्मा



**अमृत विचार, लखनऊ/वाराणसी :** प्रदेश में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सख्त रुख अपनाते हुए ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी क्षेत्र में विद्युत ट्रिपिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्बाध और सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री वाराणसी दौरे के दौरान सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वाराणसी जैसे प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन नगर में बिजली व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए। साथ ही, अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य में तेजी लाने और बढ़ती मांग के अनुरूप योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर जोर दिया, ताकि भविष्य में उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। एके शर्मा ने निर्देश दिया कि एक किलोवाट तक के घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की बिजली नेगेटिव बैलेंस होने पर भी एक माह तक नहीं काटी जाएगी।

# सर्वोदय विद्यालयों का यूपी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के परीक्षा परिणामों में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता का नया मानक स्थापित किया है। हाईस्कूल में इन विद्यालयों का परिणाम 99.19 प्रतिशत और इंटरमीडिएट में 99.03 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, यह सफलता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर संसाधनों और अनुशासित वातावरण का परिणाम है। सरकार द्वारा स्मार्ट क्लास, प्रशिक्षित शिक्षकों की तैनाती और आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसी सुविधाओं ने छात्रों के प्रदर्शन को नई दिशा दी है।

गाजियाबाद के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय, निडौरी की छात्राओं ने विशेष उपलब्धि हासिल की। इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में अंजली पुंडीर ने 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि अंशिका ने 87.40 प्रतिशत अंक के साथ छठा स्थान हासिल किया।

# अलीगढ़ हादसे की जांच को तीन सदस्यीय समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में पाइपलाइन मरम्मत कार्य के दौरान हुए हादसे का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। इस दुर्घटना में एक श्रमिक की मौत हो गई थी। शासन की ओर से मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि घटना की जांच के लिए अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसमें अधिशासी अभियंता (निर्माण) और कर निर्धारण अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। समिति को तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भाजपा 25 सीटें दे, नहीं तो अकेले लड़ेंगे

## आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले की दो टूक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी आरपीआई भाजपा के साथ गठबंधन में 25 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि पार्टी की मांगों पर सहमति नहीं बनती है तो आरपीआई अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी।


आरपीआई अध्यक्ष रामदास आठवले।

आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उप्र. में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति का खुलासा राजधानी लखनऊ में शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में आरपीआई और भाजपा का गठबंधन मजबूत है और यही मॉडल उत्तर प्रदेश में भी लागू किया जाएगा। साथ ही, दावा किया कि प्रदेश की दलित बाहुल्य सीटों पर आरपीआई की मजबूत दावेदारी है और पार्टी इन क्षेत्रों में प्रभावी प्रदर्शन करेगी।

वहीं बसपा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बसपा लंबे समय तक सत्ता में रही, लेकिन अब उसकी स्थिति कमजोर होकर एक सीट तक सीमित रह गई है, ऐसे में आरपीआई के पास आगे बढ़ने का अवसर है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि दलित बाहुल्य गांवों में समाज भवन बनाए जाएं और उनके संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय दलित समुदाय को सौंपी जाए। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि पार्टी जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगी।

# छात्र नवाचारों में स्मार्ट व्हीलचेयर अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


लखनऊ स्थित विज्ञान भवन में अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

- इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के अभिनव प्रोजेक्ट्स ने किया आकर्षित

**अमृत विचार:** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, उप्र. की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में आयोजित इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की नवाचार आधारित परियोजनाओं के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन कार्यक्रम में छात्रों के अभिनव प्रोजेक्ट्स ने आकर्षित किया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान भवन, नबीउल्लाह रोड में किया गया, जहां प्रदेश के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थियों ने समाजोपयोगी और पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए।

वर्ष 2017 से संचालित इस योजना के अंतर्गत इस बार 2025-26 सत्र में प्रदेशभर से कुल 399 परियोजनाएं प्राप्त हुईं। विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन के बाद 60 परियोजनाओं को अधिकतम 20 हजार रुपये तक की अनुदान राशि के लिए चयनित किया गया। चयनित परियोजनाओं को प्रारंभिक चरण में 10 हजार रुपये की अग्रिम राशि भी प्रदान की गई।

**स्मार्ट व्हीलचेयर को मिला प्रथम पुरस्कार :** प्रतियोगिता में गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के अनुज कुमार यादव एवं उनकी टीम को "आईओटी आधारित स्मार्ट व्हीलचेयर" प्रोजेक्ट के लिए प्रथम पुरस्कार (1 लाख रुपये) प्रदान किया गया। इस व्हीलचेयर में वॉयस कंट्रोल, टक्कर से बचाव और स्वास्थ्य निगरानी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

द्वितीय पुरस्कार (75 हजार रुपये) अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज के यश चंद्र को बैलिस्टिक अनुप्रयोग से जुड़े डिफेंस प्रोजेक्ट के लिए मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार (50 हजार रुपये) के आईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रणव चौधरी को स्वचालित कचरा संग्रहण प्रणाली प्रोजेक्ट के लिए दिया गया। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं सभी विद्यार्थियों व उनके मार्गदर्शकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**तैयारी** जिला स्तरीय वर्गों को परिणामोन्मुखी बनाने के दिए गए निर्देश

# कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भाजपा का जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रशिक्षण महाभियान से संगठन को मिलेगी मजबूती: पंकज चौधरी

**अमृत विचार:** भाजपा के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आयोजित प्रदेश स्तरीय बैठक में प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान संगठन को मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाते हैं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्गों को सुव्यवस्थित और परिणामोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है, इसलिए प्रशिक्षण को सतत प्रक्रिया के रूप में अपनाया जाना चाहिए।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा एक कैडर आधारित और अनुशासित संगठन है, जिसकी मजबूती का आधार प्रशिक्षित कार्यकर्ता हैं। प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं की नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक समझ विकसित होती है। बैठक में मंडल स्तर पर अब तक हुए प्रशिक्षण वर्गों की समीक्षा की गई और आगामी जिला स्तरीय कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक विकास और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री व प्रशिक्षण महाभियान के संयोजक एमएलसी अनूप गुप्ता ने किया। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय प्रभारी, जिला अध्यक्ष, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी तथा आईटी व सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# गन्ने की फसल पर अंकुर–चोटी बेधक कीट का खतरा बढ़ा, चेतावनी जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अप्रैल से जून तक विशेष निगरानी जरूरी, समय पर उपाय से बच सकती है पैदावार

**अमृत विचार :** प्रदेश में गन्ना किसानों के लिए उत्तर प्रदेश गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग ने अंकुर बेधक (अर्ली शूट बोरर) और चोटी बेधक (टॉप बोरर) कीट के बढ़ते प्रकोप को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, कई चीनी मिल क्षेत्रों में इन कीटों की प्रथम पीढ़ी का असर दिखाई देने लगा है, जिससे फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है।

अपर मुख्य सचिव वीना कुमारी मीना ने बताया कि अप्रैल से जून के बीच यह कीट तेजी से सक्रिय रहते हैं। ऐसे में किसानों को फसल की



नियमित निगरानी करनी होगी, ताकि समय रहते नियंत्रण किया जा सके। विभाग के अनुसार, यह कीट गन्ने की गोंफ को अंदर से नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे बीच की पत्तियां सूख जाती हैं और पौधा कमजोर हो जाता है। प्रभावित गन्ने की गोंफ खींचने पर आसानी से बाहर निकल आती है, जो प्रकोप का प्रमुख संकेत है।

किसानों को सलाह दी गई है कि प्रभावित पौधों को सूंड़ी और प्यूपा सहित जमीन की सतह से काटकर नष्ट करें। साथ ही, अंडों और सूंड़ी को नष्ट करने, ट्राइकोकार्ड के प्रयोग, तथा आवश्यक रासायनिक दवाओं के छिड़काव/ड्रेंचिंग जैसे उपाय अपनाएं। खेतों में फेरोमोन या लाइट ट्रैप लगाने से भी वयस्क कीटों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। विभाग ने कहा है कि समय पर रोकथाम के उपाय अपनाकर फसल को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है और उत्पादन में गिरावट को रोका जा सकता है।

### एक्सिस बैंक का लाभ घटकर 7,071 करोड़ रुपये

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक को वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 7,071 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो सालाना आधार पर 0.6 प्रतिशत कम है। बैंक के निदेशकमंडल की शनिवार सुबह हुई बैठक में वित्तीय परिणामों को मंजूरी प्रदान की गयी। प्रति इक्विटी शेयर एक रुपये के लाभांश के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।

# शेयर बाजार का सफर लंबा व विश्वस्तरीय

## सेबी के स्थापना दिवस में बोलीं वित्त मंत्री- बिखरी निगरानी से रीयल-टाइम पर्यवेक्षण तक पहुंची बाजारों की यात्रा

मुंबई, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत के प्रतिभूति बाज़ार की विकास यात्रा में बड़ी उपलब्धियों को को रेखांकित करते हुए कहा कि यह यात्रा उल्लेखनीय रही है और भारतीय बाजार आज एक मज़बूत, प्रौद्योगिकी-आधारित और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र में सबसे अच्छे बाजारों में एक है।

वित्त मंत्री ने विश्वास और ईमानदारी को बाजार की अदृश्य लेकिन सबसे अहम अवसंरचना बताते हुए बाजार विनियामक सेबी से कदाचार के विरुद्ध बहुत कठोर रुख अपनाने को कहा।

श्रीमती सीतारमण ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के 38वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते कहा कि भारतीय बाज़ारों की यात्रा पारंपरिक ट्रेडिंग रिंग से निकल कर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक ऑर्डर बुक तक, भौतिक शेयर प्रमाणपत्रों से पूर्ण डीमैटेरियलाइजेशन तक, और बिखरी हुई निगरानी से रीयल-टाइम नियामकीय पर्यवेक्षण तक पहुंच गयी है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय वित्तीय बाज़ारों का विकास विभिन्न चुनौतियों और अस्थिरता के दौर से हुआ है, जिसने नियमन और बाज़ार अवसंरचना को मज़बूत बनाया। इन अनुभवों से सीखते हुए देश ने बेहतर संस्थान और परिपक्व वित्तीय प्रणाली विकसित की है। उन्होंने बताया कि सेबी की प्रभावशीलता उसके अधिकारों से अधिक उनके अनुशासित क्रियान्वयन में निहित है।

भारत ने जनवरी 2023 में सभी सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के लिए टी 1 (ट्रेड प्लस वन) सेटलमेंट चक्र लागू कर वैश्विक नेतृत्व दिखाया, जिससे लेनदेन एक कार्यदिवस में पूरा हो जाता है। इसे अमेरिका ने 2024 में अपनाया।

इसके अलावा, एएसबीए प्रणाली ने आईपीओ प्रक्रिया को सरल बनाते हुए निवेशकों के धन को केवल आवंटन तक ही ब्लॉक रखने की सुविधा दी। सेबी और एनपीसीआई के सहयोग से यूपीआई के माध्यम से आईपीओ आवेदन संभव हुआ, जिससे खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

उन्होंने कहा कि देश की डिपॉजिटरी प्रणाली भी अत्यंत उन्नत है, जहां बड़ी मात्रा में डीमैट प्रतिभूतियाँ सुरक्षित हैं। सेबी की कानूनी मजबूती उसके उच्च सफलता दर से भी स्पष्ट होती है। वित्त वर्ष 2025-26 में 366 आईपीओ के माध्यम से लगभग 1.9 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए, जो मजबूत नियामकीय ढांचे का परिणाम है।

हालांकि, मंत्री ने चेतावनी दी कि बढ़ती निवेशक भागीदारी के साथ जागरूकता भी जरूरी है। बिना समझ के निवेश जोखिमपूर्ण हो सकता है, इसलिए निवेशक संरक्षण को और सशक्त बनाना होगा। उन्होंने कहा कि नियमन अत्यधिक कठोर न होकर पारदर्शी और पूर्वानुमानित होना चाहिए।

उन्होंने विश्वास और ईमानदारी को वित्तीय बाज़ारों की आधारशिला बताते हुए कहा कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और प्रभावी प्रवर्तन से ही निवेशकों का भरोसा कायम रहता है। साथ ही, अपंजीकृत वित्तीय सलाहकारों और भ्रामक इन्फ्लुएंसर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की आवश्यकता पर भी जोर दिया।



मुंबई में सेबी के 38वें स्थापना दिवस समारोह में अभियान 'जागरूक' का शुभारंभ करतीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण। साथ खड़े हैं सेबी के चेयरमैन तुहिनकांत पांडेय।

### किया आगाह-साइबर सुरक्षा को लेकर अत्यंत सतर्क रहें वित्तीय संस्थाएं

**मुंबई।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्तीय क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं से साइबर सुरक्षा जोखिमों के प्रति अत्यंत सतर्क रहने का आग्रह किया। सीतारमण ने कहा कि किसी भी शेयर बाजार या अभिरक्षक संस्था (डिपॉजिटरी) पर एक भी साइबर हमला आर्थिक गतिविधियों को बाधित कर सकता है और आम लोगों के विश्वास को प्रभावित कर सकता है। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित नए और उन्नत उपकरणों के आने से स्वचालित साइबर हमलों का खतरा बढ़ा है, जिससे साइबर सुरक्षा की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। सीतारमण ने कहा कि केवल सेबी ही नहीं, बल्कि सभी विनियमित संस्थाओं को अत्यंत सतर्क रहना होगा। हमले के तरीके तेजी से विकसित हो रहे हैं और बचाव के साधनों को उससे भी अधिक तेजी से विकसित करना होगा।

## बिजनेस ब्रीफ

### टाटा स्टील ने नोटिस के खिलाफ दायर किया पुनरीक्षण आवेदन

**मुंबई।** टाटा समूह की इस्पात कंपनी टाटा स्टील ने झारखंड के रामगढ़ जिला खनन कार्यालय (डीएमओ) के 1,755 करोड़ के नोटिस को चुनौती देते हुए केंद्रीय कोयला मंत्रालय के पास पुनरीक्षण के लिए आवेदन दिया है। कंपनी को यह नोटिस वित्त वर्ष 2000-01 से 2006-07 के बीच उसकी पश्चिमी बोकारो कोयला खदान में तय सीमा से अधिक अयस्क कोयला खनन के लिए जारी किया गया है। आरोप है कि कंपनी ने इस दौरान सीमा से 1,62,40,399 टन ज्यादा अयस्क कोयला निकाला था। इसके लिए उससे 1755 करोड़ 10 लाख 54 हजार 29 रुपये की मांग की गयी है। यह नोटिस उसे 03 अप्रैल को प्राप्त हुआ था जिस पर 30 मार्च की तारीख है। कंपनी ने शुक्रवार देर रात शेयर बाजार को डीएमओ रामगढ़ के नोटिस के खिलाफ दायर आवेदन की जानकारी देते हुए कहा कि इस मांग में अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया गया है और इसका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है।

### पेमेंट बैंक पर कार्रवाई का पेटीएम पर कोई असर नहीं : कंपनी

**नयी दिल्ली।** भारत की अग्रणी भुगतान ऐप पेटीएम (वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड) ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) पर भारतीय रिजर्व बैंक की कार्रवाई का कंपनी पर कोई वित्तीय या व्यावसायिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। कंपनी ने दोहराया कि बैंकिंग इकाई के साथ उसका कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक समझौता या जोखिम नहीं है। नोएडा स्थित इस दिग्गज फिनटेक कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि पीपीबीएल स्वतंत्र रूप से काम करता है और इसमें पेटीएम का कोई बोर्ड या प्रबंधन हस्तक्षेप नहीं है। पेटीएम और उसकी सेवाएं, बिना किसी रुकावट के चल रही हैं, और आगे भी निर्बाध रूप से जारी रहेंगी।

### एटीसी सेवाओं के प्रस्तावित निजीकरण पर जताई चिंता

**मुंबई।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरों के निकाय एटीसेपा ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) सेवाओं के प्रस्तावित निजीकरण पर चिंता जताई की है। निकाय का कहना है कि एक स्वायत्त नियामक संस्था स्थापित किए बिना प्राधिकरण से नियंत्रण हटाना एक ऐसा नीतिगत निर्णय माना जा सकता है, जो भारत की राष्ट्रीय रणनीतिक क्षमताओं को कमजोर करता है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू को 23 अप्रैल को लिखे पत्र में, एयर ट्रैफिक सेफ्टी इलेक्ट्रॉनिक पर्सनल एसोसिएशन (इंडिया) के महासचिव वाई पी गौतम ने कहा कि इस मामले पर उच्चतम नीतिगत स्तर पर तत्काल पुनर्विचार की आवश्यकता है।

# आयोग ने उठाया रोजगार कौशल में वृद्धि का बीड़ा

कारोबार डेस्क, कानपुर





- विकसित भारत-2047 के लिए शिक्षा से रोजगार और उद्यम की उच्चस्तरीय स्थायी समिति गठित
- कंपनियों के ऑटोमेशन व एआई से छंटनी के खतरे के साथ नए तकनीकी कौशल की बढ़ी मांग

**अमृत विचार।** केंद्र सरकार ने शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के बीच संबंध मजबूत करने के लिए नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम (ईईई) की जिस उच्च स्तरीय स्थाई समिति का गठन किया है, उससे बेरोजगारी दर में कमी आने की संभावना है।

यह समिति शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई को पाटने के लिए समग्र और समन्वित उपायों की सिफारिश करेगी। सरकार का यह कदम उस चिंता के बीच आया है, जिसमें स्नातकों की बेरोजगारी बढ़ने के साथ उद्योग जगत के पास कौशल की कमी की शिकायत की गई थी। इसके साथ ही जिस तरह इस समय कंपनियां तेजी से ऑटोमेशन और आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस की ओर बढ़ रही हैं, उससे कई तरह के पदों में छंटनी के साथ नए तकनीकी कौशल की मांग बढ़ रही है।

मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बनाए गए पैनल को विकास दर में वृद्धि, रोजगार व निर्यात को बढ़ावा देने वाले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने का काम सौंपा था।

इस पैनल की रिपोर्ट के बाद ही 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम' के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस उच्चस्तरीय स्थाई समिति में फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एंड स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एफआईएसएमई) को भी नामित किया गया है।

समिति में श्रम और रोजगार, कौशल विकास व उद्यमिता, सांख्यिकी व कार्यक्रम कार्यान्वयन और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी जैसे केंद्रीय मंत्रालयों के सचिवों के अलावा वाणिज्य, आर्थिक मामले, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा और साक्षरता सहित प्रमुख विभागों के सचिवों के साथ आंध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव भी शामिल किए गए हैं। समिति में नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम), भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की), भारतीय सूक्ष्म व लघु और मध्यम उद्यम परिसंघ (एफआईएसएमई), सेवा निर्यात संवर्द्धन परिषद (एसईपीसी) और तिरुपुर निर्यातक संघ को भी स्थान दिया गया है। शिक्षा क्षेत्र से इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) और और शिव नादर यूनिवर्सिटी के संकाय को जगह मिली है।

समिति को उन चुनौतियों की पहचान करने का काम सौंपा गया है जो रोजगार और उद्यमिता की राह में बाधक हैं। समिति सेवा उपक्षेत्रों में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और निर्यात आय की उच्च क्षमता वाले क्षेत्रों में मौजूद कमियों का भी आकलन करेगी। साथहीउभरती प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से एआई के कारण रोजगार और कौशल पर पड़ने वाले प्रभाव का मूल्यांकन करके उपाय सुझाएगी।

### वैश्विक तनाव से उत्तराखंड के उद्योगों पर गंभीर प्रभाव

# आयात-निर्यात की बाधाओं से प्रभावित हो रहे उद्योग, बढ़ रही अनिश्चितता

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचार:** अमेरिका-ईरान युद्ध जैसे अंतर्राष्ट्रीय तनावपूर्ण हालातों का असर जहां देश के कई हिस्सों में अलग-अलग हिसाब से पड़ रहा है तो प्रदेशीय स्तर पर पर्वतीय राज्य उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं है। विशेष रूप से उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में स्थित औद्योगिक क्षेत्रों- काशीपुर, रुद्रपुर, सितारगंज, हरिद्वार और देहरादून के उद्योग अनिश्चितता, महंगे कच्चे माल, परिवहन लागत में वृद्धि और निर्यात-आयात बाधाओं से प्रभावित हैं।

कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केजीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष एवं उद्योगपति राजीव घई ने इस संबंध में शनिवार को 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि, मध्य पूर्व क्षेत्र में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आता है, जिससे डीज़ल, पेट्रोल, बिजली, परिवहन एवं उत्पादन लागत सीधे बढ़ जाती है। इसका सबसे अधिक असर लघु, मध्यम एवं निर्यात आधारित उद्योगों पर पड़ता है, जो पहले से ही प्रतिस्पर्धा और वित्तीय दबाव झेल रहे हैं। क्रूड आयल की कमी से उद्योगों के लिए आवश्यक ग्रीस, लुब्रिकेंट, ट्रांसफार्मर तेल आदि की कीमतें बहुत बढ़ गई। साथ ही, उनकी उपलब्धता में भी बहुत कमी आ गई है। विदेश से निर्यात होने वाले मेंटल, केमिकल की उपलब्ध बहुत महंगाई के साथ हो पा रही है। दवाईयों से संबंधित फैक्ट्रियां बहुत प्रभावित हैं।



- सरकार को उद्योगों के लिए राहत पैकेज देना चाहिए : राजीव घई

उद्योगपति घई कहते हैं कि, उत्तराखंड के उद्योगों में ऑटो पार्ट्स, फार्मा, पैकेजिंग, खाद्य प्रसंस्करण, प्लास्टिक, पेपर एवं इंजीनियरिंग इकाइयां प्रमुख हैं। इन क्षेत्रों में कच्चे माल की लागत बढ़ने, कंटेनर भाड़ा महंगा होने और विदेशी बाजारों में मांग घटने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

यदि स्थिति लंबी चली तो रोजगार पर भी असर पड़ना स्वाभाविक है।

उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार से मांग की कि उत्तराखंड के उद्योगों को राहत देने के लिये बिजली दरों में स्थिरता, ब्याज सहायता, निर्यात प्रोत्साहन, परिवहन सब्सिडी और एमएसएमई इकाइयों के लिए विशेष पैकेज घोषित किया जाए, ताकि उद्योगों का मनोबल बना रहे और रोजगार सुरक्षित रह सके।



केजीसीसीआई के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बातचीत में कहा कि, खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध को लेकर उद्योगों के सामने गंभीर संकट पैदा हो गया है। पेट्रोलियम आधारित पदार्थों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। कोयला खरीदना भी महंगा हो गया है। कोयले के रेट भी बढ़ गए हैं। कंटेनरों का भाड़ा बढ़ गया है। बंदरगाहों से कंटेनर आने में काफी समय लग रहा है। उनका कहना है कि केजीसीसीआई ने भारत और राज्य सरकारों से इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की है।

# भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में स्टार्टअप ने पेश किए नए समाधान

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में आयोजित भारत वेंचर्स शिखर सम्मेलन में शनिवार को स्टार्टअप ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, बैंकिंग, वित्त और परिवहन क्षेत्रों में नए समाधान पेश किए। कार्यक्रम में 20 से अधिक स्टार्टअप ने निवेशकों के सामने अपने नवाचार के बारे में बताया। कार्यक्रम में बैंकिंग और वित्त से जुड़े स्टार्टअप ने फिनटेक मंच, डिजिटल भुगतान समाधान, ब्लॉकचेन-आधारित सुरक्षा प्रणालियों और सूक्ष्म वित्त मॉडल पर ध्यान आकर्षित किया। इनका मकसद दक्षता को और अधिक बढ़ाना है।

परिवहन क्षेत्र पर केंद्रित स्टार्टअप ने विद्युत गतिशीलता, कृत्रिम मेधा आधारित यातायात प्रबंधन और हरित परिवहन में नवाचार के बारे में बताया, जिन्हें भविष्य-उन्मुख शहरी ढांचे के लिए अहम माना जा रहा है। भारत वेंचर शिखर सम्मेलन के दौरान फेडरेशन ऑफ यूनिकॉर्न इनोवेटिव स्टार्टअप्स एंड इंडस्ट्रीज (एफयूआईएसआई) के पदाधिकारियों का स्थापना समारोह भी हुआ, जिसमें शोधकर्ताओं, नवप्रवर्तकों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एफयूआईएसआई के चेयरमैन आनंद पोद्दार ने कहा कि संस्था का लक्ष्य 10,000 स्टार्टअप को सलाह, अनुदान और ज्ञान-साझाकरण पहलों के माध्यम से सहयोग देना है।


संगठन का ध्यान नवीकरणीय ऊर्जा, मीडिया तकनीक, हरित अर्थव्यवस्था और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे क्षेत्रों पर है। भारत वेंचर के चेयरमैन डॉ. संजय खंडेलवाल ने कहा कि स्टार्टअप भारत की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख इंजन है। एफयूआईएसआई के माध्यम से निवेश, मार्गदर्शन और तकनीकी समर्थन देकर युवाओं के विचारों को वास्तविकता में बदलने का प्रयास किया जा रहा है।

### गर्मी से 252 गीगावाट पर पहुंची बिजली की मांग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच कूलिंग उपकरणों, जैसे एयर कंडीशनर और कूलर के बढ़ते उपयोग के कारण देश में बिजली की अधिकतम मांग शुक्रवार को रिकॉर्ड स्तर 252.07 गीगावाट पर पहुंच गई, जो अब तक का सर्वाधिक स्तर है। बिजली मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग 250 गीगावाट दर्ज की गई थी। मंत्रालय के अनुसार, 24 अप्रैल को देश की अधिकतम बिजली मांग 252.07 गीगावाट रही, जबकि 23 अप्रैल को यह 240.12 गीगावाट और 22 अप्रैल को 239.70 गीगावाट दर्ज की गई थी। सरकार ने इस गर्मी के मौसम में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान लगाया था।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# दूसरे राज्यों में भी फैल रहे बंगाल में घुसने वाले घुसपैठिये : हिमंत

## इससे खतरे में पड़ती है पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा : मुख्यमंत्री

कोलकाता, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका परिणाम देश के सभी पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा पर प्रभाव डालेगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता बिस्वा सरमा ने कहा कि घुसपैठ जानी-मानी समस्या है, जो पश्चिम बंगाल को परेशान कर रही है। श्री सरमा ने कहा कि ये अवैध घुसपैठिये जो बेरोकटोक पश्चिम बंगाल की सीमा पार कर लेते हैं, वे अक्सर असम, त्रिपुरा और झारखंड जैसे पड़ोसी राज्यों में फैल जाते हैं। इसके बावजूद, तृणमूल कांग्रेस सरकार इस बारे में कुछ नहीं करती। श्री सरमा के अनुसार, यह स्थिति देश की सुरक्षा, विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालती है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ममता बनर्जी सरकार अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण सीमा पर बाड़ लगाने (फेंसिंग) की परियोजना को जानबूझकर धीमा कर रही है। उन्होंने बताया कि नियोजित 456 किलोमीटर के हिस्से में से केवल 77 किलोमीटर के लिए ही जमीन उपलब्ध करायी गयी है।



एक जनसभा के दौरान असम के सीएम। (फाइल फोटो)

# बंगाल में गरीबों की नहीं, अमीरों की मदद कर रहीं ममता : राहुल गांधी

## बोले-स्वयं को देशभक्त कहते हैं लेकिन देश बेच रहे मोदी

**कोलकाता/श्रीरामपुर, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को एक ही श्रेणी में रखने का प्रयास करते हुए दोनों पर सत्ता के लालच में गरीबों के बजाय अमीरों की मदद करने का आरोप लगाया। गांधी ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी स्वयं को देशभक्त कहते हैं, लेकिन वह देश को बेच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गरीबों के बजाय अमीरों की मदद कर रही हैं, वहीं मोदी पूरे देश में यही कर रहे हैं... दोनों का रोजगार के अवसर पैदा करने से कोई लेना-देना नहीं है। दोनों को सत्ता चाहिए, लेकिन जनता के लिए काम नहीं करते। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, लोगों में नफरत और डर फैलाते हैं। देश दो विचारधाराओं के बीच टकराव देख रहा है।



कोलकाता के शहीद मीनार में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी। फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती

### मेरे खिलाफ कई मामले दर्ज लेकिन ममता के खिलाफ नहीं

**हुगली** जिले के सेरामपुर में में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी के खिलाफ कोई मामला नहीं है। दावा किया कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि वह भाजपा से सीधे मुकाबला नहीं करती हैं। यह बताते हुए कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनसे लगातार पांच दिनों तक 55 घंटे पूछताछ की, कांग्रेस नेता ने पूछा-ममता बनर्जी से कितने घंटे पूछताछ की गई? लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के खिलाफ ईडी या सीबीआई द्वारा कोई जांच नहीं की जा रही है। इस संबंध में टीएमसी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल में कहीं भी पुनर्मतदान का आदेश नहीं

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** र्विाचन आयोग के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी मतदान केंद्र पर पुनर्मतदान की सिफारिश नहीं की गई है। दोनों राज्यों में बृहस्पतिवार को मतदान हुआ था। तमिलनाडु में एक ही बार में सभी 234 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न कराया गया। इसके लिए 75064 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पश्चिम बंगाल में 152 सीटों के लिए 44376 मतदान केन्द्रों पर152 सीट पर वोट डाले गए। दोनों ही राज्यों में मतदान के नये रिकॉर्ड स्थापित हुए हैं।

### तृणमूल उम्मीदवार ने घोषित की संपत्ति

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री एवं टॉलीगंज विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरूप बिस्वास ने अपने चुनावी हलफनामे में लगभग 2.09 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति घोषित की है, जो पांच साल पहले उनके द्वारा घोषित 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। नामांकन पत्रों के साथ दाखिल किए गए हलफनामे के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस नेता बिस्वास की चल संपत्ति 1.83 करोड़ रुपये है।

# तमिलनाडु में मतदान के सटीक आंकड़े जारी करेगा चुनाव आयोग

चेन्नई, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले मतदाताओं का सटीक आंकड़ा जारी करेगा। मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर मतदाताओं का अलग-अलग विवरण भी शामिल होगा। तमिलनाडु की 234 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान हुआ था और मतगणना चार मई को होगी। इसके अलावा, यहां आयोग के प्राधिकारी उन सभी सुरक्षित कक्षों का निरीक्षण करेंगे जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीन रखी गई हैं। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां कहा कि मतदान के दिन जारी 85.15 प्रतिशत मतदान का आंकड़ा अंतिम नहीं है और यह कुछ मतदान केंद्रों से प्राप्त आंकड़ों पर आधारित था।

**आंकड़ों में पुरुष, महिला और ट्रांसजेंडर वोटरों का विवरण भी शामिल होगा**

### कोडईकनाल रवाना हुए मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई, एजेंसी।** मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन शनिवार को कोडईकनाल की संक्षिप्त यात्रा पर रवाना हो गए। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष स्टालिन एक निजी विमान से मदुरै पहुंचे और फिर वहां से सड़क मार्ग से कोडईकनाल के लिए रवाना हुए। राज्य का यह लोकप्रिय पर्यटन स्थल अपनी सुंदर झीलों, पहाड़ी क्षेत्रों और हरे-भरे मैदानों के लिए जाना जाता है। उनकी पत्नी दुर्गा और परिवार के अन्य सदस्य भी उनके साथ हैं। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के 23 अप्रैल को संपन्न होने के बाद उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि अपनी पत्नी और बेटी के साथ पहले ही दुबई की संक्षिप्त यात्रा पर हैं।

# प. बंगाल : चुनाव आयोग ने निलंबित किए 5 पुलिस अधिकारी

कोलकाता, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान निष्पक्षता बनाए रखने में विफल रहने और 'गंभीर कदाचार' के मामले में राज्य सरकार को डायमंड हार्बर के पांच पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने तथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में कहा कि यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा पुलिसकर्मियों के आचरण को लेकर सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर की गई है। जिन अधिकारियों को निलंबित किया जाना है, उनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप गराई, अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) सजल मंडल, डायमंड हार्बर थाना प्रभारी मौसम चक्रवर्ती, फाल्टा थाना प्रभारी अजय बाग और उस्ती थाना प्रभारी अधिकारी सुभेच्छा बाग शामिल हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने आदेश में कहा कि आयोग मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद निर्देश देता है कि इन अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नौका पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों को ले जा रही एक और नौका पर हमला किया जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। अमेरिकी सेना ने यह जानकारी दी। लातिन अमेरिकी जलक्षेत्र में कथित रूप से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाली नौकाओं को नष्ट करने का अमेरिकी अभियान सितंबर की शुरुआत से जारी है और इसमें अब तक कम से कम 183 लोगों की मौत हो चुकी है। अन्य हमले कैरेबियाई सागर में किए गए हैं। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया है कि इनमें से किसी भी नौका पर मादक पदार्थ थे। यूएस सदर्न कमांड ने शुक्रवार को किए हमले की जानकारी देते हुए अपने पहले के बयानों को दोहराया और कहा कि उसने ज्ञात तस्करी मार्गों पर कथित मादक पदार्थ तस्करों को निशाना बनाया।

### न्यूयॉर्क में परमाणु-5 विशेषज्ञों की बैठक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत आंद्रेई बेलौसोव ने कहा है कि न्यूयॉर्क में 2026 परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन के इतर पांच परमाणु-संपन्न देशों (एन-5) के विशेषज्ञों की एक बैठक की योजना बनायी गयी है। रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख श्री बेलौसोव ने स्पूतनिक से बातचीत में यह पूछे जाने पर कि क्या न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन के इतर परमाणु-5 प्रारूप में विशेषज्ञ स्तर के संपर्कों की योजना है, तो उन्होंने कहा, संबंधित समन्वय चल रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि परमाणु-5 प्रारूप शुरू में एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के एजेंडे के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बनाया गया था। बेलौसोव ने कहा, इसलिए संधि समीक्षा सम्मेलन पांच परमाणु शक्तियों के बीच संपर्कों के लिये एक स्वाभाविक मंच है।

### वैकल्पिक ईंधन की सिफारिश करेगा ईयू

**मास्को।** यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) कमी होने की स्थिति में मानक यूरोपीय जेट ईंधन जेट ए-1 के विकल्प के तौर पर जेट ए के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए सिफारिश करने पर विचार कर रहा है। नियामक ने रूस की न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को यह जानकारी दी। फिलहाल इन सिफारिशों को जारी करने के लिए कोई समय-सीमा तय नहीं है। ईएएसए ने कहा कि ज्यादातर ईयू विमानों को जेट ए-1 और जेट ए दोनों पर उड़ान भरने के लिए प्रमाणित किया गया है और अमेरिका से आने वाली उड़ानों में इन दोनों को मिलाकर इस्तेमाल किया जा रहा है।

## महारानी गायत्री देवी के सुपर कंप्यूटर की होगी नीलामी

लंदन, एजेंसी

- 17वीं शताब्दी में पीतल से बनाया गया था यह दुर्लभ कंप्यूटर

जयपुर की महारानी गायत्री देवी के संग्रह से प्राप्त 17वीं शताब्दी में पीतल से बने एक दुर्लभ खगोलीय सुपरकंप्यूटर (एस्ट्रोलैब) को अगले सप्ताह लंदन में सोथबी नीलामीघर में नीलाम किया जाएगा। बुधवार को होने वाली नीलामी में यह सुपरकंप्यूटर 'इस्लामिक जगत एवं भारत की कला' का मुख्य आकर्षण है।

इसे इस सप्ताहांत प्रदर्शित किया गया था और इसकी अनुमानित कीमत 15 से 25 लाख पौंड के बीच है। वर्ष 1612 का यह सुपर कंप्यूटर अपनी तरह का सबसे बड़ा कंप्यूटर माना जाता था और इसे लाहौर के एक मुगल रईस के लिए दो भाइयों ने बनाया था। यह जटिल उपकरण महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय के शाही संग्रह का हिस्सा था और बाद में उनकी पत्नी गायत्री देव के पास रहा और फिर निजी संग्रह में चला गया। गायत्री देवी जयपुर की राजमाता थीं।

नीलामी के विवरण में बताया गया, इसे आगा अफजल ने बनवाया था, जो मुगल साम्राज्य के एक बेहद शक्तिशाली सरदार थे और उस समय सम्राट जहांगीर के अधीन लाहौर का प्रशासन संभाल रहे थे।

## गेमिंग एप्स का मायाजाल: मनोरंजन की आड़ में ठगी

डिजिटल क्रांति के इस दौर में अब स्मार्टफोन संचार के साथ ही मनोरंजन के बड़े केंद्र बन चुके हैं। इसी मनोरंजन की दुनिया का एक काला पक्ष ऑनलाइन गेमिंग एप्स के रूप में उभर रहा है। गेमिंग एप्स केवल खेल तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि वे एक ऐसे संगठित जाल में बदल चुके हैं जो लोगों को बेवकूफ बनाकर मोटी कमाई कर रहे हैं। मनोरंजन के नाम पर शुरू होने वाला यह सिलसिला कब एक गंभीर लत में बदल जाता है, इसका अहसास तक नहीं होता। यह ठगी केवल बैंक खातों से पैसे साफ करने तक सीमित नहीं है, यह आपके निजी डेटा की चोरी, बैंकिंग विवरणों के साथ खिलवाड़ और आपकी मानसिक शांति को पूरी तरह से दांव पर लगा रही है। लोग अमीर बनने के लालच में अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी इन खेलों में झोंक रहे हैं।




### कैसे काम करते हैं गेमिंग एप्स

- भ्रामक विज्ञापन और सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट : बड़े-बड़े सितारे इन एप्स को प्रमोट करते हैं, जिससे इनकी विश्वसनीयता बढ़ जाती है। टीवी और सोशल मीडिया पर करोड़पति बनो जैसे विज्ञापन युवाओं को आकर्षित करते हैं।
- डेटा की सेंधमारी : गेम इंस्टॉल करते समय ये एप्स संपर्कों, लोकेशन और गैलरी तक की एक्सेस मांगते हैं। यह डेटा बाद में डार्क वेब पर बेचा जाता है या ब्लैकमेलिंग के लिए इस्तेमाल होता है।
- बैंकिंग डिटेल्स का जाल : डिपॉजिट और विथड्रॉल के नाम पर आपकी बैंकिंग डिटेल्स ली जाती हैं। कई फर्जी एप्स पैसा जमा होने के बाद अकाउंट ब्लॉक कर देते हैं या सर्वर डाउन का बहाना बनाकर गायब हो जाते हैं।

### सरकारी नियम और नियंत्रण के उपाय

- ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 : सरकार ने 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025' पेश किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य रियल मनी गेम्स पर लगाम लगाना है।
- रियल मनी गेम्स पर प्रतिबंध : लोकसभा में पारित नए बिल के अनुसार, अब पैसों वाले खेलों को पूरी तरह प्रतिबंधित या बेहद कड़ा विनियमित करने का प्रावधान है।
- भारी जुर्माना और सजा : अवैध गेमिंग एप चलाने या प्रमोट करने पर 3 साल तक की जेल और एक करोड़ तक के जुर्माने का नियम है।
- टैक्स व्यवस्था : सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28% जीएसटी लागू किया है ताकि इसकी अनियंत्रित वृद्धि को रोका जा सके।
- ब्लॉकिंग की शक्ति : आईटी मंत्रालय के पास अब उन सभी एप्स और वेबसाइटों को ब्लॉक करने का अधिकार है जो नियमों का उल्लंघन करती हैं।

### साइबर कानून, आंकड़े

- धारा 66डी : संचार उपकरण का उपयोग करके धोखा देने पर सजा का प्रावधान।
- धारा 420 : धोखाधड़ी से संपत्ति हड़पने के मामलों में लागू होती है।
- भारत में पिछले 24 महीनों में ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड से लगभग 20,000 करोड़ सालाना का नुकसान हुआ है। कर्नाटक में 31 महीनों में कर्ज के कारण 32 आत्महत्याएं हुईं।

# जिस भी देश में आप रहते हैं उसके प्रति पूरा वफादार बनें : होसबाले

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह ने भारतीय प्रवासियों को दिया संदेश

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय प्रवासियों को उस देश के प्रति पूरी तरह वफादार रहना चाहिए जहां वर्तमान में वे रह रहे हैं। होसबाले ने कहा कि विदेशों में बसे भारतीय न सिर्फ अपने वर्तमान देश का बेहतर नागरिक बनने का प्रयास करें बल्कि यह भी सिद्ध करें कि हिंदू समाज स्थानीय जीवन के हर क्षेत्र में-चाहे वह नेतृत्व हो, समाजसेवा हो या कोई और दायित्व-सार्थक योगदान देने में सक्षम है।

अमेरिका की यात्रा पर आए होसबाले ने कहा कि यहां उनकी बातचीत का केंद्र मुख्यतः संघ के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा। उन्होंने कहा कि पिछले कई दशकों से संघ के विरुद्ध जारी दुष्प्रचार के कारण अमेरिकियों के मन में इस सौ साल पुराने संगठन की एक विकृत छवि बन गई है। होसबाले ने कहा कि इन तमाम वर्षों में संघ इस विश्वास के साथ चुपचाप काम करता रहा कि हमारा काम ही हमारा संदेश है। लेकिन अब हमने सोचा कि लोगों तक सीधे पहुंचना बेहतर होगा। हमारा संदेश अब कार्यों से ही नहीं बल्कि हमारी कथनी से भी लोगों तक पहुंचना चाहिए।

होसबाले पिछले हफ्ते ब्रिटेन के दौरे के बाद अमेरिका पहुंचे। ब्रिटेन में उन्होंने शैक्षणिक जगत, विचारकों, नीति विशेषज्ञों और भारतीय प्रवासी समुदाय के विभिन्न वर्गों से मुलाकात की। यह सब संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे संपर्क अभियान का हिस्सा है। संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि संगठन के बारे में, खासतौर पर पश्चिमी देशों में कई भ्रांतियां फैली हुई हैं, जहां संघ को हिंदू वर्चस्ववादी संगठन के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि यह दुष्प्रचार दशकों से चला आ रहा है कि संघ हिंदू वर्चस्ववादी है, अल्पसंख्यक विरोधी है, महिला विरोधी है- ऐसी तमाम भ्रांतियां फैलाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका यात्रा का मकसद इन्हीं भ्रांतियों को दूर करना है।



### अमेरिका में बसे भारतीय अच्छे नागरिक बनें मेहनत करके स्थानीय लोगों का दिल जीते

अमेरिका में बसे भारतीय प्रवासियों को होसबाले ने संदेश दिया कि वे अच्छे नागरिक बनें, मेहनत से स्थानीय लोगों का दिल जीतें और यह साबित करें कि हिंदू समाज हर क्षेत्र में योगदान और नेतृत्व देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि संघ का मानना है कि जो भारतीय यहां अपना करियर बनाने आए हैं- चाहे शैक्षणिक क्षेत्र में हो या किसी और में, उन्हें इस देश के प्रति वफादार रहना चाहिए क्योंकि यहीं से उनकी रोजी-रोटी चलती है। उन्हें यहां बेहतर नागरिक बनना चाहिए और यह दिखाना चाहिए कि हिंदू जहां भी जाते हैं, वहां के समाज में योगदान देते हैं - नेतृत्व करते हैं और उस देश के राष्ट्र-निर्माण में भागीदार बनते हैं।

### भारत के साथ हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

शताब्दी वर्ष में संघ के सामने एक अहम जिम्मेदारी यह भी है कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में फैली भ्रांतियों को दूर किया जाए और यह स्पष्ट किया जाए कि संघ किन मूल्यों के लिए खड़ा है। होसबाले ने कहा कि भारत और हिंदू संस्कृति के बारे में जो आख्यान गढ़ा गया है, वह दशकों से-देश के भीतर भी और बाहर भी-विकृत रहा है। इसे सुधारना जरूरी है। उन्होंने कहा कि संघ की पृष्ठभूमि से नहीं आने वाले भी बड़ी संख्या में लोग भारत और हिंदू संस्कृति की सही तस्वीर पेश करने में जुटे हैं। समाज में इन्हीं बातों को फैलाने की जरूरत है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां संघ और अधिक ध्यान देना चाहता है।

## पश्चिम बंगाल में गेहूं घोटाले में ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत गेहूं घोटाले से जुड़े मामले में कोलकाता, बर्दवान और हाबरा स्थित नौ ठिकानों पर तलाशी ले रही है। यह कार्रवाई निरंजन चंद्र साहा और अन्य आरोपियों से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं तथा निर्यातकों के परिसरों पर की जा रही है। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत शुरू की है, जो पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा बशीरहाट थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गयी है। यह मामला घोजाडांगा भूमि सीमा शुल्क केंद्र के उप आयुक्त की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें कल्याणकारी योजनाओं के लिए निर्धारित गेहूं की बड़े पैमाने पर हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। जांच एजेंसी के अनुसार, आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से लाभार्थियों के लिए निर्धारित गेहूं को अवैध रूप से आपूर्ति श्रृंखला से बाहर निकालकर कम कीमत पर प्राप्त किया और फिर उसे खुले बाजार में ऊंची कीमत पर बेच दिया।

## बांग्लादेश में आतंकी हमले की आशंका, अलर्ट जारी

ढाका, एजेंसी

- पुलिस ने की राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा

बांग्लादेश पुलिस ने शनिवार को संसद परिसर समेत प्रमुख प्रतिष्ठानों पर संभावित आतंकवादी हमलों के मद्देनजर राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अलर्ट की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया, खुफिया रिपोर्ट के आधार पर अलर्ट जारी किया गया है। अधिकारी ने अलर्ट को अत्यावश्यक और गोपनीय बताया।

बांग्ला दैनिक 'प्रथम आलो' की खबर के अनुसार, पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी एक पत्र में संसद परिसर, इबादत स्थलों, मनोरंजन स्थलों और सैन्य एवं पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर संभावित समन्वित हमलों की चेतावनी दी गई है, जिनमें शस्त्रागारों को संभावित लक्ष्य माना जा रहा है। 'डेली स्टार' और अन्य समाचार पत्रों की खबर के मुताबिक, प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के एक सदस्य इस्तियाक अहमद सामी उर्फ अबू बक्र की हालिया गिरफ्तारी के बाद अलर्ट जारी किया गया था। बक्र, कथित तौर पर दो बर्खास्त सैन्य कर्मियों के संपर्क में था। खबरों के अनुसार, पत्र में संभावित हमलों के पीछे दो कथित प्रमुख षड्यंत्रकारियों के नाम भी शामिल थे। हालांकि, किसी संगठन का नाम नहीं लिया गया।

पत्र में संदिग्ध हमलावरों को 'देश की समग्र सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक' बताया गया है। कानून लागू करने वाले अधिकारियों के हवाले से समाचार पोर्टल 'टीबीएसन्यूज डॉट नेट' ने बताया कि आतंकवादी समूह हमले करने के लिए कई तरीके अपना सकता है। पुलिस मुख्यालय ने अपराध जांच विभाग (सीआईडी), विशेष शाखा और आतंकवाद रोधी एवं अंतर्राष्ट्रीय अपराध इकाई सहित विशेष पुलिस इकाइयों को सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया है, जबकि देश भर की पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है।

## तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो श्रमिकों की मौत

**थेनी।** थेनी जिले में कुंबम के पास शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में हुए एक शक्तिशाली विस्फोट में दो श्रमिकों की मौत हो गई। यह हादसा कट्टुपल्लीवासल रोड पर स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में हुआ। मुथुलक्ष्मी के स्वामित्व वाली यह इकाई चुनाव की वजह से अवकाश के कारण चार दिनों से बंद थी और शनिवार सुबह ही फिर से खुली थी। विस्फोट तब हुआ जब सूर्या और दिनेश उर्फ दीना नामक दो श्रमिकों ने उस कमरे का दरवाजा खोला जहां कच्चा माल और रसायन रखे हुए थे। विस्फोट से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## नहीं बढ़ेगी रूस और ईरान से तेल खरीदारी की अवधि

- अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने किया दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका, रूस और ईरान से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीदारी के लिए दी गई छूट की अवधि को नहीं बढ़ाएगा। यह बात अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कही। उन्होंने कहा, ईरानियों के लिए नहीं... हमने नाकेबंदी कर रखी है और वहां से कोई तेल बाहर नहीं आ रहा है। हमें लगता है कि अगले दो-तीन दिनों में उन्हें अपना उत्पादन बंद करने की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि वह रूस से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के लिए दी गयी छूट को एक बार फिर बढ़ाने की कल्पना भी नहीं कर सकते। अमेरिका के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने मार्च में आम लाइसेंस जारी किए थे, जिनके तहत रूस और ईरान के उस तेल से जुड़े सभी लेन-देन को मंजूरी दी गयी थी, जो क्रमशः 11 अप्रैल और 19 अप्रैल तक जहाज़ों पर लादा जा चुका था। एनबीसी न्यूज़ ने 21 मार्च को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि इससे ईरान को 14 अरब डॉलर से ज़्यादा की कमाई हो सकती है। बेसेंट ने हालांकि बाद में इस अनुमान को मनगढ़ंत बात कहकर खारिज कर दिया था। अमेरिका के वित्त विभाग ने 14 अप्रैल को कहा था कि वह ईरान के तेल पर लगी पाबंदियों में दी गयी छूट की समय-सीमा को खत्म होने देगा।

## ईरान के तेल नेटवर्क और चीनी रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के ऊर्जा और समुद्री नेटवर्क पर प्रतिबंधों को और कड़ा करते हुए इकोनॉमिक फ्यूरी अभियान के तहत नई कार्रवाई की घोषणा की है। अमेरिका ने चीन स्थित हेंगली पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी सहित लगभग 40 शिपिंग कंपनियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाए हैं। इन पर ईरानी तेल के निर्यात में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, हेंगली रिफाइनरी ईरानी कच्चे तेल की बड़ी खरीदार रही है और इसने अरबों डॉलर के तेल उत्पाद खरीदकर ईरान की ऊर्जा आय को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्रवाई में ईरान के तथाकथित शैडो फ्लीटको भी निशाना बनाया गया है, जिसमें ऐसे टैंकर शामिल हैं जो प्रतिबंधों के बावजूद गुप्त रूप से तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन करते हैं।

## ईरान ने फिर शुरू कीं अंतर्राष्ट्रीय विमान सेवाएं

**तेहरान।** ईरान ने 28 फरवरी से बंद अपनी अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक उड़ानों को फिर से शुरू कर दिया है। यह कदम अमेरिकी हमलों के कारण लगभग दो माह तक हवाई क्षेत्र में बाधा के बाद उठाया गया है। ईरानी नागरिक उड्डयन संगठन ने शनिवार को पुष्टि की कि मदीना और इस्तांबुल सहित प्रमुख स्थलों के लिए उड़ानें शुरू हो गई हैं।

## माली में राजधानी और कई शहरों में गोलीबारी

बामाको, एजेंसी

- आतंकी समूहों ने कुछ स्थानों और बैरकों को बनाया निशाना

माली की राजधानी बामाको और अन्य शहरों में शनिवार सुबह बंदूकधारियों ने कई स्थानों पर हमले किये। अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। माली की सेना ने एक बयान में कहा कि अज्ञात सशस्त्र आतंकवादी समूहों ने राजधानी में कुछ स्थानों और बैरकों को निशाना बनाया।

सैनिक फिलहाल हमलावरों से निपटने में लगे हुए हैं। माली की राजधानी बामाको में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास शनिवार सुबह गोलीबारी की आवाज सुनी गई।बामाको में मौजूद एक पत्रकार ने सिटी सेंटर से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित मोदिबो कीता अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से लगातार गोलीबारी की आवाज सुनी, और साथ ही हवाई अड्डे के आसपास एक हेलीकॉप्टर को गश्त करते देखा। यह हवाई अड्डा माली वायुसेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले एक एयर बेस के निकट स्थित है। हवाई अड्डे के पास रहने वाले एक निवासी ने इलाके में गोलियों की आवाज सुनाई देने की जानकारी दी। उसने बताया कि आसमान में तीन हेलीकॉप्टर भी गश्त करते दिखाई दे रहे हैं। माली के अन्य शहरों के निवासियों ने भी शनिवार सुबह गोलीबारी और विस्फोटों की सूचना दी, जिससे सशस्त्र समूहों द्वारा समन्वित हमले की आशंका जताई गई। किदाल के पूर्व महापौर ने बताया कि बंदूकधारी शहर में घुस गए और कुछ इलाकों पर कब्जा कर लिया, जिसके परिणामस्वरूप सेना के साथ उनकी मुठभेड़ हुई है।

## किंग चार्ल्स तृतीय से ईरान-नाटो मुद्दे पर चर्चा करेंगे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय के अमेरिका के दौरे पर उनके साथ नाटो और ईरान के खिलाफ अमेरिकी अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने एक न्यूज एजेंसी को फ़ोन पर बताया, मैं हर चीज़ के बारे में बात करूँगा। वे मेरे दोस्त हैं, और वे बहुत अच्छे इंसान हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ब्रिटेन का डिजिटल सेवा कर भी चर्चा के विषयों में शामिल होगा। गौरतलब है कि बकिंघम पैलेस ने 31 मार्च को घोषणा की थी कि किंग चार्ल्स तृतीय और रानी कैमिला अप्रैल में अमेरिका की राजकीय यात्रा पर जाएँगे। ट्रंप ने बताया कि ब्रिटेन का शाही जोड़ा 27 से 30 अप्रैल के बीच अमेरिकी दौरे पर रहेगा। सोमवार से शुरू हो रही किंग चार्ल्स की चार-दिवसीय राजकीय यात्रा, ब्रिटेन से अमेरिका की आज़ादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर होगी।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप तेजी से निर्णय लेने की कोशिश करेंगे, लेकिन हर स्थिति में जल्दबाजी सही नहीं होगी। थोड़ा रुककर सोचना बेहतर रहेगा।

**तुला** – आज मित्रों और संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल हो सकता है।

**वृष** – आज घर और निजी जीवन से जुड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम और परिवार के बीच संतुलन बनाना जरूरी रहेगा।

**वृश्चिक** – आज काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आपको खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। धैर्य और मेहनत से सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** – आज बातचीत और संपर्क आपके लिए अवसर लेकर आएंगे। किसी से हुई चर्चा आगे चलकर लाभ दे सकती है। अपनी बात स्पष्ट तरीके से रखें।

**धनु** – आज आपका नजरिया सकारात्मक रहेगा। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है। दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है।

**कर्क** – आज धन और खर्च को लेकर सजग रहना होगा। अनावश्यक खर्च से बचें और जरूरी कामों को प्राथमिकता दें।

**मकर** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर मन अस्थिर हो सकता है। जल्दबाज़ी में निर्णय लेने से बचें।

**सिंह** – आज आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप अपने फैसलों पर टिके रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने का मन बन सकता है।


**कुंभ** – आज संबंधों और सहयोग पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। किसी के साथ मिलकर काम करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

**कन्या** – आज थोड़ा शांत रहकर काम करना बेहतर रहेगा। हर बात में प्रतिक्रिया देने से बचें। अपने काम पर ध्यान देंगे तो बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**मीन** – आज काम का दबाव बढ़ सकता है और आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही प्राथमिकता तय करेंगे तो दिन आपके पक्ष में रहेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 26 अप्रैल, रविवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, दशमी 18 .06 तक तत्पश्चात एकादशी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-मघा 08 .27 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

### सुडोकू - 130 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 3 |
| 9 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 | 9 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |

### सुडोकू -131

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | 2 |
| 9 | | 1 | | | | 8 | | |
| | | 2 | | | 1 | | | |
| | | 5 | | | 6 | | 3 | |
| | 7 | | | | 8 | | 2 | |
| | 1 | | | | | 6 | | |
| 1 | | | 6 | | | 9 | | |
| 8 | | | | | | 2 | | 6 |
| 4 | | | | | 2 | | 7 | |

## यूक्रेन के निप्रो में रूसी हमलों में चार नागरिक मारे गए

**कीव।** यूक्रेन के निप्रो शहर पर रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में कम से कम चार लोग मारे गए और 21 घायल हो गए। निप्रॉपेत्रोवस्क के क्षेत्रीय प्रमुख अलेक्ज़ेंडर गैंज़ा ने कहा कि रात भर हुए हमलों में नष्ट हुए एक घर के मलबे में चार शव मिले। उन्होंने कहा कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि रूसी हमले के बाद निप्रो के अस्पतालों में 11 लोग भर्ती हैं। वहीं, रूस के बेलगोरोद सीमावर्ती क्षेत्र में ड्रोन हमले में एक महिला की मौत हो गई।

बयान

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने विवाद में अपना नाम घसीटने पर जताई आपत्ति

# अप्रकाशित पुस्तक के लिए मेरा हवाला देना उचित नहीं था

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे ने अपने अप्रकाशित संस्मरण 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर इस साल की शुरुआत में हुए विवाद के संदर्भ में कहा है कि अनावश्यक रूप से उनका हवाला देना और पुस्तक के लिए उन्हें सुर्खियों में लाना उचित नहीं था।

जनरल नरवणे ने कहा कि वह उस विवाद से आगे बढ़ चुके हैं और तब से दो पुस्तकें लिख चुके हैं तथा तीसरी पुस्तक जल्द आने वाली है। उन्होंने हाल में अपनी पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' का विमोचन किया था। नरवणे ने कहा कि रक्षा मंत्रालय ने प्रकाशक से कहा था कि जब तक पुस्तक का निरीक्षण न हो जाए, इसे रोककर रखा जाए। जहां तक मेरा सवाल है, मामला वहीं खत्म हो गया था और मैं आगे बढ़ चुका हूं... इसलिए वह अध्याय बंद हो चुका है। मुझे लगता है कि अनावश्यक रूप से मेरा हवाला देना और अप्रकाशित पुस्तक को एवं परोक्ष रूप से मुझे भी सुर्खियों में घसीटना उचित नहीं था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इस साल फरवरी में लोकसभा में इस संस्मरण के अंशों का उल्लेख करने से रोक दिया गया था, क्योंकि यह अभी प्रकाशित नहीं हुआ है। रूपा पब्लिकेशंस द्वारा प्रकाशित नरवणे की हालिया पुस्तक 'द क्यूरियस एंड द क्लासीफाइडः अनअर्थिंग मिलिट्री मिथ्स एंड मिस्ट्रीज' में भारतीय थलसेना, नौसेना और वायु सेना से जुड़े किस्सों, कहानियों और रोचक पहलुओं का जिक्र किया गया है। नरवणे ने अपनी पुस्तक में बताया है कि सैन्य अभिवादन 'जय हिंद' को अपनाए जाने की शुरुआत कैसे हुई।



### वायुसेना ने किया सबसे पहले जयहिंद का इस्तेमाल

जनरल नरवणे ने कहा कि 'जय हिंद' का इस्तेमाल सबसे पहले भारतीय वायु सेना ने किया और बाद में थलसेना एवं नौसेना ने भी इसे अपनाया। उन्होंने कहा कि सलामी देने की मानक प्रथा मूल रूप से मौन रहना थी और विभिन्न रेजिमेंट ने 'सत श्री अकाल' या 'राम राम' जैसे अभिवादन के अपने-अपने तरीकों को जोड़ा। नरवणे ने कहा कि शुरुआत में 'जय हिंद' कहना वायु सेना ने शुरू किया था और अब हम तीनों सेनाओं में इसका पालन करते हैं। सलामी के साथ हम जय हिंद कहते हैं और व्याख्यानों में भी जय हिंद कहकर अभिवादन करते हैं।



> विकेट को देखते हुए, अगर आप अपने बॉलर्स को सपोर्ट नहीं करते हैं और इतने सारे मौके गंवाते रहते हैं, तो मुझे लगता है कि हम हारने के लायक थे। यही मेन पॉइंट है। यह एक अच्छी पिच और छोटा ग्राउंड था, इसलिए छक्के तो लगने ही थे।
>
> –अक्षर पटेल, दिल्ली के कप्तान


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, रविवार ,26 अप्रैल 2026


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस **बनाम** चेन्नई सुपर किंग्स

**समय** - दोपहर 3:30 बजे

लखनऊ सुपर जायंट्स **बनाम** कोलकाता नाइट राइडर्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान–357 रन
- केएल राहुल दिल्ली–357
- विराट कोहली बेंगलुरु –328 रन


### पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद– 14 विकेट
- प्रिंस यादव गुजरात – 13 विकेट

# रनों की बारिश में पंजाब ने रचा इतिहास

## आईपीएल-2026 : दिल्ली कैपिटल्स के 265 रनों के विशाल लक्ष्य को आसानी से किया हासिल



जीत दर्ज करने के बाद पैवेलिए लौटते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर। एजेंसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया है। पंजाब की टीम अब सिर्फ आईपीएल में ही नहीं बल्कि टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा टारगेट हासिल करने वाली टीम बन गई है। पंजाब की जीत के हीरो सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर रहे। प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंदों पर 76 रनों की धमाकेदार पारी खेल पंजाब को धमाकेदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद अय्यर ने 36 गेंदों पर नाबाद 71 रन बनाए। करुण नायर ने अय्यर के दो कैच छोड़े जो मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुए।

प्रभसिमरन ने पहले विकेट के लिए प्रियांश आर्य के साथ 42 गेंदों में 128 रन की साझेदारी कर पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। तीन गेंदों के अंदर करुण नायर से मिले दो आसान जीवनदान का फायदा उठाते हुए अय्यर ने चौथे विकेट के लिए नेहाल वढेरा (25) के साथ 31 गेंदों में 51 और पांचवें विकेट के लिए शशांक सिंह (नाबाद 19) के साथ 26 गेंदों में 64 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी।

'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रभसिमरन ने 26 गेंदों की पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए, जबकि अय्यर ने 36 गेंदों की पारी में तीन चौके और सात छक्के जड़े। राहुल ने नीतीश राणा के साथ दूसरे विकेट के लिए 96 गेंदों में 220 रन की साझेदारी कर जिससे कैपिटल्स ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। आईपीएल में अपने छठे शतक के दौरान राहुल ने 67 गेंदों की पारी में 16 चौके और नौ छक्के लगाए, जबकि राणा ने 44 गेंदों की पारी में 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। दोनों की 220 रन की साझेदारी आईपीएल की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड विराट कोहली और एबी डिविलियर्स के नाम है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की इस जोड़ी ने गुजरात लायंस के खिलाफ 2016 में दूसरे विकेट के लिए 229 रन की साझेदारी की थी। राहुल का यह स्कोर किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा आईपीएल में सबसे बड़ा, जबकि ओवरऑल तीसरा सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। उन्होंने 226 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य ने पहले ही ओवर में अजमतुल्लाह उमरजई की गेंद पर छक्का जड़कर तेवर दिखाए, वहीं प्रभसिमरन ने ओवर का अंत छक्के से किया। इस जोड़ी ने मुकेश कुमार के दूसरे ओवर से 21 और अक्षर पटेल के तीसरे ओवर से 20 रन बटोरे। तीसरे ओवर के दौरान दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के सिर और कंधे में गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें एंबुलेंस की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। प्रभसिमरन ने चौथे ओवर में तीन छक्के लगाए, जबकि आर्य ने भी इस ओवर में एक छक्का लगाकर कुल 27 रन बटोरे। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 18 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

### दिल्ली कैपिटल्स

**264/2** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पथुम निसंका का प्रभसिमरन बो अर्शदीप | 11 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 152 |
| नीतीश राणा का अय्यर बो बार्टलेट | 91 |
| डेविड मिलर नाबाद | 03 |

**अतिरिक्त** :07, **विकेट पतन** : 1-28, 2-248,
**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-49-1, बार्टलेट 4-0-69-1, यानसेन 4-0-44-0, वैशाख 3-0-48-0, चहल 4-0-42-0, स्टोइनिस 1-0-11-0


**152** रन केएल राहुल का आईपीएल में सर्वाधिक रनों का व्यक्तिगत रिकॉर्ड है, उन्होंने ऋषभ पंत के 128 रन का रिकॉर्ड तोड़ा

### पंजाब किंग्स

**265/4** (18.5 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का रिजवी बो अक्षर | 43 |
| प्रभसिमरन सिंह पगबाधा कुलदीप | 76 |
| कूपर कोनोली बो कुलदीप | 17 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 71 |
| नेहाल वढेरा का नायर बो निगम | 25 |
| शशांक सिंह नाबाद | 19 |

**अतिरिक्त** :14, **विकेट पतन** : 1-126, 2-132, 3-145, 4-201
**गेंदबाजी** : औकिब नबी 2-0-41-0, मुकेश 3-0-55-0, अक्षर 4-0-44-1, नटराजन 3.5-0-54-0, कुलदीप 4-0-46-2, निगम 2-0-24-1



शतक के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते केएल राहुल। एजेंसी

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | 0.118 |
| 6. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.790 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |



## कैच पकड़ने के प्रयास में लुंगी एंगिडी चोटिल, हालत स्थिर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी को दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच शनिवार को यहां आईपीएल मैच के दौरान गंभीर चोट लगने के बाद एंबुलेंस से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें जल्द ही छुट्टी मिल जाएगी। जीत के लिए 265 रन का पीछा कर रही पंजाब किंग्स की पारी के तीसरे ओवर में कप्तान अक्षर पटेल की गेंद पर प्रियांश आर्या के शॉट पर मिड-ऑफ पर खड़े एनगिडी कैच लेने के लिए पीछे की ओर भागे, लेकिन गेंद का सही अनुमान नहीं लगा सके और संतुलन बिगड़ने के कारण गिर पड़े। इस दौरान उनका कंधा और सिर जोर से जमीन से टकराया। मैदान पर गिरते ही एनगिडी ने तुरंत अपना सिर पकड़ लिया और कुछ समय तक जमीन पर ही स्थिर रहे। वह कुछ मिनट तक मैदान पर लेटे रहे, जिसके बाद टीम के फिजियो और डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच के दौरान उनकी गर्दन को स्थिर रखने के लिए नेक ब्रेस लगाया गया। उन्हें मेडिकल जांच के लिए तुरंत यहां पूसा रोड स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया। आईपीएल ने बताया कि 30 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने सिरदर्द और गर्दन में दर्द की शिकायत की थी।

### हाईलाइट

## कर्नाटक की कप्तानी करने से बल्लेबाजी में मिली मदद : पडिक्कल

**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि कर्नाटक क्रिकेट टीम की कप्तानी करने और कुछ रणनीतिक बदलाव के कारण उन्हें एक संपूर्ण टी20 बल्लेबाज बनने में मदद मिली। पडिक्कल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की तरफ से अर्धशतक जमाकर उसकी गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा निश्चित तौर पर मुझे लगता है कि कप्तान बनने से मुझे खेल के प्रति एक अलग दृष्टिकोण मिला है।

## ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी गुरबख्श सिंह का निधन

**चंडीगढ़।** ओलंपिक हॉकी पदक विजेता गुरबख्श सिंह ग्रेवाल का यहां जीरकपुर में शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। गुरबख्श 1968 के मैक्सिको सिटी ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। उन्होंने अपने भाई बलबीर सिंह ग्रेवाल के साथ एक ही ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। इस तरह से वे उन कुछ भाईयों की जोड़ी में शामिल हैं जो एक साथ ओलंपिक में खेले। गुरबख्श ने अपने खेल करियर के अलावा पश्चिमी रेलवे में खेल अधिकारी के रूप में काम किया, जहां उन्होंने राजस्थान की कई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें रेलवे हॉकी टीम में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## कोलकाता और लखनऊ के बीच मैच में कप्तानों की होगी परीक्षा

**लखनऊ, एजेंसी**

- दोनों कप्तान ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन





कहा जाता है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी अच्छी उसकी टीम होती है तथा ऋषभ पंत और अजिंक्य रहाणे के लिए यह कड़वी सच्चाई साबित हो रही हैं जिनकी टीम लखनऊ सुपर जाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स रविवार को यहां आईपीएल के मैच में आमने-सामने होंगी।

आईपीएल 2025 के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी केकेआर ने रहाणे को कप्तान बनाए रखकर साहसिक फैसला किया लेकिन उनकी अगुवाई में टीम इस सत्र में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। केकेआर को अपनी पहली जीत दर्ज करने में सात मैच लगे। यह जीत भी उसे सामूहिक प्रयास से नहीं बल्कि रिंकू सिंह के व्यक्तिगत प्रदर्शन की बदौलत मिली।

रहाणे ने अब तक कुछ मैच में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं जो कि इस प्रारूप में जरूरी है। उनकी उम्र लगभग 38 वर्ष है और ऐसे में उन्हें लंबी अवधि तक टी20 टीम का कप्तान बनाए रखना इस प्रारूप की मांगों के अनुरूप नहीं लगता है। कमजोर तेज गेंदबाजी आक्रमण और स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के नहीं चल पाने से भी रहाणे की मुश्किलें बढ़ी। यही नहीं टीम अभी तक सही संयोजन भी तैयार नहीं कर पाई है। रचिन रविंद्र को अभी तक एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला है जबकि उनके देश न्यूजीलैंड के फिन एलन और टिम सीफर्ट के बीच बिना किसी स्पष्टता के अदला-बदली का खेल चल रहा है। रहाणे के कप्तान के रूप में कुछ फैसले भी टीम के लिए सही नहीं रहे। पिछले कुछ मैच में वह स्वयं भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए जिससे उन पर दबाव बढ़ गया है। केकेआर भले ही इकाना स्टेडियम में कुछ हद तक लय में उतरें, लेकिन उसके अभी केवल तीन अंक हैं और उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम छह में जीत हासिल करनी होगी जो उसके प्रदर्शन को देखकर असंभव लगता है। एलएसजी का अभियान भी अब तक अच्छा नहीं रहा है।

ऋषभ पंत की अगुवाई वाली इस टीम ने केवल दो मैच जीते हैं और उस पर जल्दी बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। लगातार चार हार और कप्तान के कई फैसलों ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। पंत स्वयं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर का रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 67 रन की पारी के बाद से उन्होंने पांच पारियों में केवल 72 रन बनाए हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ तीन गेंदों पर शून्य पर आउट होना भी शामिल है।

## सीएसके व गुजरात अपनी स्थिति मजबूत करने उतरेंगे

**चेन्नई।** पिछले कुछ मैचों शानदार प्रदर्शन करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले आईपीएल के मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ लगातार दो हार का सामना करने वाली गुजरात टाइटंस की टीम अच्छा प्रदर्शन करके अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए बेताब होगी।

सीएसके ने इस सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं की थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत हासिल की है। इसमें मुंबई इंडियंस पर 103 रन की जीत भी शामिल है, जिसमें संजू सैमसन ने सत्र का अपना दूसरा शतक लगाया था। रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली सीएसके के अभी छह अंक हैं और वह प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए आगे किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए प्रतिबद्ध होगी। सीएसके अच्छी स्थिति में नजर आ रही है।

# सूर्यवंशी के आतिशी शतक से राजस्थान ने बनाए 228 रन




शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**जयपुर, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी (103 रन) के 36 गेंद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास के तीसरे सबसे तेज शतक की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ छह विकेट पर 228 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सूर्यवंशी ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में 32 रन पर मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए लीग का अपना दूसरा और इस सत्र का पहला शतक जड़ा। इस सत्र में इससे पहले वह तीन तूफानी अर्धशतक भी जड़ चुके हैं।

पंद्रह साल के इस खिलाड़ी ने एक बार फिर अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले का प्रदर्शन किया जिसमें जबरदस्त ताकत और बेहतरीन टाइमिंग का मेल देखने को मिला। यह मैच राजस्थान का इस सत्र का पहला घरेलू मैच था। सूर्यवंशी ने अपनी 37 गेंद की पारी के दौरान पांच चौके और 12 छक्के जड़े। सूर्यवंशी ने अपनी 36वीं गेंद पर साकिब हुसैन (62 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर छक्का जड़कर अपना शतक पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक अपने नाम किया। इससे आगे उनका खुद का पिछले साल बनाया गया 35 गेंद का शतक और अप्रैल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए क्रिस गेल का 30 गेंद का शतक मौजूद है।

सूर्यवंशी ने पारी की शुरुआत ही जोरदार अंदाज में की। उन्होंने पहले ओवर की आखिरी चार गेंदों पर प्रफुल हिंगे (49 रन देकर एक विकेट) को ऑन-साइड में दो छक्के और विकेट के पीछे (डाउन द विकेट) दो छक्के जड़े। इस तेज शुरुआत के बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। शानदार लय में दिख रहे सूर्यवंशी ने रन बनाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने विकेट के दोनों ओर रन बटोरे और पारी की शुरुआत में दो मजबूत साझेदारियां निभाते हुए तेज रन गति बनाए रखी।

उनकी तेज शुरुआत की बदौलत पहले विकेट के लिए महज 14 गेंदों में 40 रन जुड़ गए। इसके बाद उन्होंने दूसरे विकेट के लिए ध्रुव जुरेल (51 रन) के साथ 112 रन की साझेदारी करके टीम को और मजबूत किया। जुरेल ने भी 35 गेंद में आठ चौके और दो छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी से अहम योगदान दिया।

सूर्यवंशी की तूफानी पारी उनका शतक पूरा करने के तुरंत बाद ही खत्म हो गई। वह हुसैन की गेंद पर स्कूप शॉट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे उनके स्टंप्स के सामने उनके पैरों पर लगी जिसके बाद उन्हें पगबाधा आउट दे दिया गया। इस बीच जुरेल भी दो बार भाग्यशाली रहे। सनराइजर्स हैदराबाद खतरनाक यशस्वी जायसवाल (10) को जल्दी ही आउट करने में कामयाब रही। पांचवें ओवर में ईशान मलिंगा (38 रन देकर दो विकेट) ने सूर्यवंशी को आउट करने का मौका बनाया लेकिन टीम ने मौका गंवा दिया।

### राजस्थान रॉयल्स

**228/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का क्लासेन बो मलिंगा | 10 |
| वैभव सूर्यवंशी पगबाधा बो हुसैन | 103 |
| ध्रुव जुरेल का अनिकेत वर्मा बो नीतिश रेड्डी | 51 |
| रियान पराग बो कमिंस | 07 |
| डोनोवन फरेरा का क्लासेन बो मलिंगा | 33 |
| हेटमायर का नीतिश रेड्डी बो हिंगे | 11 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 04 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 07, **विकेट पतन** : 1-40, 2-152, 3-170, 4-191, 5-214, 6-225
गेंदबाजी : हिंगे 4-0-49-1, कमिंस 4-0-27-1, मलिंगा 4-0-38-2, हुसैन 4-0-62-1, शिवांग 2-0-31-0, नीतिश रेड्डी 2-0-20-1

### झटका

विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस पूरी नहीं कर पाएंगे खिताबी हैट्रिक

# मौजूदा चैंपियन अल्काराज चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे

**मैड्रिड, एजेंसी**



विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी नहीं कर पाएंगे क्योंकि वह दाहिनी कलाई में चोट के कारण वर्ष की इस दूसरी ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता से हट गए हैं। अल्काराज़ ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया कि वह रोम में होने वाले इटालियन ओपन में भी भाग नहीं लेंगे, जहां उन्होंने पिछले साल जीत हासिल की थी। स्पेन का यह खिलाड़ी इस महीने बार्सिलोना ओपन में अपने पहले दौर के मैच में जीत हासिल करने के दौरान चोटिल हो गए था और अगले दिन टूर्नामेंट से हट गए था।

उन्होंने इस सप्ताह के मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था। उन्होंने जब सोमवार को मैड्रिड में लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवाड्र्स समारोह में हिस्सा लिया तो उनकी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्हें इस समारोह में विश्व का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। अल्काराज़ ने कहा कि चिकित्सा परीक्षणों के बाद उन्होंने फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया।

उन्होंने कहा आज किए गए परीक्षणों के परिणामों के बाद हमने फैसला किया है कि सबसे समझदारी भरा कदम सतर्क रहना तथा रोम (इटालियन ओपन) और रोलां गैरां (फ्रेंच ओपन) में भाग नहीं लेना है। यह मेरे लिए मुश्किल समय है लेकिन मुझे विश्वास है कि मैं और मजबूत होकर वापसी करूंगा। अल्काराज़ ने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर सत्र की शानदार शुरुआत की थी। इसके साथ ही वह चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बन गए थे। उसके बाद से उन्होंने केवल एक ही खिताब जीता है।

उन्होंने फरवरी में दोहा में जीत हासिल की थी। इस महीने की शुरुआत में उन्हें मोंटे कार्लो के फाइनल में यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से सिनर फिर से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बन गए थे।

### सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज जल्द ही वापसी करेंगे



यानिक सिनर को उम्मीद है कि अल्काराज़ जल्द ही वापसी करेंगे। उन्होंने मैड्रिड ओपन में पहले दौर की जीत के बाद कहा टेनिस को कार्लोस की जरूरत है। उनके होने से टेनिस का खेल और भी बेहतर हो जाता है। मुझे उम्मीद है कि वह जल्द वापसी करेंगे। मुझे लगता है कि उनका अगला लक्ष्य विंबलडन (जून में) है, और मैं यही उम्मीद करता हूं। इसलिए मुझे उम्मीद है कि वह विंबलडन में वापसी करेंगे। इटालियन ओपन पांच मई से और फ्रेंच ओपन 18 मई से शुरू होगा।